विशुद्ध रणनीतिक दृष्टिकोण से देखा जाये, तो ईरानी शासन कई रणनीतियों पर काम कर रहा है. अमेरिकी हस्तक्षेप की सैन्य, आर्थिक और राजनीतिक लागत को तेजी से बढ़ाना, द्विपक्षीय संघर्ष को क्षेत्रीय संघर्ष में बदलना, और होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करना, जिससे तेल और गैस की कीमतें बढ़ेंगी और अमेरिकी दुस्साहस के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय समुदाय एकजुट होगा. फिलहाल, ईरान की रणनीति सफल होती दिख रही है. पश्चिम एशिया में ईरान के हमलों ने अमेरिकी सैन्य ढांचे को व्यापक रूप से नुकसान पहुंचाया है, लगभग एक दर्जन अमेरिकी सैनिक शहीद हुए हैं और अमेरिका को राजनीतिक और सैन्य रूप से भारी नुकसान उठाना पड़ा है. अपनी विशाल सैन्य क्षमता के बल पर अमेरिका ने ईरान की सेना और उसके बुनियादी ढांचे के एक बड़े हिस्से को नष्ट कर दिया है, लेकिन वह शासन को पूरी तरह से खत्म करने के करीब भी नहीं है. ईरान काफी समय से इस युद्ध की तैयारी कर रहा था. इस हमले की आशंका में ईरान ने अपने ड्रोन और मिसाइल लॉन्चरों का एक बड़ा हिस्सा छिपा रखा है. उसने एक विकेंद्रीकृत रणनीति अपनायी है और उसके सैन्य संसाधन बिखरे हुए हैं. इसलिए, अमेरिका और इस्राइल के लिए लक्ष्यों का पता लगाना और उन्हें नष्ट करना आसान नहीं है. दूसरा, ईरान ने जानबूझकर दहशत फैलाने और अमेरिकी सैन्य संसाधनों को अत्यधिक दबाव में डालने के प्रयास में पूरे क्षेत्र को संघर्ष में घसीट लिया है. पश्चिम एशिया के लोगों का मानना है कि यह युद्ध इस्राइल द्वारा उन पर थोपा गया है और उन्हें डर है कि अमेरिका अपनी मिसाइल प्रणालियों के माध्यम से उनकी रक्षा करने में असमर्थ है. वे अपने देशों पर ईरानी हमलों का कड़ा विरोध करते हैं, लेकिन उन्हें यह भी डर है कि ईरानी शासन के पतन से उनकी सुरक्षा में कोई सुधार नहीं होगा, क्योंकि इस्राइल इस क्षेत्र में एकमात्र तानाशाह के रूप में उभरेगा.

इस क्षेत्र में संघर्ष कुछ समय तक जारी रहने की संभावना है. यह एक सच्चाई है कि अमेरिका बातचीत के जरिये या झूठी जीत की घोषणा करके इस संघर्ष से बाहर निकलना चाहता है. अमेरिका में युद्ध विरोधी भावना बढ़ रही है. लेकिन इस स्तर पर युद्ध से बाहर निकलना अमेरिका के लिए एक बड़ी आपदा साबित होगी, क्योंकि इससे उसके सहयोगी देशों का उस पर से भरोसा उठ जायेगा. यदि युद्ध लंबा खिंचता है, तो आर्थिक और भू-राजनीतिक संकट न केवल इस क्षेत्र के लिए, बल्कि वैश्विक समुदाय के लिए भी बहुत गंभीर हो सकता है. ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गयी है और गैस एवं उर्वरक की कीमतें भी बहुत बढ़ गयी हैं. मुद्रास्फीति के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी आयेगी. इस युद्ध ने एक बहुत गलत संदेश भी दिया है. शक्तिशाली देश अपनी मनमानी करेंगे और कमजोरों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा. जहां तक भारत की बात है, तो नरेंद्र मोदी सरकार के लिए सबसे महत्वपूर्ण चुनौती अपने प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा और तेल, गैस एवं उर्वरक की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करना है. इसके अलावा, चूंकि ईरान ब्रिक्स का सदस्य है और भारत इस वर्ष शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है, इसलिए नयी दिल्ली को दो काम करने चाहिए. ब्रिक्स सदस्यों के साथ मिलकर अमेरिका पर युद्ध रोकने का दबाव बनाने के लिए ठोस कदम उठाना और तेल तथा गैस की सुरक्षित आपूर्ति के लिए ब्रिक्स के भीतर तंत्र विकसित करना. ये दोनों ही संभव हैं और इससे वैश्विक स्तर पर भारत की स्थिति मजबूत होगी.

(ये लेखक के निजी विचार हैं.)

# मासिक धर्म अवकाश पर सुप्रीम कोर्ट का तर्क सही



कमलेश जैन
वरिष्ठ वकील,सुप्रीम कोर्ट
delhi@prabhatkhabar.in

**मासिक धर्म अवकाश की आवश्यकता केवल असाधारण स्वास्थ्य स्थितियों में होती है, जिसे संवेदनशील नियोक्ता पहले से ही समझते हैं और ऐसी परिस्थिति में अवकाश देने से गुरेज नहीं करते. एक कामकाजी महिला के रूप में मैं यह जानती हूं कि इस जैविक सत्य के साथ पेशेवर प्रतिबद्धता बनाये रखना पूरी तरह संभव है.**

भारतीय कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी और उनके स्वास्थ्य अधिकारों को लेकर 'मासिक धर्म अवकाश' का मुद्दा एक बार फिर चर्चा के केंद्र में है. यह विषय जितना मानवीय और जैविक है, उतना ही कानूनी और पेशेवर जटिलताओं से भरा हुआ भी. सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इस मुद्दे पर दाखिल याचिका पर सुनवाई से इनकार करने और न्यायाधीशों की टिप्पणियों ने एक महत्वपूर्ण सवाल खड़ा किया है कि मासिक धर्म के दौरान अनिवार्य अवकाश की मांग महिलाओं के सशक्तिकरण का साधन है या यह अनजाने में उनके पेशेवर विकास के लिए एक अदृश्य दीवार खड़ी कर देगा.

मासिक धर्म में अवकाश देना स्त्रियों की नौकरी में अवरोध पैदा करता है, ऐसा मानना है सर्वोच्च न्यायालय का. प्रतिमाह उन मुश्किल दिनों के दौरान महिलाओं को अवकाश दिये जाने का सवाल यदा-कदा न्यायालय तथा नौकरी देने वालों को चुनौती देता रहता है. सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत एवं न्यायाधीश जॉयमाल्या बागची ने हाल ही में इस मामले पर चिंता जताते हुए कहा कि यह प्रश्न अंततः नियोक्ताओं के ऊपर ही छोड़ देना चाहिए. हम इस पर कितना समय बर्बाद करें. अधिवक्ता शैलेंद्र मणि त्रिपाठी ने तीसरी बार इस विषय पर याचिका दायर कर सुप्रीम कोर्ट से इस समस्या का निवारण चाहा था. उन्होंने पहले भी न्यायालय आने का कष्ट किया था. पहले मुकदमे का निस्तारण फरवरी, 2003 में हुआ था. वर्ष 2004 में याचिकाकर्ता ने यह कहते हुए फिर से सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया था कि सर्वोच्च न्यायालय ने पहली बार सरकार को उचित निर्णय लेने को कहा था, पर सरकार ने ऐसा कुछ नहीं किया. तब सर्वोच्च न्यायालय ने आदेश दिया था कि सरकार इस समस्या पर कोई पॉलिसी डिसीजन ले. इसी 13 मार्च को इस मामले को लेकर चीफ जस्टिस ने याचिकाकर्ता से कहा कि आप एक सही (बोनाफाइड) याचिकाकर्ता नहीं हैं. सिर्फ युवा लड़कियों पर इंप्रेशन जमाना चाहते हैं कि वे लड़कों के बराबर नहीं हैं और आप इस समय में उनके साथ काम करना पसंद नहीं करते हैं. यदि मासिक धर्म अवकाश को कानूनी रूप से लागू कर दिया जाता है, यानी महीने में पांच दिन संस्थानों को अपनी महिला कर्मचारियों को निर्णायक रूप से अवकाश देना ही होगा, तो कौन-सा नियोक्ता उन्हें काम पर रखना चाहेगा. वह क्यों उन छुट्टियों की तनख्वाह देना चाहेगा या काम का हर्ज कराना चाहेगा, जबकि वह उस समय का पूरा पैसा देगा. क्यों नहीं वह लड़कियों को छोड़ लड़कों से काम लेना पसंद करेगा. तो जो अधिकार सुरक्षा के लिए मांगा जा रहा है, वही भविष्य में महिलाओं के रोजगार की राह में अदृश्य दीवार खड़ी कर सकता है.

याचिकाकर्ता के सीनियर वकील एमआर शमशाद ने कहा कि बिहार देश का पहला राज्य बना, जिसने 1992 में महिलाओं के लिए दो दिनों के आकस्मिक अवकाश की घोषणा की थी. यह नीति आज भी लागू है. वहीं कर्नाटक और ओडिशा जैसे राज्य भी इन विशेष दिनों में लड़कियों को छुट्टी देते हैं, जबकि केरल यह छुट्टी केवल स्कूली छात्राओं को देता है. इसके अतिरिक्त, कई निजी संस्थान भी स्वेच्छा से ऐसी नीतियां अपना रहे हैं. इस पर प्रधान न्यायाधीश ने एक गहरी चिंता व्यक्त की और स्पष्ट किया कि यदि कोई संस्था स्वयं ऐसा करती है, तो यह सराहनीय है, लेकिन यदि इसे कानूनी अनिवार्यता बनाने की बात उठेगी, तो आप नहीं जानते कि लड़कियों के करियर में कितनी बड़ी हानि पहुंच सकती है. ऐसा कानून बनने पर नियोक्ताओं में भेदभाव की भावना बढ़ेगी, जिससे महिलाओं के पेशेवर विकास में बाधा आयेगी. इस तरह का अवकाश तो न्यायिक नौकरी में भी संभव नहीं है. ट्रायल या लंबे केस, जिनकी बहस लंबी होती है, वे महिलाओं को दिये ही नहीं जा सकेंगे. हर महीने दो दिन भी आवश्यक छुट्टी देना नौकरी की शर्तों की बुरी तरह अवहेलना करता है. अदालत दो बार सरकार से इस बारे में अनुरोध कर चुकी है, पर सरकार इस विषय पर निर्णय लेने में संकोच कर रही है. अदालत ने स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ता खुद ही कई बार यह बात सरकार की सूचना में ला चुके हैं. सरकार चाहे, तो 24 फरवरी, 2023 एवं आठ जुलाई, 2024 के सुझावों पर ध्यान दे सकती है.

व्यक्तिगत अनुभव के आधार पर मेरा भी यही मानना है कि मासिक धर्म अवकाश की आवश्यकता केवल असाधारण स्वास्थ्य स्थितियों में होती है, जिसे संवेदनशील नियोक्ता पहले से ही समझते हैं और ऐसी परिस्थिति में अवकाश देने से गुरेज नहीं करते. एक कामकाजी महिला के रूप में मैं यह जानती हूं कि इस जैविक सत्य के साथ पेशेवर प्रतिबद्धता बनाये रखना पूरी तरह संभव है. सर्वोच्च न्यायालय का यह तर्क सटीक है कि इसे कानूनी अनिवार्यता बनाने से अनजाने में महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर सीमित हो सकते हैं और उनके करियर में बाधाएं उत्पन्न हो सकती हैं. 'मासिक धर्म अवकाश' के प्रश्न का समाधान कानून की कठोरता में नहीं, बल्कि कार्यस्थल की संवेदनशीलता में निहित है. आवश्यकता केवल एक ऐसा वातावरण तैयार करने की है, जहां असाधारण परिस्थितियों में सहजता मिले, न कि अधिकारों के नाम पर महिलाओं की प्रगति की राह में भेदभाव का कोई नया आधार तैयार हो.

(ये लेखिका के निजी विचार हैं.)

## देश दुनिया

## जटिल वैश्विक परिस्थितियों में भी विकास पथ पर अग्रसर है चीन की अर्थव्यवस्था

वर्तमान में, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां लगातार जटिल होती जा रही हैं, फिर भी चीन की अर्थव्यवस्था उच्च गुणवत्ता वाले विकास पथ पर निरंतर अग्रसर हो रही है. कुछ पश्चिमी मीडिया संस्थानों ने गलतफहमी या पूर्वाग्रह के कारण चीन के आर्थिक विकास पर बार-बार प्रश्न खड़े किये हैं या उसे तोड़-मरोड़ कर पेश किया है. हाल ही में, एक बार फिर पश्चिम ने चीन की अर्थव्यवस्था को निर्यात निर्धारणवाद (निर्यात आधारित) के नजरिये से देखा है. उसका तर्क है कि अमेरिकी टैरिफ नीतियों से उत्पन्न अनिश्चितताएं और मध्य-पूर्व संघर्षों के वैश्विक प्रभावों से चीन के निर्यात पर सीधा असर पड़ेगा. इसी को आधार बनाकर उसने अनुमान लगाया है कि कमजोर होते निर्यात इंजन के कारण चीन की अर्थव्यवस्था में तेजी से गिरावट आयेगी. चीन की अर्थव्यवस्था को तथाकथित निर्यात आधारित मानने का दृष्टिकोण मुख्य रूप से चीन को कम लागत वाले उत्पादक के रूप में देखने की पुरानी धारणा से उपजा है. आर्थिक विकास को गति देने वाले तीन प्रमुख कारकों में से एक के रूप में, विदेशी व्यापार ने वास्तव में अर्थव्यवस्था को स्थिर करने, रोजगार बढ़ाने और अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है. हालांकि, चीन की अर्थव्यवस्था में परिवर्तन और सुधार होते जाने के साथ, घरेलू मांग विकास का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बन गयी है. चीन के निर्यात और उसकी समग्र अर्थव्यवस्था के बीच परस्पर सुदृढ़ीकरण का संबंध है, न कि यह केवल निर्यात आधारित विकास का मामला है. गुणवत्ता में सुधार, विशाल घरेलू बाजार, एक पूर्ण औद्योगिक प्रणाली और विविध व्यापारिक व्यवस्थाओं के कारण चीन का विदेशी व्यापार बाहरी दबावों को बार-बार पार करते हुए स्थिर वृद्धि बनाये रखने में सफल रहा है. चीन की अर्थव्यवस्था का आकलन करने के लिए केवल बंदरगाहों और ऑर्डरों को ही नहीं, शॉपिंग मॉल, उपभोग, निवेश व रोजगार को भी देखना आवश्यक है. केवल विदेशी व्यापार के पैमाने को ही नहीं, नवाचार, औद्योगिक सुधार और संस्थागत आपूर्ति को भी ध्यान में रखना चाहिए.

GLOBAL TIMES

## बोधि वृक्ष

# अध्यात्म का गणित

गणित के एक सूत्र, जिसमें हमें महारत हासिल करने की जरूरत है, जो हमें स्कूल में गणित की कक्षा में नहीं पढ़ाया जाता. स्कूल में हम सीखते हैं कि एक जोड़ एक दो होता है. पर अध्यात्म में हम सीखते हैं कि एक जोड़ एक बराबर एक होता है. यानी हमारी आत्मा जब परमात्मा से मिलती है, तो वह दो नहीं एक हो जाती है. प्रभु के साथ इस एकता का अनुभव करना तभी संभव है जब हम यह महसूस करते हैं कि हम सब एक ही हैं. इस दिव्य अनुभव को हम केवल ध्यान-अभ्यास के द्वारा ही प्राप्त कर सकते हैं. नहीं तो सारी उम्र हम यही सोचते रहते हैं कि हम और परमात्मा अलग-अलग हैं. हमारा यही द्वैत हमें परमात्मा से मिलने से रोकता है. हमारा अहंकार हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि हम परमात्मा से ही नहीं, बल्कि दूसरों से भी अलग हैं. जब हम अपना अहंकार खो देते हैं, तभी हम आध्यात्मिक रूप से तरक्की करते हैं और उतना ही अधिक हम स्वयं को परमात्मा के नजदीक पाते हैं. जैसे-जैसे हमारा अहंकार कम होता जाता है, वैसे-वैसे हमें यह अनुभव होना शुरू हो जाता है कि हम सब एक हैं. ध्यान-अभ्यास हमें सभी जीवों को एक समान देखने में मदद करता है. जब हम इस आध्यात्मिक चेतना से जुड़ते हैं, तब हमारे अंदर एक बहुत बड़ा बदलाव आता है. हम दूसरों के साथ प्रेम और सम्मान के साथ व्यवहार करना शुरू कर देते हैं.



हमारा अहंकार कम हो जाता है और हम महसूस करते हैं कि आत्मा के स्तर पर हम सभी एक समान हैं. हम दूसरों के साथ वैसा ही व्यवहार करते हैं जैसा हम चाहते हैं कि लोग हमारे साथ करें. जब हम अपना द्वैत खो देते हैं, तो हम परमात्मा के साथ एक हो जाते हैं. हम अनुभव करते हैं कि केवल एक ही परमात्मा है, जो कई हिस्सों में विभाजित है. आइए! हम प्रतिदिन ध्यान-अभ्यास में समय व्यतीत करें, क्योंकि इससे न केवल हमारा आध्यात्मिक विकास होगा, बल्कि पूरे विश्व में शांति का प्रसार होगा. यदि प्रत्येक व्यक्ति इस अनुभूति को प्राप्त कर ले कि एक जोड़ एक बराबर एक होता है, तो दुनिया शांति और प्रेम का स्थल बन जायेगी.

**-संत राजिंदर सिंह जी महाराज**

## कुछ अलग

# पढ़े-लिखे बेरोजगार दुखीलाल का दुख

राकेश सोहम्
व्यंग्यकार
sohamsahitya@gmail.com



गैस की किल्लत और बढ़े हुए दाम का समाचार उधर स्वर्ग पहुंचा और इधर दुखीलाल ने तुरंत जान देने का निर्णय ले लिया. इस बात का पता चलते ही यमराज ने फौरन अपने दो यमदूतों को मृत्युलोक रवाना कर दिया. वे दुखीलाल के मोहल्ले पहुंचे. वहां गैस सिलेंडर को लेकर अफरा-तफरी का माहौल था. इससे वे डर गये. फिर उन्हें याद आया कि वे तो अदृश्य हैं. कोई उन्हें देख नहीं सकता. वे एक झोपड़ी के अंदर पहुंचे. वहां पर एक कृषकाय व्यक्ति गैस सिलेंडर पर खड़ा होकर, झोपड़ी की छप्पर में रस्सी बांध रहा था. वे फौरन प्रकट हुए और बोले, 'दुखीलाल... हम दोनों आपकी सहायता करने आये हैं.' दुखीलाल उन्हें देखकर घबरा गया. यमदूत पास पड़े आटा और दाल के खाली कनस्तरों पर बैठ गये. उनमें से एक यमदूत बोला, 'हम यमलोक से पधारे यमदूत हैं. जान देने में आपकी मदद करेंगे. पहले आप अपनी जान देने का कारण सविस्तार बताइए.'

दुखीलाल एक आम आदमी था. रोजी-रोटी के लिए रोज ही नरक भोग रहा था. ओहदों पर बैठे जिम्मेदार व्यक्ति उसे यमदूत की तरह दिखाई देते थे. आज साक्षात यमदूतों को देखकर वह हंसा और फिर छप्पर में रस्सी की गठान को मजबूत करते हुए गोलमोल बातें करने लगा. 'प्रकृति में पदार्थ सामान्यतः तीन रूप में पाया जाता है- ठोस, द्रव और गैस. बचपन 'द्रव' की तरह तरल होता है. मनुष्य जवानी के साथ 'ठोस' होता जाता है. उम्र के साथ गूढ़ बातें दिमाग में 'गैस' की तरह घूमने लगती हैं. इससे पेट में गुड़गुड़ होने लगती है. गैस पेट की हो या सिलेंडर की, बहुत पीड़ादायक होती है.' वह पेट पकड़कर बैठ गया. यमदूत ने दुखीलाल की बातों को सुन नाक सिकोड़ी, 'तुम तो पढ़े-लिखे जान पड़ते हो. किसी डॉक्टर को दिखा लेते.' दुखीलाल की आंखों में आंसू आ गये, बोला, 'हां, मैं पढ़ा-लिखा बेरोजगार हूं. डॉक्टर सुखीलाल की क्लीनिक पर गया था. उसने मेरी नब्ज दबायी और मुझसे दोगुनी फीस वसूल ली. डॉक्टर बोला कि घरेलू गैस महंगी होने से खाने-पीने की चीजें महंगी हो गयी हैं. सारी भरपाई मुझसे कर ली. बहुत तनाव है भाई.'

'बेरोजगारी में गीला आटा', एक यमदूत ने मुस्कुराते हुए कहा. दूसरे ने उक्ति में संशोधन किया, 'गरीबी में गीला आटा मूर्ख.' फिर दोनों हंसने लगे. उनकी उपहासिक हंसी देखकर दुखीलाल और भी दुखी हो गया. बोला, 'तुम दोनों ही बताओ, हम अपने परिवार का पेट कैसे पालें?' इतना कह वह जोर-जोर से रोने लगा. जब उसे कोई रास्ता न सूझा तो वह उठा और झूलती रस्सी को ही अपने गले में डालने लगा. धरती पर गरीब की यह पीड़ा देख यमदूत भी दुखी हो गये. प्राण हरने वाले यमदूत के मुंह से बस यही निकला, हाय रे! गरीब की जिंदगी.

## आपके पत्र

### सत्ता के केंद्रीकरण से लोकतंत्र को क्षति

भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था कई चुनौतियों का सामना कर रही है. सत्ता का केंद्रीकरण बढ़ता जा रहा है और संघवाद का दायरा भी सिमटता प्रतीत हो रहा है. महंगाई, बेरोजगारी, स्वास्थ्य और सामाजिक भ्रातृत्व जैसे वास्तविक जनहित के मुद्दों से ध्यान हटाकर धार्मिक भावनाओं को उभार कर समर्थन जुटाने की प्रवृत्ति राजनीति में बढ़ती जा रही है. पक्ष और विपक्ष लोकतंत्र की मूल भावनाओं से अधिक अपने दल के हित में संसाधनों को जुटाने में लगे रहते हैं, जिससे लोकतांत्रिक मूल्यों पर दबाव बढ़ता जा रहा है.

**अभिनव कुमार, बेगूसराय**

### बढ़ी महंगाई के बीच आस्था अडिग

वर्तमान में विभिन्न धर्मों में आस्था का जनसैलाब दिखायी दे रहा है. मुस्लिम समाज में रमजान की साधना और आने वाले चैत्र नवरात्रि की तैयारी लोगों को धर्म और परंपरा से जोड़ती है. इन अवसरों पर उपवास रखकर फलाहार किया जाता है, लेकिन फलों की बढ़ती कीमतों से लोगों की आस्था नहीं, बल्कि उनकी अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है. आस्था पवित्रता और नैतिकता का प्रतीक है, इसलिए लोग सीमित संसाधनों में भी इसे निभा रहे हैं. ऐसे में सामाजिक संगठनों को फल व जरूरी चीजों की व्यवस्था होनी चाहिए.

**तारामुनी देवी, वैशाली**

पोस्ट करें : प्रभात खबर, प्लॉट संख्या डी-9-10, पाटलिपुत्र इंडस्ट्रियल एरिया, पटना (बिहार) - 800013 ■ मेल करें : patna @prabhatkhabar.in पर ■ ई-मेल संक्षिप्त व हिंदी में हो. लिपि रोमन भी हो सकती है.

महानता इन्सान होने में नहीं, बल्कि मानवीय होने में है।
-महात्मा गांधी

**एक ओर पश्चिम एशिया संघर्ष की आग में जल रहा है, तो दूसरी तरफ पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है, जिसके भारत सहित पूरे दक्षिण एशिया के लिए गंभीर निहितार्थ हो सकते हैं। यह जरूरी है कि क्षेत्रीय शक्तियां संयम व संवाद से काम लें, ताकि युद्ध के नए मोर्चे न खुलें।**

# पड़ोस में अस्थिरता

बीते सोमवार की रात को अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक नशा मुक्ति उपचार केंद्र पर हुए पाकिस्तानी हमले, जिसमें 400 से अधिक लोगों के मरने और करीब ढाई सौ लोगों के घायल होने की खबर है, दोनों देशों के रिश्तों में गहराते तनाव को तो दर्शाते ही हैं, यह कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानूनों का भी घोर उल्लंघन है। एक ओर तो कहा जा रहा है कि ईरान पर हुए अमेरिकी-इस्राइली हमले ने इस्लाम के अंदरूनी मतभेदों को पीछे कर दिया है, लेकिन दूसरी ओर रमजान के पवित्र महीने में एक मुस्लिम राष्ट्र का दूसरे मुस्लिम राष्ट्र पर हमला पाकिस्तान व अफगानिस्तान के रिश्तों में मौजूद अंतर्विरोध को ही दर्शाता है। दरअसल, जिस तालिबान को पाकिस्तान ने पाला-पोसा, उसी का एक गुट तहरीक-ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) चाहता है कि पाकिस्तानी हुकूमत शरीयत के अनुसार चले और इसलिए वह पाकिस्तान में विभिन्न ठिकानों पर हमले करता रहता है। पाकिस्तान का आरोप है कि काबुल में तालिबानी शासन टीटीपी को संरक्षण देता है, जबकि तालिबान इससे इन्कार करता है। यह पाकिस्तान के लिए अपने गिरेबान में झांकने का भी अवसर है कि आतंकी संगठनों की मदद करने और आश्रय देने का अंजाम क्या होता है। हालांकि, अस्पताल पर हमला किसी भी सूरत में जायज नहीं ठहराया जा सकता। जिनेवा कन्वेंशन और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून स्पष्ट रूप से कहते हैं कि अस्पताल, स्कूल और नागरिक सुविधाएं युद्ध में भी सुरक्षित रहनी चाहिए। जाहिर है, इस क्षेत्र में बढ़ती अस्थिरता भारत के लिए भी सुरक्षा जोखिम को बढ़ाने वाली है। भारत ने काबुल में पाकिस्तान की ओर से अस्पताल पर हुए हमले की निंदा करते हुए उसे उचित ही 'कायरतापूर्ण' और 'जनसंहार' बताया है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि यह 'अफगानिस्तान की संप्रभुता पर सीधा हमला' है, पर 'पाकिस्तान अब इस जनसंहार को सैन्य अभियान के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहा है।' भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इसके लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराने की अपील भी की है।



अंतरराष्ट्रीय समुदाय, खासकर संयुक्त राष्ट्र को इस पर सख्त कदम उठाना चाहिए, क्योंकि इन हमलों से अफगानिस्तान में मानवीय संकट पैदा हो सकता है, जिससे वहां की स्थिति और भी अधिक जटिल हो सकती है। एक तरफ, जब पश्चिम एशिया संघर्ष की आग में जल रहा है, तब अफगानिस्तान के साथ संघर्ष ने पाकिस्तान को एक बेहद नाजुक रणनीतिक स्थिति में तो खड़ा किया ही है, इससे पूरे दक्षिण एशिया में अस्थिरता फैलने की आशंका भी पैदा हो गई है। अमेरिका-इस्राइल और ईरान युद्ध फिलहाल खत्म होता नहीं दिख रहा है, ऐसे में जरूरी है कि क्षेत्रीय शक्तियां संयम और संवाद का रास्ता अपनाएं, ताकि युद्ध के नए मोर्चे न खुलें।

# बुरा टैम, अंकल सैम

**अमेरिका को इस तरह फंसा देख बहुत-से लोगों को मजा भी आ रहा है कि अब आया ऊंट पहाड़ के नीचे, पर बहुत-से परेशान भी हैं कि जब अठारह दिन में ही दुनिया में तेल और गैस का संकट हो गया, तो आगे क्या न होगा? आखिर भारी नुकसान उठाने के बाद भी ईरान पलटवार कैसे कर रहा है?**

कहां तो चले थे 'मागा' बनाने, यानी 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' और कहां अब वह 'होर्मुज स्ट्रेट' में रास्ता 'मांग' रहे हैं। कल तक सर जी दुनिया के सबसे बड़े 'मारते खां' थे, अब 'भागते खां' नजर आते हैं और भारी बर्बादी के बाद भी ईरान है कि ताल ठोक रहा है कि आजा लड़ ले...हम आखिरी दम तक लड़ेंगे... सच! अंकल सैम, जितना मुंह था, उससे बड़ा कौर खाएगा। अब न खाए बन रहा है, न उगलते। भई गति सांप छछुंदर केरी! अंकल सैम बुरे फंसे।

अमेरिका को इस तरह फंसा देख बहुत-से लोगों को मजा भी आ रहा है कि अब आया ऊंट पहाड़ के नीचे, पर बहुत-से परेशान भी हैं कि जब अठारह दिन में ही दुनिया में तेल और गैस का संकट हो गया, तो आगे क्या न होगा? अपने बड़बोले जी कल तक हांक रहे थे कि मैंने आठ युद्ध रोके हैं, वही अब इस्राइल के साथ ईरान पर थोपे युद्ध को खत्म नहीं कर पा रहे हैं।



**सुधीश पचौरी**
*वरिष्ठ साहित्यकार*

अंकल सैम में हमें कई बार 'हॉलीवुड' के 'सुपरमैन', 'स्पाइडरमैन', 'हीमैन', 'डर्टी हैरी', 'रैंबो' और 'कैप्टन अमेरिका' तथा 'बैटमैन' के 'जोकर' व 'मोगेंबो' का 'मिक्स' नजर आता है, जिसने दुनिया को हॉलीवुड का 'सेट' समझ लिया है, जहां से वह दुनिया को बचाने के बहाने अपनी 'गनबोट डिप्लोमेसी' के जरिये उस पर 'टोटल कंट्रोल' कर सकता है। कुछ वक्त पहले, जो जिस-तिस को धमकाते फिरते थे कि मेरी नहीं मानी, तो टैरिफ लगाकर बर्बाद कर दूंगा, आज दुनिया के देश इस हेकड़ी पर मन ही मन हंसते हुए मौके के इंतजार में हैं कि कब 'हंप्टी-डंप्टी' जी नीचे गिरें। अपनी दुनिया दुर्भाग्य से आज ऐसे कथित महाबली के सामने है, जो गब्बर की तरह एक दिन धमकाता है कि खबरदार जो रूस से तेल खरीदा और अगले दिन कहने लगता है कि रूस से खरीद सकते हो, जैसे उसके कहे बिना कोई पानी नहीं पिएगा।

अंकल सैम इसी मायने में लोगों को डरावने से अधिक मनोरंजक लगते हैं-कभी जेलेंस्की को बगल में बिठा कर ऐसे डांटते दिखते हैं, मानो



वह बच्चा हो... ऐसे ही कभी पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को भरी सभा में तीन बार 'उठक-बैठक' करा देते हैं और वे किसी बालक की तरह ऐसा करते दिखते भी हैं। पर जब से भारी नुकसान उठाने के बाद ईरान ने पलटवार शुरू किया है, तब से अमेरिकी दुर्जेयता की सारी धज बिखर गई है और अब तो 'नाटो' देशों से गुहार करते दिखते हैं कि 'होर्मुज स्ट्रेट' के लिए अपने-अपने जहाज भेजो... लेकिन 'नाटो' वाले सीधे 'नो' कहकर इस युद्ध से अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। साफ है, अब दुनिया में अमेरिका की 'रिट' चलनी बंद हो रही है। कहां तो आए थे ईरान की 'सत्ता बदलने' व उसकी 'न्यूक्लियरबाजी' को 'नष्ट' करने, पर शीर्ष इस्लामी नेतृत्व के खात्मे के बाद भी न अंकल सैम ईरान की इस्लामी सत्ता को बदल पाए, न 'न्यूक्लियरबाजी' को ही नष्ट कर पाए।

पहले आदरणीय गाते रहे कि 'मैं चाहे ये करूं, मैं चाहे वो करूं.. मेरी मर्जी...', कि हम दुनिया के तेल के मालिक बनेंगे...सो एक दिन वेनेजुएला के 'मादुरो' को उठा लिए और वेनेजुएला के तेल पर कब्जा कर लिए, फिर इस्राइल के साथ मिलकर सोचा कि ईरान को भी 'वेनेजुएला' बना देंगे, पर ईरान ने वेनेजुएला बनने से इन्कार कर दिया और खाड़ी में अमेरिका के मित्र देशों पर प्रत्याक्रमण करके बता दिया कि युद्ध भले तुमने शुरू किया हो, खत्म हम करेंगे... बुरा टैम, अंकल सैम! अपने अहंकार में अंकल सैम 'सैमुअल हंटिंगटन' की द *क्लैश ऑफ सिविलाइजेशंस* की सीख को ही भूल गए कि शीतयुद्ध के बाद का यह दौर 'धार्मिक, सांस्कृतिक व सभ्यतामूलक संघर्षों' के युद्ध का दौर है।

देखा जाए तो, ईरान इन दिनों एक धार्मिक-सांस्कृतिक-सभ्यतामूलक युद्ध ही लड़ रहा है। हो सकता है, अमेरिका के लिए यह प्रकटतः 'आर्थिक-राजनीतिक व सामरिक' युद्ध हो, लेकिन ईरान के लिए यह एक 'धार्मिक सभ्यतामूलक युद्ध' ही है। सैमुअल हंटिंगटन की उक्त पुस्तक आज की 'बहुध्रुवीय दुनिया' के देशों के बीच बढ़ते नए तनावों और विवादों को समझने-समझाने में काफी हद तक मददगार नजर आती है। हंटिंगटन का कहना है कि शीतयुद्ध के बाद के दौर में देशों, राज्यों या राष्ट्रों के बीच झगड़ों की अपेक्षा जनता के बीच सांस्कृतिक व सभ्यतामूलक झगड़े हुआ करेंगे...संसार में सात-आठ 'धार्मिक व सांस्कृतिक सभ्यताएं' हैं, जिनके बीच की 'फॉल्ट लाइनें' उनके 'संबंधों' को तय करती हैं। हंटिंगटन का यह भी कहना है कि पश्चिम को अब दुनिया के देशों को आधुनिक व जनतांत्रिक बनाने के लिए अपनी 'दादागीरी' करने की आदत छोड़ देनी चाहिए, क्योंकि अब जो भी तनाव या संघर्ष होंगे, वे सांस्कृतिक सभ्यतागत पहचानों के बीच 'कॉम्पिटिशन' के परिणाम होंगे। इसीलिए, जैसे ही ईरान पर हमला हुआ, बहुत-से देशों में रहने वाली इस्लामी जनता ने ईरान पर हमले को 'पश्चिमी क्रूसेड', यानी 'पश्चिम के धार्मिक युद्ध' की तरह देखना शुरू कर दिया और जवाब में 'जिहाद' की भावना का इजहार करना भी शुरू कर दिया है।

बहुत-से कट्टरतावादियों व धार्मिक तत्ववादियों की नजर में अमेरिका और उसकी संस्कृति 'शैतान' का प्रतीक है। अमेरिका के 'ट्विन टावरों' को ध्वस्त करने के पीछे यही अवधारणा थी। आज भी बहुत-से धार्मिक तत्ववादी अमेरिका को 'इस्लामोफोबिस्ट' मानते हैं। इसलिए, यह लड़ाई अमेरिका के लिए प्रकटतः भले 'आर्थिक-राजनीतिक-सामरिक' हो, लेकिन ईरान के लिए 'धार्मिक, सांस्कृतिक व सभ्यतामूलक' ही है। इसीलिए, जिस युद्ध को अमेरिका चार-पांच दिन में खत्म हुआ मानता था, वह अभी तक चल रहा है। जब दुनिया इतने से ही त्राहि-त्राहि करने लगी है, तो आगे संकट और बढ़ना है। इसीलिए, ईरान बिना कहे अमेरिका के मित्रों की बांह मरोड़कर दुनिया पर दबाव बना रहा है कि वे अमेरिका को हतोत्साहित करें और शांति समझौते के लिए दबाव डालें।

इस युद्ध को हम अगर आर्थिक-राजनीतिक युद्ध की तरह देखेंगे, तो हम यह नहीं समझ पाएंगे कि इतनी भारी बमबारी के बावजूद ईरान हथियार क्यों नहीं डाल रहा? वह इसीलिए हथियार नहीं डाल रहा, क्योंकि वह स्वयं 'पैन इस्लामिक विश्व' का एक हिरावल दस्ता है। ईरान पर इस हमले ने दुनिया के 'शियाओं' और 'सुन्नियों' के मतभेदों को भी पीछे कर दिया है, क्योंकि दोनों की वृहत्तर पहचान तो इस्लाम ही है, जिस पर आज पश्चिम का हमला हो रहा है। जो इस युद्ध के 'सांस्कृतिक' मानी समझते हैं, वे यही कहते हैं कि ईरान के लिए यह नया 'कर्बला' है। जब पुराने 'कर्बला' को वे आज तक नहीं भूले, तो इस नए 'कर्बला' को कैसे भूलेंगे?

edit@amarujala.com

## जीवन धारा



**वर्जिनिया वुल्फ**

पढ़ाई केवल ज्ञान अर्जित करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह स्वयं की आत्मा, तर्क और स्वतंत्रता को पहचानने का अवसर भी है। इसी स्वतंत्रता में एक पाठक अपनी सच्ची पहचान खोज पाता है।

# किताबों की दुनिया ही हमें मुक्त कर सकती है

*पढ़ाई के बारे में किसी व्यक्ति द्वारा किसी दूसरे को दी जाने वाली एकमात्र सच्ची सलाह यही हो सकती है कि वह किसी भी सलाह को अंतिम या अनिवार्य न माने। अपने अंतःकरण की आवाज सुने, अपनी तर्कशक्ति पर विश्वास करे और अपनी समझ के अनुसार आगे बढ़े। स्वतंत्रता एक पाठक के लिए सबसे अनमोल और आवश्यक गुण है। जरा सोचिए, क्या किताबों के लिए कोई पक्के नियम बनाए जा सकते हैं? वाटरलू की लड़ाई किस दिन हुई, यह एक ऐसा सच है, जिसे सब मानते हैं। लेकिन क्या 'हैमलेट' 'किंग लियर' से बेहतर है? इसका कोई एक सही जवाब नहीं है। यह ऐसी बात है, जिस पर लोगों की अलग-अलग राय हो सकती है। ठीक इसी प्रकार किसी भी किताब की असली कीमत और उसका असर इस बात पर निर्भर करता है कि पाठक उसे कैसे समझता है तथा वह कितना संवेदनशील और अनुभवी है।*



*यदि हम किसी विद्वान या प्रतिष्ठित लेखक को पुस्तकालय में प्रवेश करने दें और उन्हें यह अधिकार दे दें कि वे हमें बताएं कि हमें क्या पढ़ना चाहिए, कैसे पढ़ना चाहिए और पढ़ी गई सामग्री का मूल्य क्या होना चाहिए, तो हम किताबों की दुनिया की सबसे बड़ी खासियत और उसकी आत्मा, यानी हमारी आजादी को खत्म कर देंगे। यही स्वतंत्रता व स्वच्छंदता इन स्थानों की प्राणवायु भी है। संसार के अन्य सभी क्षेत्रों में हम नियमों और परंपराओं से बंधे होते हैं, पर पुस्तकों के संसार में हमें पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्त है। पढ़ना एक अत्यंत निजी और आत्मिक यात्रा है। प्रत्येक पाठक अपने अनुभव, अपनी भावनाओं और अपनी समझ के आधार पर हर शब्द, हर वाक्य और हर विचार का अर्थ निर्धारित करता है। यदि वह किसी और की राय को अंतिम सत्य मान लेता है, तो वह अपनी सोच की स्वतंत्रता को सीमित कर देता है।*

*सच्ची शिक्षा, सच्चा आनंद और सच्चा सृजन वहीं संभव है, जहां हम अपनी बुद्धि का इस्तेमाल करें, अपनी भावनाओं के प्रति ईमानदार रहें और अपने निर्णय स्वयं लें। इसलिए, जब भी तुम कोई पुस्तक हाथ में लो, तो उसे खुले मन और स्वतंत्र हृदय से पढ़ो। किसी के दबाव, किसी के नियम या किसी के पूर्वनिर्धारित विचारों से स्वयं को प्रभावित मत होने दो। अपनी अंतरात्मा को अपना मार्गदर्शक बनने दो। किसी भी आलोचक या लेखक की राय को एक दृष्टिकोण के रूप में स्वीकार करो और अपने विवेक से निर्णय लो। यही वह शक्ति है, जो एक साधारण पाठक को असाधारण बना देती है। यही स्वतंत्रता, यही आत्मनिर्णय और यही व्यक्तिगत अनुभव का उत्सव है, जो पढ़ने की प्रक्रिया को जीवंत, अर्थपूर्ण व प्रेरणादायक बनाता है। पढ़ाई केवल ज्ञान अर्जित करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह स्वयं की आत्मा, तर्क और स्वतंत्रता को पहचानने का अवसर भी है। इसी स्वतंत्रता में एक पाठक अपनी सच्ची पहचान खोज पाता है।*

*-द सेकंड कॉमन रीडर के अनूदित अंश*

## सच्चे पाठक बनें

**सूत्र**

*पढ़ाई का सबसे बड़ा सत्य यह है कि कोई भी सलाह अंतिम नहीं होती। एक सच्चा पाठक वही है, जो अपने अंतःकरण की आवाज सुनता है, अपनी तर्कशक्ति पर विश्वास करता है और अपने निष्कर्ष स्वयं निकालता है। किताबों की दुनिया में स्वतंत्रता ही सबसे बड़ी शक्ति है। जब हम बिना बंधनों के पढ़ते हैं, तभी वास्तव में सीखते हैं।*

## दूसरा पहलू

अंटार्कटिका के सूक्ष्म जीव (माइक्रोब्स) माइनस 20 डिग्री सेल्सियस की ठंड में भी हवा से ऊर्जा बना सकते हैं।

# जहां बिना पानी के होता है प्रकाश संश्लेषण

**अंटार्कटिका** का तापमान हमेशा शून्य से काफी नीचे बना रहता है। अधिकतर इलाकों में कई महीनों तक सूर्य दिखाई ही नहीं देता। बिना धूप के, प्रकाश संश्लेषण करने वाले पौधे, काई व शैवाल दम तोड़ देते हैं। पर इसका अर्थ यह नहीं है कि यहां जीवन पूरी तरह थम जाता है।

द *आईएसएमई जर्नल* के एक शोध के अनुसार, अंटार्कटिका के सूक्ष्मजीव (माइक्रोब्स) माइनस 20 डिग्री सेल्सियस की ठंड में भी हवा से ऊर्जा बना सकते हैं। यह खोज बताती है कि इतनी चरम ठंड में भी जीवन कैसे संभव है और जलवायु परिवर्तन इस प्रक्रिया को कैसे प्रभावित कर सकता है। 2017 में वैज्ञानिकों ने पहली बार दिखाया था कि अंटार्कटिक सूक्ष्मजीव वायुमंडल में मौजूद गैसों की बेहद मामूली मात्रा से भी ऊर्जा खींच सकते हैं। इस प्रक्रिया को एयरोट्रॉफी कहा जाता है। ये सूक्ष्मजीव अपने खास एंजाइमों के जरिये हवा में मौजूद हाइड्रोजन व कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी गैसों को बेहद कम मात्रा में भी पहचान लेते हैं। पर बड़ा सवाल यह था कि क्या यह प्रक्रिया कड़कड़ाती ठंड में भी काम करती है? पूर्वी अंटार्कटिका के विभिन्न हिस्सों के मिट्टी के नमूनों के डीएनए की जांच की गई, ताकि पता चल सके कि वहां कौन-कौन से सूक्ष्म जीव मौजूद हैं, उनके पास कौन से जीन हैं और वे ऊर्जा पाने के लिए किन स्रोतों का उपयोग कर सकते हैं। नतीजे चौंकाने वाले थे। ये सूक्ष्मजीव साल भर हाइड्रोजन व कार्बन मोनोऑक्साइड को भोजन के रूप में इस्तेमाल कर रहे थे। इनमें से कई बैक्टीरिया सीधे वायुमंडल से कार्बन सोखने की क्षमता भी रखते हैं। वास्तव में, ये 'एयरोट्रोफ्स' अंटार्कटिका के प्राथमिक उत्पादक हैं, जो किसी पौधे की तरह मिट्टी से नहीं, बल्कि हवा से नया बायोमास तैयार कर रहे हैं। अंटार्कटिका में प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया बेहद दुर्लभ है। वैज्ञानिकों के अनुसार, यहां एरोट्रॉफी ही प्राथमिक उत्पादक की भूमिका निभाती है। इसका एक और बड़ा फायदा यह है कि इसमें तरल पानी की जरूरत नहीं पड़ती, जबकि प्रकाश संश्लेषण के लिए यह जरूरी है।



**रे हॉलैंड**

ये सूक्ष्मजीव खास एंजाइमों के जरिये हवा में मौजूद हाइड्रोजन व कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी गैसों को बेहद कम मात्रा में भी पहचान लेते हैं।



अंटार्कटिका में प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया में एरोट्रॉफी ही प्राथमिक उत्पादक की भूमिका निभाती है। इसमें तरल पानी की जरूरत नहीं पड़ती, जबकि प्रकाश संश्लेषण के लिए यह जरूरी है।

एक सवाल यह भी था कि ग्लोबल वार्मिंग इस प्रक्रिया को कैसे प्रभावित करेगी? अनुमान बताते हैं कि यदि उत्सर्जन कम रहा, तो इन सूक्ष्मजीवों द्वारा हाइड्रोजन उपयोग करने की गति में चार फीसदी की वृद्धि होगी, जो उत्सर्जन अधिक रहने पर 35 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। कार्बन मोनोऑक्साइड के मामले में भी लगभग ऐसा ही है। हाइड्रोजन खुद एक ग्रीनहाउस गैस नहीं है, लेकिन यह वातावरण में मीथेन जैसी खतरनाक गैसों के टिके रहने की अवधि को जरूर प्रभावित करती है। यह अध्ययन अंटार्कटिका के अनोखे सूक्ष्मजीवी तंत्रों की सहनशक्ति को समझने में विज्ञान के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

*-द कन्वर्सेशन से*

## आंकड़े

### फोनपे का दबदबा

फोनपे ने यूपीआई सिस्टम में अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। फरवरी-2026 में इससे 13.1 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का लेनदेन हुआ है।

| | |
|---|---|
| फोनपे | 45.52 |
| गूगल पे | 33.18 |
| पेटीएम | 7.82 |
| नावी | 3.19 |
| सुपर मनी | 1.42 |

आंकड़े कुल डिजिटल लेनदेन में एप्स की हिस्सेदारी के, प्रतिशत में। | स्रोत : भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम

**राजा व समाधि ने मिट्टी की प्रतिमा बनाकर चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नौ दिनों तक कठोर तपस्या की। नौवें दिन देवी प्रकट हुईं और आशीर्वाद दिया।**

# नौ दिनों की तपस्या

**पौराणिक** मान्यताओं के अनुसार, चैत्र महीने की प्रतिपदा के दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना शुरू की थी। इसलिए हिंदू पंचांग के अनुसार, इस दिन, यानी चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नए साल की शुरुआत मानी जाती है। इसी दिन से चैत्र नवरात्रि का भी आरंभ होता है, जो देवी शक्ति की आराधना का विशेष पर्व माना जाता है।

चैत्र नवरात्रि की सबसे प्राचीन कथा देवी महात्म्य (*मार्कंडेय पुराण*) में मिलती है। प्राचीन काल में राजा सुरथ नाम के एक प्रतापी राजा थे, जिन्हें उनके शत्रुओं ने पराजित कर उनका राज्य छीन लिया। उनके अपने मंत्रियों ने भी उन्हें धोखा दे दिया। दुखी होकर राजा जंगल की ओर चले गए, जहां उनकी भेंट समाधि नामक एक वैश्य से हुई, जिसे उसके परिवार ने धन के लोभ में घर से निकाल दिया था। दोनों मेधा ऋषि के आश्रम पहुंचे। ऋषि ने उन्हें बताया कि यह सब 'महामाया' का खेल है और उन्होंने देवी भगवती की आराधना करने का मार्ग सुझाया।

**अंतर्यात्रा**
संकलित

राजा और समाधि ने नदी के तट पर मिट्टी की प्रतिमा बनाकर चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नौ दिनों तक कठोर तपस्या की। नौवें दिन देवी प्रकट हुईं। उन्होंने राजा को उनका खोया हुआ राज्य वापस पाने का आशीर्वाद दिया और समाधि को परम ज्ञान प्रदान किया। इन नौ दिनों में व्रत, ध्यान और पूजा के माध्यम से व्यक्ति अपने मन और आत्मा को शुद्ध करता है।

## अमर उजाला

**पुराने पन्नों से** — 19 मार्च, 1958

# पठानकोट विस्फोट में पाक जासूसों के हाथ होने का संदेह



पठानकोट के विस्फोट में पाक जासूसों के हाथ का संदेह
सीमा पर एक पाक नागरिक गिरफ्तार : एक रहस्यमय पत्र भी बरामद हुआ

**पठानकोट के फौजी कैंप पर हुआ घातक हमला पाकिस्तानी जासूसों की गतिविधियों के कारण हुआ है। सीमा पर एक पाकिस्तानी नागरिक पकड़ा गया है, जिसके पास से एक पत्र बरामद हुआ है। उसमें पठानकोट हमले का जिक्र किया गया है।**

# इलेक्ट्रिक वाहनों की धीमी चाल



**सरकार की योजनाओं और प्रोत्साहनों के बावजूद इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री उम्मीद के अनुसार नहीं बढ़ रही, जिसके कारणों को समझना जरूरी है।**

**मधुरेंद्र सिन्हा** | **मुद्दा**

भारत के वाहन बाजार में खूब गहमागहमी है और एक से बढ़कर एक कारें और अन्य गाड़ियां लॉन्च हो रही हैं। भारतीयों का कारों के प्रति प्रेम बढ़ता ही जा रहा है, लेकिन समस्या यह है कि हमें इसके लिए बड़े पैमाने पर कच्चा तेल आयात करना पड़ रहा है, जिससे देश का व्यापार घाटा भी बढ़ता जाता है।

सरकार ने इसका समाधान यह निकाला कि बड़े स्तर पर इलेक्ट्रिक गाड़ियों का निर्माण किया जाए, उन्हें ज्यादा से ज्यादा लोगों के बीच लोकप्रिय बनाया जाए और लोगों को इन्हें अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए। इसलिए सरकार ने एक योजना बनाई, जिसमें तय किया गया कि 2030 तक देश में 80 फीसदी दोपहिया और तिपहिया वाहन इलेक्ट्रिक हों, 40 प्रतिशत बसें, 70 फीसदी वाणिज्यिक वाहन और 30 प्रतिशत कारें इलेक्ट्रिक हों। इससे बड़े स्तर पर ईंधन की बचत होगी। इसी को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कई तरह की योजनाएं और प्रोत्साहन शुरू किए, जैसे पीएलआई स्कीम। कई राज्यों ने



वाहन रजिस्ट्रेशन में छूट दी और रोड टैक्स भी घटाया, पर इनका ज्यादा लाभ नहीं हुआ तथा इलेक्ट्रिक कारों की कुल संख्या 2024-25 में सिर्फ 6.3 से 7.6 फीसदी रही। हालांकि, इसमें बढ़ोतरी हो रही है, किंतु उस रफ्तार से नहीं, जिसकी अपेक्षा थी। वाणिज्यिक वाहनों में तो यह संख्या निराशाजनक है। आखिर क्या कारण है कि सरकार द्वारा प्रोत्साहित किए जाने और तमाम नई-नई कारों के लॉन्च के बावजूद भारत में इनकी बिक्री बढ़ नहीं पाई?

सबसे पहले विश्वास का सवाल है कि इलेक्ट्रिक वाहन समस्यामुक्त हैं या नहीं। अभी लोग इन्हें थोड़ा संदेह की दृष्टि से देख रहे हैं और ठीक से समझ नहीं पा रहे हैं। लेकिन जैसे-जैसे सड़कों पर गाड़ियों की संख्या बढ़ने लगेगी, तो लोगों के मन में विश्वास भी पैदा होने लगेगा। दरअसल, अभी लोगों में शंका है कि ये गाड़ियां चार्ज खत्म हो जाने पर कहां चार्ज होंगी? चार्जिंग स्टेशन बहुत कम हैं, इसलिए दूसरे शहर जाने वाले लोग सोचते हैं कि वहां कार चार्ज करने की सुविधा मिलेगी भी या नहीं। यह डर उसी तरह का है, जब सीएनजीयुक्त कारों के मालिक गैस स्टेशन ढूंढते थे। हालांकि, सरकार की ओर से चार्जिंग स्टेशन बनाए गए हैं, लेकिन उनकी संख्या कम है। ऐसे में, पेट्रोलियम कंपनियों को आगे आना होगा और पेट्रोल पंपों पर चार्जिंग स्टेशन बनाने की पहल करनी होगी। इसका समाधान कार कंपनियां भी तलाश रही हैं। कुछ कंपनियों-जैसे वियतनाम की कंपनी विनफास्ट ने छोटे चार्जर बना दिए हैं, जिससे घर बैठे कार चार्ज हो सकती है। इस दिशा में काफी प्रयास होता दिख रहा है। एक सवाल यह भी है कि एक बार चार्ज होने पर कार कितनी दूरी तय करेगी? शुरुआती दौर में जो कारें आईं, वे 200-250 किलोमीटर तक चल पाती थीं। पर इससे लोग आकर्षित नहीं हो पाए। अब ऐसी कारें आ गई हैं, जो एक बार चार्ज होने पर 500 किलोमीटर तक चल रही हैं। इसमें कोरियाई कंपनी किआ, महिंद्रा एंड महिंद्रा, चीनी कंपनी बीवाईडी भी हैं। टेस्ला ने 600 किलोमीटर से भी ज्यादा चलने वाली कारें बनानी शुरू कर दी हैं।

इसके साथ ही ऐसी कारें भी आ गई हैं, जो कम समय में पूरी चार्ज हो जाती हैं। कारों की बैटरी को लेकर हमेशा एक संशय बना रहता है कि इनका जीवनकाल कितना होगा और बदलने पर कितना खर्च आएगा। इलेक्ट्रिक कारों की बैटरियां भारत में बहुत कम बनती हैं और इसका 80 फीसदी उत्पादन चीन में होता है। इस कारण से ये महंगी हैं और इनकी कीमत लाखों रुपये में होती है। इसलिए, ग्राहक इन्हें नहीं खरीदना चाहते। हालांकि, अब भारतीय कंपनियां नई तकनीक के साथ बैटरियां बना रही हैं। ग्राहकों की इस झिझक को देखते हुए कुछ कंपनियों ने कार बाय-बैक स्कीम शुरू की है। इसमें पांच या कुछ साल बाद कंपनी कार को वापस खरीद लेती है, जिससे लोगों का डर कम हो रहा है।

यह धारणा भी है कि इलेक्ट्रिक कारें महंगी होती हैं। पर टाटा मोटर्स ने नई सस्ती कारें पेश करके इसे भी खत्म कर दिया है। यह कंपनी इलेक्ट्रिक कारें बनाने में भारत में अग्रणी रही है। विदेशी कंपनियों की कारें काफी महंगी होती हैं। बीवायडी की कारें करीब 40–50 लाख रुपये की होती हैं, और टेस्ला की कारें भारत में नहीं बनतीं, इसलिए उस पर आयात शुल्क लगता है, जिससे उनकी कीमत और बढ़ जाती है। एक वजह यह भी है कि पहले अलग-अलग राज्यों से मिलने वाली सब्सिडी कम या खत्म होने की वजह से अब इन पर मिलने वाला फायदा घट गया है। पहले कहा गया था कि इन गाड़ियों को टोल टैक्स में भी छूट मिलेगी, पर अब ऐसा नहीं है। इसी कारण वाणिज्यिक वाहन चलाने वाले लोग इन्हें लेने से बच रहे हैं। इन गाड़ियों के ऋण पर ब्याज में भी कोई खास छूट नहीं मिलती, जिससे ये और महंगी पड़ती हैं।

इस समय, जबकि वाहन बाजार में स्पर्धा आ गई है और शानदार कारें उतर रही हैं, सरकार को एक बार फिर इस ओर ध्यान देना होगा। ईरान-खाड़ी युद्ध के कारण पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि भी हो सकती है। ऐसे में, इलेक्ट्रिक कारों या वाहन उद्योग को सहारा देकर सरकार एक नया रास्ता खोल सकती है। इससे अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा।

# एजुकेशन & कॅरिअर

व्यर्थ की बातों से खुद को बचाना भी एक कला है।

## अमर उजाला Job Alert

Real-time job alerts
amarujala.com/jobs

### रेलवे ने जारी किया विज्ञापन

सहायक लोको पायलट के पदों पर मौके



11,127 पद

आवेदन की अंतिम तिथि : 14 जून, 2026
आयु-सीमा : न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 30 वर्ष
यहां आवेदन करें : rrbapply.gov.in

### इलाहाबाद उच्च न्यायालय में रिक्तियां ■ 195 पद

प्राइवेट सेक्रेटरी ग्रेड-I रिक्रूटमेंट एग्जाम-2026
आवेदन की अंतिम तिथि
01 अप्रैल, 2026
वेतनमान
रुपये 56,100 से लेकर रुपये 1,77, 500 तक निर्धारित
यहां आवेदन करें
allahabadhighcourt.in

### इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड में अवसर ■ 59 पद

मैनेजमेंट ट्रेनी के पदों पर आवेदन आमंत्रित
आवेदन की अंतिम तिथि
13 अप्रैल, 2026
योग्यताएं
संबंधित विषय में इंजीनियरिंग स्नातक डिग्री
यहां आवेदन करें
engineersindia.com

### सशस्त्र सीमा बल में मौके ■ 233 पद

हेड कॉन्स्टेबल के पदों पर रिक्तियां
अंतिम तिथि : 20 अप्रैल, 2026
आयु-सीमा : न्यूनतम उम्र 18 वर्ष व अधिकतम उम्र 27 वर्ष
यहां आवेदन करें : recruitment.ssb.gov.in

### इरेडा में रोजगार के अवसर ■ 32 पद

महाप्रबंधक, अतिरिक्त महाप्रबंधक व अन्य पद रिक्त
आवेदन की अंतिम तिथि
05 अप्रैल, 2026
वेतनमान
रुपये 30,000 से लेकर रुपये 3,00,000 प्रतिमाह
यहां आवेदन करें
ireda.in

### एनएबीएफआईडी में निकली भर्ती ■ 29 पद

सीनियर एनालिस्ट के पदों पर मौके
आवेदन की अंतिम तिथि
08 अप्रैल, 2026
आयु-सीमा
न्यूनतम आयु 21 वर्ष व अधिकतम आयु 40 वर्ष
यहां आवेदन करें
nabfid.org/careers

### यहां भी नौकरी की संभावनाएं...

- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम : सहायक प्रबंधक (विद्युत) के पदों पर मौके।
  आवेदन की अंतिम तिथि : 17 अप्रैल, 2026
- ncrtc.co.in
- ट्रांसलेशनल हेल्थ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट : शोध वैज्ञानिक, डाटा वैज्ञानिक व अन्य पद खाली।
  इंटरव्यू की तिथि : 25 मार्च से 01 अप्रैल, 2026
- thsti.res.in

अपनी प्रतिक्रियाओं और सुझावों के लिए हमें udaan@amarujala.com पर ई-मेल करें।

# ये कौशल बनाएंगे कामयाब पेशेवर

**भावनात्मक समझ, नैतिक सोच और लोगों के साथ काम करने की क्षमता जैसी पावर स्किल्स आपको सफल पेशेवर बनाती हैं**

सैंड्रा सोजोबर्ग
डीन, डब्ल्यूजीयू स्कूल ऑफ बिजनेस (यूएस)



आज के समय में केवल ज्ञान या पैसा कमाना ही सफलता के लिए काफी नहीं है। एक सफल लीडर के लिए जरूरी है कि वह लोगों और काम के बीच सही संतुलन स्थापित करे। इसके लिए भावनात्मक समझ, नैतिक सोच और लोगों के साथ बेहतर तरीके से काम करने की क्षमता का होना बहुत जरूरी है। इन्हें ही पावर स्किल्स या सॉफ्ट स्किल्स कहा जाता है, जो आपको कॅरिअर और नेतृत्व में आगे बढ़ने में मदद करती हैं।

**■ पावर स्किल्स को समझें**
पावर स्किल्स की सबसे खास बात यह है कि ये किसी एक काम या क्षेत्र तक सीमित नहीं होतीं, बल्कि हर नौकरी, प्रोजेक्ट और इंडस्ट्री में समान रूप से उपयोगी होती हैं। कार्नेगी फाउंडेशन की 1918 की एक प्रसिद्ध रिपोर्ट भी यही बताती है कि किसी पेशेवर की सफलता में ज्यादा योगदान उसके व्यक्तित्व और संवाद कौशल का होता है, जबकि तकनीकी ज्ञान की भूमिका अपेक्षाकृत कम होती है। इसी कारण आज के नियोक्ता ऐसे पेशेवरों को ज्यादा महत्व देते हैं, जिनके पास मजबूत पावर स्किल्स हों, क्योंकि यही कौशल संगठन की प्रगति और बेहतर प्रदर्शन में अहम भूमिका निभाते हैं।

**■ बदलाव के बाद खुद को ढालें**
अनुकूलनशीलता सबसे अहम पावर स्किल्स में से एक है। इसका मतलब केवल बदलाव को स्वीकार करना नहीं, बल्कि बदलती परिस्थितियों के अनुसार तेजी से सही सोच विकसित करना, निर्णय लेना और काम करना है। आज के युवाओं के लिए यह कौशल बेहद जरूरी हो गया है, क्योंकि हर संगठन को नई चुनौतियों, बाजार के बदलाव और तकनीकी परिवर्तनों का सामना करना पड़ता है। जिन पेशेवरों में अनुकूलनशीलता होती है, वे इन बदलावों को अवसर में बदलते हैं और एआई जैसी नई तकनीकों के साथ खुद को आसानी से ढाल लेते हैं।

**■ बेहतर टीमवर्क की कुंजी**
सहानुभूति एक बेहद महत्वपूर्ण पावर स्किल है, जो किसी भी पेशेवर को एक बेहतर इन्सान बनाती है। इसका अर्थ है-दूसरों की भावनाओं, उनके नजरिये और जरूरतों को समझना, महसूस करना और उनका सम्मान करना। ऐसे पेशेवर केवल आंकड़ों, लक्ष्यों या नतीजों के आधार पर निर्णय नहीं लेते, बल्कि वे अपनी टीम के लोगों की भावनाओं, परिस्थितियों और जमीनी हकीकत को भी ध्यान में रखते हैं। वे सुनते हैं, समझते हैं और उसी के अनुसार व्यवहार करते हैं। सहानुभूति का यह गुण टीम में भरोसा पैदा करता है, रिश्तों को मजबूत बनाता है और एक सकारात्मक, सहयोगी कार्य वातावरण तैयार करता है।



**■ समान अवसर और सम्मान**
समावेशिता एक अहम पावर स्किल है, जिसका मतलब है-हर व्यक्ति को महत्व देना, उसकी बात सुनना और विविधता के साथ मिलकर काम करना। इसमें यह सुनिश्चित किया जाता है कि टीम के हर सदस्य को बराबरी का अवसर और सम्मान मिले। जब आप खुली बातचीत और सहयोग का माहौल बनाते हैं, तब आपकी टीम में नए विचारों को जगह मिलती है और बेहतर फैसले लिए जाते हैं। *- द कन्वर्सेशन*

## खुद को परखें

1. भारत में डेलॉइट द्वारा कनेक्टेड इंफ्रास्ट्रक्चर की सुरक्षा के लिए शुरू की गई पहली साइबर सुरक्षा सुविधा का नाम क्या है?
(a) साइबरशील्ड इंडिया
(b) सिक्योरनेट लैब
(c) कनेक्टसेफ
(d) डिजीप्रोटेक्ट हब

2. ज्ञानपीठ पुरस्कार किस क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए दिया जाता है?
(a) साहित्य (b) पत्रकारिता
(c) विज्ञान (d) सिनेमा

3. राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य किन तीन राज्यों के त्रिकोणीय जंक्शन पर स्थित है?
(a) राजस्थान, पंजाब, हरियाणा
(b) उत्तर प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल
(c) मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान
(d) पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड

उत्तर : 1.c, 2.a, 3.c

## सामान्य ज्ञान

### नागोया प्रोटोकॉल



**■ क्या है**
यह एक अंतरराष्ट्रीय समझौता है, जो जैविक संसाधनों के उपयोग से मिलने वाले लाभों का न्यायपूर्ण और बराबर बंटवारा सुनिश्चित करता है।

**■ चर्चा में क्यों**
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने जैविक विविधता सम्मेलन के सचिवालय को नागोया प्रोटोकॉल के कार्यान्वयन पर भारत की पहली राष्ट्रीय रिपोर्ट प्रस्तुत की है।

**■ महत्वपूर्ण समयरेखा**
इसे 29 अक्तूबर, 2010 को जापान के नागोया में अपनाया गया था और 50वें अनुसमर्थन पत्र के जमा होने के 90 दिन बाद, 12 अक्तूबर, 2014 को यह लागू हुआ।

**■ प्रमुख फोकस क्षेत्र**
इसका उद्देश्य आनुवंशिक संसाधनों से प्राप्त लाभों का निष्पक्ष और समान वितरण सुनिश्चित करना, जैव विविधता के संरक्षण एवं सतत उपयोग को बढ़ावा देना तथा उनसे संबंधित पारंपरिक ज्ञान की रक्षा करना है। भारत ने 2012 में इसका अनुसमर्थन किया था।

## इंटर्नशिप प्रोग्राम

### सीबीआर रिसर्च एंड इनोवेशन इंटर्नशिप-2026

**मस्तिष्क** अनुसंधान केंद्र (सीबीआर) ने सीबीरेन इंटर्नशिप कार्यक्रम-2026 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सार्वजनिक रूप से उपलब्ध डाटासेटों और मस्तिष्क की उम्र बढ़ने पर सीबीआर के अनुदैर्ध्य कोहॉर्ट अध्ययनों से प्राप्त बड़े पैमाने पर बहुआयामी स्वास्थ्य डाटा को संभालना, एकीकृत करना और उसका विश्लेषण करना है।



आवेदन के लिए आवश्यक है कि अभ्यर्थी वर्तमान में किसी भारतीय संस्थान में बैचलर या मास्टर डिग्री के अंतिम वर्ष अथवा समकक्ष कक्षा में नामांकित हो। चयन के दौरान पाइथन में कोडिंग की बुनियादी से मध्यम स्तर तक की दक्षता रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस इंटर्नशिप में मास्टर डिग्री के छात्रों को 25,000 रुपये प्रतिमाह और स्नातक छात्रों को 20,000 रुपये प्रतिमाह का वजीफा दिया जाएगा। आवेदक अपनी योग्यता की जांच करते हुए आधिकारिक लिंक tinyurl.com/3w692zac पर जाकर 23 मार्च, 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

## आवेदन आमंत्रित

### ईसी ब्लू बुक ट्रेनीशिप-2026

**ईसी ब्लू बुक ट्रेनीशिप-2026** एक अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसके तहत दुनिया भर के उम्मीदवार यूरोपियन कमीशन के साथ पांच महीने तक काम करके व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। इसका उद्देश्य प्रतिभागियों को यूरोपीय संघ की नीतियों और प्रशासनिक कार्यप्रणाली को समझने का अवसर देना है, जिससे वे अपने पेशेवर कौशल को विकसित कर सकें और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कॅरिअर के लिए तैयार हो सकें। इसके लिए आवेदक के पास कम से कम तीन वर्ष की डिग्री और अंग्रेजी का अच्छा ज्ञान होना आवश्यक है, जबकि इसमें भाग लेने के लिए कोई आयु-सीमा निर्धारित नहीं की गई है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 07 अप्रैल, 2026 निर्धारित की गई है। योग्य आवेदक आधिकारिक लिंक tinyurl.com/3cv5z7y8 पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से इस कार्यक्रम के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## एग्जाम अलर्ट हफ्ते की परीक्षाएं

### यूपीपीएससी सहायक रजिस्ट्रार साक्षात्कार

- **परीक्षा की तिथि :** 23 व 24 मार्च, 2026
- इस साक्षात्कार में अभ्यर्थी से उसकी रुचि और करंट अफेअर्स आदि से संबंधित 50 अंकों के प्रश्न पूछे जाएंगे।
- **यहां से प्रवेश-पत्र डाउनलोड करें** tinyurl.com/3mxnkrse

### डीआरडीओ सीईपीटीएएम -11 परीक्षा

- **परीक्षा की तिथि :** 23 मार्च, 2026
- इस कंप्यूटर आधारित परीक्षा का माध्यम हिंदी और अंग्रेजी होगा। इसमें सामान्य विज्ञान, सामान्य अंग्रेजी, मात्रात्मक योग्यता/सामान्य गणित तथा सामान्य बुद्धिमत्ता एवं तर्क से 150 अंकों के 150 प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा की अवधि दो घंटे निर्धारित की गई है।
- **यहां से प्रवेश-पत्र डाउनलोड करें** tinyurl.com/5fpx527j

# कल्पवृक्ष

FAITH & WISDOM

## नवचेतना और साधना का अवसर

**चैत्र नवरात्र केवल आस्था का उत्सव नहीं है, बल्कि यह नौ दिवसीय पर्व साधक के भीतर नई ऊर्जा, सकारात्मकता और आध्यात्मिक उन्नति का संचार करता है।**

चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा से प्रारंभ होने वाले नवरात्र इस वर्ष 19 मार्च, 2026 से आरंभ हो रहे हैं। सनातन संस्कृति में यह पर्व केवल आस्था का उत्सव नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, नवचेतना और साधना का महान अवसर माना जाता है। वसंत ऋतु में प्रकृति भी नवजीवन का संदेश देती है, ऐसे में यह नौ दिवसीय पर्व साधक के भीतर नई ऊर्जा, सकारात्मकता और आध्यात्मिक उन्नति का संचार करता है।



शिव प्रकाश पाराशर
ज्योतिषाचार्य

दुर्गा सप्तशती में कहा गया है 'या देवी सर्वभूतेषु शक्ति-रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥' अर्थात् जो देवी समस्त प्राणियों में शक्ति के रूप में विद्यमान हैं, उन्हें बार-बार नमस्कार है। नवरात्र के इन नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की विधिपूर्वक पूजा की जाती है। प्रत्येक स्वरूप साधक को जीवन के विभिन्न आयामों में संतुलन, शक्ति और सफलता प्रदान करता है।

■ नवरात्र में प्रत्येक देवी का एक विशेष बीज मंत्र भी माना गया है, जिनका जप करने से साधना शीघ्र फलदायी होती है–

*मां शैलपुत्री ॐ देवी शैलपुत्र्यै नमः*
*मां ब्रह्मचारिणी ॐ देवी ब्रह्मचारिण्यै नमः*
*मां चंद्रघंटा ॐ देवी चंद्रघंटायै नमः*
*मां कूष्मांडा ॐ देवी कूष्माण्डायै नमः*



*मां स्कंदमाता ॐ देवी स्कंदमातायै नमः*
*कात्यायनी ॐ देवी कात्यायन्यै नमः*
*मां कालरात्रि ॐ देवी कालरात्र्यै नमः*
*मां महागौरी ॐ देवी महागौर्यै नमः*
*मां सिद्धिदात्री ॐ देवी सिद्धिदात्र्यै नमः*

धार्मिक दृष्टि से चैत्र नवरात्र का विशेष महत्व इसलिए भी है, क्योंकि इसी दिन से हिंदू नववर्ष का आरंभ माना जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, इसी काल में ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना प्रारंभ की थी। अतः यह समय सृजन, आरंभ और नवसंस्कारों का प्रतीक है। घर-घर में घटस्थापना कर देवी की आराधना की जाती है और व्रत-उपवास के माध्यम से शरीर और मन दोनों की शुद्धि की जाती है। घटस्थापना (कलश स्थापना) का सही मुहूर्तः 19 मार्च 2026 को घटस्थापना के लिए सबसे शुभ समय सुबह सूर्योदय के बाद का है।

■ **शुभ मुहूर्तः** सुबह 06:26 से

इसी पावन नवरात्र का समापन नवमी तिथि को होता है, जिसे रामनवमी के रूप में मनाया जाता है। यह दिन भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा गया है, जिन्होंने अपने जीवन से धर्म, सत्य, कर्तव्य और आदर्शों की स्थापना की। इस दिन मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, रामायण पाठ और भजन-कीर्तन का आयोजन होता है। भक्तजन व्रत रखकर भगवान राम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लेते हैं।

वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी नवरात्र का महत्व अत्यंत गहरा है। ऋतु परिवर्तन के इस समय शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता में उतार-चढ़ाव आता है। ऐसे में उपवास, सात्त्विक आहार और अनुशासित दिनचर्या शरीर को डिटॉक्स करने का कार्य करती है। फलाहार, हल्का भोजन और नियमित पूजा-पाठ मानसिक तनाव को कम कर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। इस प्रकार नवरात्र केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और संतुलन का भी एक वैज्ञानिक माध्यम है। नवरात्र में साधना और संयम का विशेष महत्व बताया गया है। इस दौरान ब्रह्मचर्य का पालन, सत्य वचन, क्रोध पर नियंत्रण और सेवा-भाव अपनाने से साधक को विशेष फल प्राप्त होता है। देवी भागवत में कहा गया है कि जो भक्त श्रद्धा और इन नौ दिनों में साधना करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि का आगमन होता है।

## शिव-शक्ति के अटूट प्रेम और समर्पण का प्रतीक

**परंपरा** के अनुसार गणगौर पूजन चैत्र शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है। गण का अर्थ है शिव एवं गौर का अभिप्राय है मां पार्वती। इस दिन विवाहित स्त्रियां अपने पति की दीर्घायु एवं समृद्धि के लिए एवं अविवाहित कन्याएं मनोवांछित वर प्राप्त करने के लिए उमाशंकर की पूजन करती हैं।
इस दिन नदी या सरोवर के समीप बालू से निर्मित माता गौरा की मूर्ति को जल चढ़ाया जाता है। इस पूजन के अगले दिन देवी का विसर्जन किया जाता है।

गणगौर पूजन (21 मार्च)



गणगौर पूजा के दिन महिलाएं मैदा, बेसन अथवा आटे में हल्दी मिलाकर गहने बनाती हैं, जो माता पार्वती को अर्पित किए जाते हैं। इन गहनों को गुने कहा जाता है।
मान्यताओं के अनुसार, गणगौर के दिन स्त्रियां जितने गुने माता पार्वती को अर्पित करती हैं, उतना ही अधिक धन-वैभव कुटुम्ब में प्राप्त होता है। वास्तविकता देखी जाए तो सनातन धर्म के इस प्रकार के अनुष्ठान परिवार में समरसता मेल-जोल और प्रेम बढ़ाने का कार्य करते हैं।

## सप्ताह का मंत्र

कृष्णेनोपासितो मन्त्रः कल्पवृक्षः शिरोऽवतु।
ॐ ह्रीं श्रीं राधिकाङेन्तं वह्निजायान्तमेव च।।
कपालं नेत्रयुग्मं च श्रोत्रयुग्मं सदाऽवतु।
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं राधिकायै वह्निजायान्तमेव च।।
मस्तकं केशसङ्घांश्च मन्त्रराजः सदाऽवतु।
ॐ रां राधां चतुर्थ्यन्तं वह्निजायान्तमेव च।।
सर्वसिद्धिप्रदः पातु कपोलं नासिकां मुखम्।
क्लीं श्रीं कृष्णप्रियाङेन्तं कण्ठं पातु नमोऽन्तकम्।।
ॐ रां रासेश्वरी ङन्तं स्कन्धं पातु नमोऽन्तकम्।
ॐ रां रासविलासिन्यै स्वाहा' पृष्ठं सदाऽवतु।।
वृन्दावनविलासिन्यै स्वाहा वक्षः सदाऽवतु।
तुलसीवनवासिन्यै स्वाहा पातु नितम्बकम्।।
कृष्णप्राणाधिका ङेन्तं स्वाहान्तं प्रणवादिकम्।
पादयुग्मं च सर्वाङ्गं संततं पातु सर्वतः।।
प्राच्यां रक्षतु सा राधा वह्नौ कृष्णप्रियाऽवतु।
दक्षे रासेश्वरी पातु गोपीशा नैर्ऋतेऽवतु ।।
पश्चिमे निर्गुणा पातु वायव्ये कृष्णपूजिता।
उत्तरे संततं पातु मूलप्रकृतिरीश्वरी ।।
सर्वेश्वरी सदैशान्यां पातु मां सर्वपूजिता।
जले स्थले चान्तरिक्षे स्वप्ने जागरणे तथा।।
महाविष्णोश्च जननी सर्वतः पातु संततम्।
कवचं कथितं दुर्गे श्रीजगन्मङ्गलं परम्।।

स्रोत : ब्रह्मवैवर्त पुराण

### राधा-कृष्ण ही संपूर्ण सत्य

**संकेत :** प्रस्तुत मंत्र ब्रह्मवैवर्त पुराण प्रकृतिखंड के छप्पनवें अध्याय से लिया गया 'जगन्मंगल कवच' है, जिसे परमात्मा ने महादेव को और महादेव ने मां पार्वती को उपदेश किया है। इस कवच का पाठ करने से प्राणी सहज ही श्रीराधेकृष्ण का सान्निध्य प्राप्त करता है।

**मंत्रार्थ :** कृष्ण द्वारा उपासित कल्पवृक्ष जैसा मंत्र 'ॐ राधायै स्वाहा' मेरे सिर की रक्षा करें। 'ॐ ह्रीं श्रीं राधिकायै स्वाहा' मेरे कपाल की, नेत्रद्वय तथा कर्णद्वय की रक्षा करें। 'ॐ ऐं ह्रीं श्रीं राधिकायै स्वाहा' यह मंत्रराज मेरे मस्तक के केशसमूह की रक्षा करें। 'ॐ रां राधायै स्वाहा' यह सर्वसिद्धिदायक मंत्र मेरे कपोल, नासिका तया मुख की रक्षा करें। 'ॐ क्लीं ह्रीं कृष्णप्रियायै नमः' मेरे कंठ की रक्षा करें। 'ॐ रां रासेश्वर्यै नमः', स्कंध की, 'ॐ रां रासविलासिन्यै स्वाहा' मेरे पृष्ठ की, 'ॐ वृंदावन विलासिन्यै स्वाहा' मेरे वक्ष की, 'ॐ तुलसीवनवासिन्यै स्वाहा' मेरे नितंबों की रक्षा करें। 'ॐ कृष्णप्राणाधिकायै स्वाहा' दोनों पैरों की तथा सर्वाङ्ग की सदैव रक्षा करें।

**तात्पर्य :** जिस तरह श्रीशिव-शक्ति एकरूप में स्थित होकर अर्धनारीश्वर हैं, उसी प्रकार श्रीराधेकृष्ण भी अद्वैत हैं-अर्धनारीश्वर हैं। शिव के वामांग से शक्ति और कृष्ण के वामांग से श्रीराधा जी प्रकट हुई थीं। परमात्मा के द्वारा श्रीमहादेव को उपदेश किया गया यह कवच सभी ईष्ट सिद्धियां और मोक्ष प्रदायक है।

*- पं. जयगोविंद शास्त्री*

## आज का दिन

19 मार्च, 1990

कनाडा के ओटावा में महिलाओं की पहली विश्व आइस हॉकी प्रतियोगिता शुरू हुई थी। इसमें आठ देशों ने प्रतिभाग किया था। कनाडा ने स्वर्ण, अमेरिका ने रजत और फिनलैंड ने कांस्य पदक जीता था।



- 1920 : जोजेफ पिल्सुडस्की पोलैंड के पहले मार्शल नामित हुए थे।
- 1962 : अमेरिकी गीतकार बॉब डायलन ने पहला एलबम जारी किया था।
- 1997 : डच-अमेरिकी कलाकार विलेम डी कूनिंग का निधन हुआ था।
- 2003 : अमेरिका ने यूनाइटेड किंगडम की गठबंधन सेनाओं के साथ इराक पर युद्ध की शुरुआत की।

## व्रत त्योहार

**आज :** चैत्र अमावस्या/चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा।
**कल :** वसंत ऋतु, सूर्य उत्तरायणे, उत्तर गोले।
**राहुकाल :** प्रातः 10.30 से 12.00 तक।

■ सूर्योदय : 06.29
■ सूर्यास्त : 18.28
(भारतीय मानक समयानुसार)

### कल का पंचांग

**विक्रमी** संवत 2083, 29 फाल्गुन मास शक 1947, चैत्र मास 07 प्रविष्टे, 30 रमजान हिजरी 1447, चैत्र शुक्ल पक्ष द्वितीया 26.30 तक उपरांत तृतीया, रेवती नक्षत्र 26.27 तक उपरांत अश्विनी नक्षत्र, ब्रह्म योग 22.14 तक उपरांत ऐंद्र योग, बालव करण 15.41 तक उपरांत कौलव करण, चंद्रमा मेष राशि में 26.27 बजे।

amarujala.com/astrology

### राशिफल

■ पं. विनोद त्यागी

**मेष :** नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आर्थिक दबाव बना रहेगा। व्यवसाय में लाभ कम होगा। घर में शांति बनाए रखें।

**वृष :** सामाजिक सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में उन्नति का अवसर मिलेगा। व्यावसायिक लाभ से उत्साह बढ़ेगा।

**मिथुन :** शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। व्यक्तिगत संबंध सहायक रहेंगे। नौकरी में प्रतिष्ठा बढ़ सकती है।

**कर्क :** मानसिक तनाव बना रहेगा। नौकरी में स्थिति सामान्य रहेगी। शुभ कार्य में व्यय हो सकता है।

**सिंह :** अतिउत्साह पर नियंत्रण रखें। नए कार्य में पूंजी निवेश से बचें। व्यवसाय में लाभ होगा। यात्रा हो सकती है।

**कन्या :** कार्यक्षेत्र में लापरवाही से बचें। बेरोजगारी से मुक्ति मिल सकती है। रिश्ते में मतभेद पनप सकते हैं।

**तुला :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अटके कार्य सफल हो सकते हैं। नौकरी में अधिकारी अनुकूल रहेंगे।

**वृश्चिक :** सकारात्मक सोच बनाए रखें। नौकरी में वरिष्ठ सहायक रहेंगे। घर में समरसता बनी रहेगी।

**धनु :** व्यक्तिगत संबंध सहायक रहेंगे। राजकाज में आंशिक सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा।

**मकर :** दिनमान अनुकूल रहेगा। नौकरी में कुशल प्रबंधन की सराहना होगी। व्यवसाय में धन लाभ होगा।

**कुंभ :** मनोइच्छा पूर्ति का अवसर मिलेगा। नौकरी में सम्मान बना रहेगा। आर्थिक स्थिति अनुकूल रहेगी।

**मीन :** नौकरी में कार्य कुशलता का लाभ मिलेगा। आर्थिक स्थिति उत्तम रहेगी। व्यवसाय में लाभ होगा।

### जन्मदिन

तनुश्री दत्ता, अभिनेत्री



इस वर्ष प्रारंभ में श्रम की अधिकता रहेगी। नौकरी पेशाओं पर काम का दबाव बना रहेगा। मई से सितंबर के मध्य नौकरी में प्रमोशन का अवसर मिल सकता है। नई नौकरी प्राप्ति हो सकती है। आर्थिक क्षेत्र में सावधानी बरतें। अविवाहितों के विवाह योग बनेंगे। पूंजी निवेश से बचें। आरोग्य सुख सामान्य रहेगा।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | 2 | | | |
| | | | | 6 | 9 | | 7 | |
| | | 1 | | | | | 8 | 3 |
| | | 7 | 4 | | | | 2 | 1 |
| | | | 5 | | 6 | | | |
| 6 | 3 | | | | 1 | 7 | | |
| 5 | 9 | | | | | 3 | | |
| | 1 | | 2 | 5 | | | | |
| | | | 3 | | | | | 2 |

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ होता है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने होते हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 1 | 6 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 1 | 6 | 9 | 2 | 7 | 4 |
| 2 | 6 | 1 | 7 | 4 | 5 | 9 | 8 | 3 |
| 9 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 |
| 1 | 2 | 8 | 5 | 7 | 6 | 4 | 3 | 9 |
| 6 | 3 | 4 | 9 | 2 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 5 | 9 | 2 | 6 | 1 | 8 | 3 | 4 | 7 |
| 4 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 |

## डेली हेल्थ कैप्सूल

### क्यों खास है तुलसी का तेल?

*तुलसी के तेल में मौजूद औषधीय गुण पूरे शरीर को अंदरूनी और बाहरी रूप से फायदा पहुंचाते हैं।*

**तुलसी** की पत्तियों के साथ इसका तेल भी काफी प्रभावशाली माना जाता है। आयुर्वेद के अनुसार, तुलसी के तेल को नाभि में लगाने से विभिन्न बीमारियों से बचाव होता है। यह तेल एक नेचुरल एंटी-डिप्रेसेंट के रूप में काम करता है। इस तेल की खुशबू और औषधीय गुण मन को शांत करने में मदद करते हैं। इससे तनाव दूर रहता है।



तुलसी के तेल की तासीर गरम होती है। अगर आपको ठंड लगकर बुखार आ गया है, तो इस तेल को नाभि में लगाने से आपको आराम मिलेगा। इस तेल में मौजूद एंटी-ऑक्सिडेंट्स और एंटी-बैक्टीरियल गुण रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर शरीर को संक्रमण से बचाने में मदद करते हैं। हल्के पेट दर्द से राहत पाने के लिए भी आप तुलसी के तेल को नाभि में डालें इससे दर्द से राहत मिलेगी। तुलसी का तेल मांसपेशियों के तनाव को कम करने में मदद करता है। इससे रक्त संचार को बेहतर बनाने में मदद मिलती है और इससे जकड़न को दूर करने में भी सहायता मिलती है। इसका पूरा फायदा लेने के लिए तुलसी के तेल की कुछ बूंदें लें और उसे नाभि में डालें। इसके बाद हल्के हाथों से नाभि के आस-पास पेट पर मालिश करें।

**क्या कहते हैं विशेषज्ञ**

तुलसी का तेल त्वचा पर सीधे न लगाएं। इसे हमेशा नारियल या बादाम जैसे तेल में मिलाकर पतला करके इस्तेमाल करें। गर्भवती महिलाएं, छोटे बच्चे और मिर्गी रोगी इससे बचें।
-डॉ. नवदीप जोशी
प्राकृतिक चिकित्सक

## 18 संस्थाओं पर 2.8 करोड़ जुर्माना, बाजार से पांच साल के लिए प्रतिबंधित

**सेबी की कार्रवाई...2.94 करोड़ के अवैध लाभ को 12 फीसदी ब्याज के साथ वापस जमा करने के निर्देश**




आरजीआरएल शेयर में हेरफेर का मामला

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने रेट्रो ग्रीन रिवोल्यूशन लि. (आरजीआरएल) के शेयर मूल्य में हेरफेर करने के मामले में 18 संस्थाओं पर कुल 2.8 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही, उन्हें प्रतिभूति बाजार में कारोबार करने से पांच साल तक के लिए प्रतिबंधित कर दिया है।

नियामक ने अपने आदेश में 18 में से 15 संस्थाओं को अवैध तरीके से कमाए गए कुल 2.94 करोड़ रुपये के लाभ को 31 दिसंबर, 2021 से भुगतान की तिथि तक 12 फीसदी सालाना ब्याज के साथ वापस जमा कराने का निर्देश दिया है। यह राशि 45 दिनों में सेबी के निवेशक संरक्षण एवं शिक्षा कोष में जमा करानी होगी।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने मंगलवार को अपने 61 पृष्ठ के आदेश में कहा, ये संस्थाएं आरजीआरएल के कम नकदी वाले शेयर के मूल्य को कृत्रिम रूप से बढ़ाने और निवेशकों को आकर्षित करने की पूर्व नियोजित साजिश का हिस्सा थीं। इस साजिश में आपस में जुड़े हुए संगठनों के बीच कारोबार (ट्रेडिंग) करना शामिल था। इसका मकसद कम शेयर में कृत्रिम मात्रा उत्पन्न करने के बाद मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम के जरिये टिप/स्टॉक अनुशंसाओं का प्रसार करना था। एजेंसी

### संजय चोकसी और समूह की हेराफेरी करने में अहम भूमिका

आदेश के मुताबिक, संजय अरुणकुमार चोकसी सहित नोटिस पाने वाले संख्या एक से छह तक के लोग शेयर में ट्रेडिंग का भ्रामक माहौल बनाने के लिए कीमत में हेरफेर कर रहे थे। संजय चोकसी के नेतृत्व वाले चोकसी समूह ने हेराफेरी में अहम भूमिका निभाई। हालांकि, चोकसी अब आरजीआरएल के प्रवर्तक नहीं हैं। फिर भी कंपनी पर उनका नियंत्रण बना रहा, क्योंकि सभी वैधानिक भुगतान उनके खाते से प्राप्त हो रहे थे।

### व्यक्तिगत लाभ के लिए प्रभाव का गलत इस्तेमाल

**आदेश में सेबी के अर्ध-न्यायिक प्राधिकरण संतोष शुक्ला ने कहा,** मुझे लगता है कि नोटिसी संख्या एक (चोकसी) ने सद्भावना से कार्य नहीं किया और व्यक्तिगत लाभ के लिए कंपनी में अपने प्रभाव का बखूबी दुरुपयोग किया। अन्यथा, कम नकदी वाले आरजीआरएल के शेयर में कारोबार की मात्रा में बढ़ोतरी और टेलीग्राम पर प्रसारित सिफारिशें निवेश निर्णय को प्रभावित करने वाले संकेत हैं, जो निवेशकों को इस शेयर में कारोबार करने के लिए प्रेरित करते हैं।

- अर्ध-न्यायिक प्राधिकरण शुक्ला ने कहा, यह पूरा मामला 18 संस्थाओं को प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित करने और उन पर मौद्रिक दंड लगाने के लिए उपयुक्त है।

### संस्थाओं पर पांच से 50 लाख रुपये तक का दंड

**सेबी ने आदेश में कहा,** इन संस्थाओं ने कुछ नोटिस प्राप्तकर्ताओं को आरजीआरएल के कम तरलता वाले शेयर आम निवेशकों को बेचने में सक्षम बनाया और इस प्रकार कुल 2.94 करोड़ रुपये से थोड़ा अधिक का अवैध लाभ अर्जित किया। जांच के बाद इन संस्थाओं पर पांच लाख से 50 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया गया।

- **पीएफयूटीपी नियमों का उल्लंघन :** मामला सामने आने के बाद इसकी जांच एक सितंबर, 2020 से 31 दिसंबर, 2021 की अवधि के लिए की गई थी, ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या सेबी के पीएफयूटीपी (धोखाधड़ी एवं अनुचित व्यापार प्रथाओं के निषेध) नियमों का उल्लंघन हुआ है। **जांच के बाद नियामक ने 8 नवंबर, 2024 को कथित उल्लंघनों के लिए इन संस्थाओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।**

## ईरान की धमकी बाद क्रूड के दाम 5 फीसदी बढ़कर 108 डॉलर पार




**न्यूयॉर्क।** ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स की जवाबी कार्रवाई के तौर पर पश्चिम एशिया में कई ऊर्जा ठिकानों पर हमला करने की धमकी के बाद बुधवार को वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में पांच फीसदी तक की तेजी आई।

अंतरराष्ट्रीय मानक तेल ब्रेंट क्रूड की कीमतें 5.26 डॉलर या 5 फीसदी बढ़कर 108.66 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गईं। दिन के कारोबार में ब्रेंट क्रूड एक समय बढ़त के साथ 109.95 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया था। वहीं, अमेरिकी मानक हल्का कच्चा तेल यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 2.44 डॉलर या 2.54 फीसदी उछलकर 98.65 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया।

दरअसल, बुधवार को ईरान के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमले के बाद तेहरान ने पड़ोसियों के ऊर्जा ठिकानों को तबाह करने की चेतावनी दी। इससे ऊर्जा बाजार में तेल-गैस की आपूर्ति में और रुकावटें आने को लेकर डर का माहौल पैदा हो गया।

एसईबी के विश्लेषक ओले ह्वाल्बी ने कहा, ईरान के साउथ पार्स क्षेत्र पर हुए हमलों से तेल और गैस की कीमतें बढ़ रही हैं। ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमलों में किसी भी और बढ़ोतरी से कीमतें लगातार बढ़ती रहेंगी। ईरान युद्ध के बाद से कच्चे तेल के दाम 40 फीसदी से अधिक बढ़ हैं। एजेंसी

## न्यूज डायरी

### परिवर्तनीय दर पर नीलामी आयोजित करेगा आरबीआई

**मुंबई।** आरबीआई 20 मार्च को 75,000 करोड़ रुपये की तीन दिवसीय परिवर्तनीय रेपो दर (वीआरआर) नीलामी आयोजित करेगा। केंद्रीय बैंक ने बुधवार को एक बयान में कहा, यह नीलामी 20 मार्च को सुबह 9:30 बजे से 10:00 बजे के बीच होगी और इस कोष की वापसी 23 मार्च को होगी। आरबीआई ने बैंकिंग प्रणाली की वर्तमान और बदलती नकदी स्थितियों के आधार पर नीलामी की घोषणा की है। एजेंसी

### एनबीएफसी इकाई में 1,500 करोड़ डालेगा एक्सिस बैंक

**नई दिल्ली।** एक्सिस बैंक अपनी एनबीएफसी इकाई एक्सिस फाइनेंस लि. (एएफएल) में कारोबार वृद्धि के लिए अगले एक वर्ष में राइट्स इश्यू के माध्यम से 1,500 करोड़ रुपये निवेश करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बैंक ने बताया कि उसके बोर्ड की अधिग्रहण, विनिवेश एवं विलय समिति ने 18 मार्च को हुई बैठक में 31 मार्च, 2027 से पहले एक या अधिक किस्तों में निवेश करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। एजेंसी

### 5.45 लाख करोड़ होगा रोड इनविट्स का आकार

**नई दिल्ली।** घरेलू इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट हाईवे परिसंपत्तियों के मुद्रीकरण के लिए प्रमुख माध्यम के रूप में उभरे हैं। फिक्की एवं क्रिसिल इंटेलिजेंस की बुधवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, अनुमान है कि रोड इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविट्स) की प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां पांच वर्षों में दोगुनी से अधिक बढ़कर 2029-30 तक 5.45 लाख करोड़ रुपये हो जाएंगी। यह अभी 2.46 लाख करोड़ रुपये है। एजेंसी

### एआई के क्षेत्र में भारत की स्थिति दुनिया में सबसे अलग

**नई दिल्ली।** आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी कॉग्निजेंट के मुख्य एआई अधिकारी बाबक होदजात ने कहा, एआई को अपनाने के मामले में भारत दुनिया में एक विशिष्ट स्थिति में है। इसके पीछे भारत के मजबूत प्रौद्योगिकी आधार और डिजिटल प्रणालियों की गहरी समझ रखने वाले विशाल कार्यबल बड़ी वजह है। साथ ही कहा, काम की गुणवत्ता की जांच करने के लिए इन्सानी विशेषज्ञों की जरूरत बनी रहेगी। एजेंसी

### 6जी के मानक तय करने में नेतृत्व करेगा भारत

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, भारत 6जी एलायंस के माध्यम से वैश्विक 6जी मानकों को परिभाषित करने में अग्रणी भूमिका निभाने को तैयार है। इस तकनीक में असीम संभावनाएं हैं, जो न सिर्फ डिजिटल अंतर को पाटेगी, बल्कि देश के लिए जबरदस्त मौके भी देगी। हमारी निर्णायक भूमिका चार प्रमुख स्तंभों पर आधारित होनी चाहिए। एजेंसी

**घरेलू बाजार लगातार तीसरे सत्र बढ़त में...निचले स्तर पर चौतरफा खरीदारी**

## कच्चे तेल में नरमी से सेंसेक्स 633 अंक उछला, 5.70 लाख करोड़ रुपये बढ़ी पूंजी

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच घरेलू शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला बुधवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में जारी रहा। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से सेंसेक्स और निफ्टी करीब एक फीसदी उछल गए। बाजार विशेषज्ञों ने कहा, हालिया बिकवाली के बाद ऑटो और रियल एस्टेट समेत अन्य शेयरों में निचले स्तर पर चौतरफा खरीदारी और मजबूत वैश्विक रुझान से घरेलू बाजार में तेजी को समर्थन मिला।

सेंसेक्स 633.29 अंक या 0.83 फीसदी चढ़कर 76,704.13 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में एक समय यह 929.38 अंक या 1.22 फीसदी की बढ़त के साथ 77,000.22 के स्तर पर पहुंच गया था। निफ्टी 196.65 अंक या 0.83 फीसदी उछलकर 23,777.80 पर बंद हुआ।

बाजार में तेजी से बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों की संयुक्त पूंजी 5.70 लाख करोड़ बढ़कर 439 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई। सेंसेक्स की 30 में से 24 कंपनियों के शेयर बढ़त में रहे। टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, सनफार्मा और आईटीसी समेत छह शेयर गिरावट में बंद हुए। **एनटीपीसी सबसे अधिक 1.29 फीसदी नुकसान में बंद हुआ।**

**76,704.13** पर बंद हुआ सेंसेक्स

**77,000** के स्तर पर पहुंच गया दिन में 929.38 अंक उछलकर

**196.65** अंक बढ़कर निफ्टी **23,777.80** के स्तर पर बंद

30 में से 24 कंपनियों के शेयर बढ़त में

| ये शेयर सर्वाधिक चढ़े | |
|---|---|
| इटरनल | 3.37 फीसदी |
| टेक एम | 3.27 फीसदी |
| इन्फोसिस | 2.84 फीसदी |
| अदाणी पोर्ट्स | 2.83 फीसदी |
| एचसीएल टेक | 2.76 फीसदी |

| इंडेक्स भी हरे निशान में | |
|---|---|
| फोकस्ड आईटी | 2.95 फीसदी |
| आईटी | 2.82 फीसदी |
| रियल्टी | 2.67 फीसदी |
| सर्विसेज | 2.45 फीसदी |
| ऑटो | 1.77 फीसदी |

### तीन सत्र में 2,140 अंकों की बढ़ोतरी

घरेलू बाजारों में लगातार तीन सत्र से जारी तेजी के बीच सेंसेक्स में 2,140 अंक की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जबकि निफ्टी 626.70 अंक उछल गया।

- **सूचीबद्ध कंपनियों की पूंजी 9.18 लाख करोड़ बढ़कर 439 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई।**

### 2,714 करोड़ के शेयर बेचे

विदेशी संस्थागत निवेशक लगातार बिकवाली कर रहे हैं। बुधवार को भी इन्होंने 2,714.35 करोड़ के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 3,253 करोड़ के शेयर खरीदे।

- बीएसई मिडकैप सूचकांक 2.39 फीसदी उछल गया। स्मॉलकैप 1.59 फीसदी बढ़त में बंद हुआ।

- ***अर्बन कंपनी 10.33 फीसदी बढ़त में :*** *एसबीआई म्यूचुअल फंड के कंपनी में 632 करोड़ में हिस्सेदारी खरीदने के बाद अर्बन कंपनी का शेयर बीएसई पर 10.33 फीसदी चढ़ गया और 121.20 रुपये पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान एक समय यह 20 फीसदी तक उछल गया था।*

### चांदी 6,000 रुपये सस्ती, सोना भी फिसला



**दिल्ली सराफा बाजार में** चांदी की कीमतें बुधवार को 6,000 रुपये या 2.28 फीसदी सस्ती होकर 2,56,500 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर आ गईं। सोना भी 1,000 रुपये या 0.62 फीसदी की गिरावट के साथ 1,60,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव बंद हुआ। पिछले सत्र में चांदी 2,62,500 रुपये प्रति किलोग्राम और सोना 1,61,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक, दिलीप परमार ने बताया, सोने में गिरावट इसलिए आई, क्योंकि व्यापारियों की मुनाफावसूली के साथ भौतिक मांग में भी सुस्ती देखने को मिली।

- ***अंतरराष्ट्रीय बाजार में*** *हाजिर चांदी 0.79 फीसदी की बढ़त के साथ 79.92 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। सोना 16.10 डॉलर टूटकर 4,989.65 डॉलर प्रति औंस रह गया।*

## निवेशकों की रुचि घटने से पटरी से उतरा केंद्र का निजीकरण अभियान

- तीन कंपनियों में हिस्सा बेचने का प्रस्ताव फिलहाल ठंडे बस्ते में

अमर उजाला ब्यूरो/एजेंसी




**नई दिल्ली।** निवेशकों की दिलचस्पी घटने के चलते केंद्र सरकार आईडीबीआई बैंक समेत तीन कंपनियों के प्रस्तावित निजीकरण सौदों को स्थगित करने पर विचार कर रही है। आईडीबीआई बैंक में हिस्सेदारी बेचने का प्रयास पहले ही विफल हो चुका है और हाल में जो बोलियां मिली हैं, वे उम्मीद से काफी कम हैं। यह सरकार के प्रमुख विनिवेश कार्यक्रम के लिए एक और झटका है।

कई वर्षों से विलंबित निजीकरण योजना को नए झटके लग रहे हैं। शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया और एचएलएल लाइफकेयर जैसी सरकारी कंपनियों में घटती रुचि के अलावा पिछले सप्ताह आईडीबीआई बैंक में हिस्सा बेचने का सौदा भी विफल हो गया। इसके लिए जो बोलियां मिल रही हैं, वे सरकार के तय न्यूनतम मूल्य से भी कम हैं।

सूत्रों के मुताबिक, सरकार ने 2020 में शिपिंग कॉरपोरेशन के निजीकरण के लिए बोलियां मंगाई थीं। इसमें कई बोलीदाताओं ने रुचि दिखाई थी, लेकिन बाद में समीक्षा करने पर पता चला कि चुने गए बोलीदाता कंपनी का अधिग्रहण करने के लिए अयोग्य थे। **इसके बाद विनिवेश विभाग ने बिक्री रद्द कर प्रक्रिया को फिर से शुरू करने या लॉजिस्टिक्स श्रृंखला को एकीकृत करने के लिए कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के साथ विलय की संभावना तलाशने का प्रस्ताव दिया है।**

सरकार ने 2021-22 में कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के निजीकरण का भी लक्ष्य रखा था, लेकिन बिक्री प्रक्रिया शुरू नहीं की। एचएलएल लाइफकेयर को 2021 में बिक्री के लिए वित्तीय बोलियां आमंत्रित की गई थीं। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं ने प्रक्रिया को आगे बढ़ाने से इन्कार कर दिया और बिक्री प्रस्ताव की शर्तों में बदलाव करने की मांग की।

### ये प्रमुख कारक बन रहे बाधा

एक सूत्र ने बताया, सरकार ने इन तीन सरकारी कंपनियों में हिस्सेदारी बेचने की मौजूदा योजनाओं को स्थगित करने पर अब तक अंतिम निर्णय नहीं लिया है।

- **पेशेवर सेवा फर्म एन प्वाइंट एडवाइजर्स के निदेशक अंकुर वहाल ने कहा,** परिचालन अक्षमताएं, संपत्ति हस्तांतरण में अस्पष्टता, सरकार की ऊंची कीमतें मिलने की अपेक्षाएं और सीमित प्रोत्साहन, निवेशकों की रुचि को कमजोर कर रहे हैं एवं निजीकरण में बाधा डाल रहे हैं।

### 800 अरब रुपये जुटाने का लक्ष्य

आईडीबीआई बैंक की बिक्री रद्द होने से भविष्य में बैंक निजीकरण के लिए आदर्श मानी जा रही योजना पटरी से उतर गई है। इस असफल बिक्री से अगले वित्त वर्ष के विनिवेश राजस्व पर असर पड़ सकता है। सरकार ने परिसंपत्ति मुद्रीकरण और विनिवेश के के जरिये 800 अरब रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है।

## एलपीजी किल्लत : तत्काल उपयोग वाले खाद्य उत्पादों की बिक्री 15 फीसदी बढ़ी



**नई दिल्ली।** एलपीजी आपूर्ति में बाधा के बीच ई-कॉमर्स मंच अमेजन पर जल्द पकने वाले और तत्काल उपयोग के लिए तैयार खाद्य उत्पादों की मांग में करीब 15 फीसदी की उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

कंपनी ने बुधवार को कहा, एलपीजी संकट पैदा होने के बाद उसके मंच पर इंस्टेंट नूडल्स, डिब्बाबंद खाना, स्नैक्स और पेय पदार्थ जैसी श्रेणियों की बिक्री में खासी बढ़ोतरी देखी गई है। यह मांग केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि हैदराबाद, चेन्नई और कोलकाता जैसे महानगरों के साथ सोनीपत और पणजी जैसे छोटे शहरों में भी देखी जा रही है।

अमेजन के क्विक कॉमर्स मंच अमेजन नाउ पर तत्काल खपत के लिए तैयार और डिब्बाबंद खाद्य उत्पादों की बिक्री में मासिक आधार पर करीब 20 फीसदी की वृद्धि हुई है। यह तेजी खासकर दिल्ली-एनसीआर, मुंबई और बंगलूरू के कुछ हिस्सों में रही है।

इसके साथ ही, रोजमर्रा की जरूरत वाले किराना उत्पादों की योजनाबद्ध खरीदारी में भी स्थिर मांग बनी हुई है। आटा, दाल, चावल, खाद्य तेल, पेय पदार्थ और ड्राई फ्रूट जैसी श्रेणियों में भी अच्छा रुझान देखा जा रहा है। उद्योग के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च के पहले पखवाड़े में एलपीजी खपत में 17.7 फीसदी गिरावट आई है। एजेंसी

## फिजिक्सवाला को 263.34 करोड़ का आयकर नोटिस

**नई दिल्ली।** शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी फिजिक्सवाला को आकलन वर्ष 2023-24 के लिए 263.34 करोड़ रुपये की आयकर मांग को लेकर नोटिस मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया, आयकर विभाग ने उस अवधि के दौरान निवेशकों से प्राप्त निवेश को कर योग्य आय माना है। इसमें भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास पंजीकृत श्रेणी-2 वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) से प्राप्त कोष भी शामिल हैं। इन्हीं के आधार पर आयकर विभाग ने मांग नोटिस भेजा है।

कंपनी ने कहा, वह इस निर्धारण आदेश को चुनौती देने की योजना बना रही है। फिजिक्सवाला ने कहा, शुरुआती मूल्यांकन के आधार पर कंपनी का मानना है कि उसके पास उपयुक्त अपीलीय प्राधिकरण के समक्ष अपील दायर करने के लिए मजबूत कानूनी और तथ्यात्मक आधार हैं। एजेंसी

## रुपया सार्वकालिक निचले स्तर पर, 49 पैसे टूटकर 93 के करीब

*डॉलर के मुकाबले रुपया बुधवार को 49 पैसे टूटकर सार्वकालिक निचले स्तर 93 के करीब पहुंच गया। डॉलर में मजबूती और विदेशी निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी से रुपये में गिरावट आई। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने भी बाजार की धारणा को कमजोर किया।* ब्यूरो

**92.89** के स्तर पर बंद हुआ रुपया

**92.42** पर खुला था शुरुआती कारोबार में

**92.40** के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था मंगलवार को भी

### गिरावट का सिलसिला जारी

**116** पैसे कमजोर हुआ है रुपया लगातार 6 सत्रों से गिरावट में

**92.01** के स्तर पर बंद हुआ था 11 मार्च को

युद्ध के बाद से **1.98%** टूटी है स्थानीय मुद्रा संघर्ष शुरू होने के बाद से

**91.08** के स्तर पर बंद हुई थी 27 फरवरी को

**99.62** पर पहुंच गया डॉलर सूचकांक, 0.05 फीसदी की बढ़त

*फिनरेक्स ट्रेजरी एडवाइजर्स एलएलपी के ट्रेजरी प्रमुख अनिल कुमार भंसाली ने कहा, प्रमुख केंद्रीय बैंकों की मौद्रिक समीक्षा बैठक से पहले रुपया नए निचले स्तर पर पहुंच गया। आरबीआई ने भी इसे 92.50 के नीचे जाने दिया।*

## अदाणी समूह 14,535 करोड़ में करेगा जेपी एसोसिएट्स का अधिग्रहण

### एनसीएलटी ने अदाणी एंटरप्राइजेज की समाधान योजना को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने अदाणी समूह की कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज को जयप्रकाश एसोसिएट्स (जेएएल) के अधिग्रहण की मंजूरी दे दी। अदाणी एंटरप्राइजेज ने इसके लिए 14,535 करोड़ रुपये की बोली लगाई थी।

इस फैसले के साथ दिवालिया समाधान ढांचे के तहत सबसे चर्चित सौदे में से एक को अंतिम रूप मिल गया। जयप्रकाश एसोसिएट्स ने शेयर बाजार को बताया, एनसीएलटी की इलाहाबाद पीठ ने 17 मार्च, 2026 को अदाणी एंटरप्राइजेज की समाधान योजना को मंजूरी दी। पिछले साल नवंबर में, कर्जदाताओं की एक समिति (सीओसी) ने जेएएल के अधिग्रहण को लेकर उद्योगपति गौतम अदाणी की समाधान योजना को मंजूरी दी थी।

रियल एस्टेट, सीमेंट उत्पादन, होटल, निर्माण समेत कई क्षेत्रों में काम करने वाली जेएएल पिछले साल जून में 57,185 करोड़ के कर्ज के भुगतान में चूक गई थी, जिसके बाद उसके खिलाफ दिवालिया कार्रवाई शुरू की गई थी। इसके लेनदारों में नेशनल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लि. भी है। ब्यूरो

*डिफॉल्ट हो गई थी कंपनी...जयप्रकाश एसोसिएट्स ने यमुना एक्सप्रेसवे समेत कई पावर प्लांट और सीमेंट फैक्टरियों में भारी निवेश करने के लिए एसबीआई और आईसीआईसीआई जैसे बैंकों से भारी कर्ज लिया था। बाद में परियोजनाओं से कमाई नहीं हो पाने एवं ब्याज दरें बढ़ने की वजह से कंपनी समय पर कर्ज नहीं चुका पाई और उसे डिफॉल्ट घोषित कर दिया गया।*

### बोली में ऐसे पिछड़ी वेदांता-डालमिया

जेपी एसोसिएट्स को खरीदने की दौड़ में अनिल अग्रवाल की कंपनी वेदांता लि. और डालमिया सीमेंट (भारत) जैसी कंपनियां शामिल थीं, लेकिन कंपनी की कमान अदाणी समूह को मिल गई। **अदाणी समूह को कर्जदाताओं की समिति से अधिकतम 89 फीसदी वोट मिले। उसके बाद डालमिया सीमेंट और वेदांता का स्थान रहा।**

- **वेदांता** ने 17,000 करोड़ रुपये की बोली लगाई थी। लेकिन, उसने शुरुआत में 4,000 करोड़ का तुरंत भुगतान करने और बाकी की रकम अगले पांच-छह वर्षों में चुकाने की बात कही थी।
- **अदाणी समूह** ने कहा, वह 14,535 करोड़ में से 6000 करोड़ रुपये तुरंत और बाकी रकम सिर्फ दो साल में चुकाने के लिए तैयार है। इसलिए, जेएएल के कर्जदाताओं की समिति ने अदाणी समूह का चयन किया।

## 2035 तक बदल जाएगा भारतीय सेमीकंडक्टर क्षेत्र का स्वरूप, बनेगा 300 अरब डॉलर का आत्मनिर्भर बाजार

डेलॉय की रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारत का सेमीकंडक्टर क्षेत्र एक बड़े बदलाव के लिए तैयार है। खास बात है कि यह 2035 तक 50 अरब डॉलर के आयात-निर्भर बाजार से बढ़कर 300 अरब डॉलर का आत्मनिर्भर सेमीकंडक्टर तंत्र बन जाएगा। डेलॉय की 'टेक्नोलॉजी, मीडिया एंड टेलीकम्युनिकेशंस प्रेडिक्शंस-2026' रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय सेमीकंडक्टर बाजार 2030 तक करीब तीन गुना होकर 120 अरब डॉलर और 2035 तक 300 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। यह वृद्धि एआई, मोटर वाहन क्षेत्र और डाटा सेंटर के तेजी से विस्तार से प्रेरित होगी। 2024-25 में भारत के सेमीकंडक्टर बाजार का आकार 45-50 अरब डॉलर था। पिछले तीन वर्षों में इसकी वार्षिक वृद्धि 20% रही है। एजेंसी

### 75-80 अरब डॉलर का आएगा निवेश



रिपोर्ट के मुताबिक, मोबाइल फोन, मोटर वाहन, कंप्यूटिंग और डाटा सेंटर जैसे क्षेत्र 2035 तक देश की सेमीकंडक्टर मांग का 70 फीसदी से अधिक का हिस्सा बनेंगे। अब तक इस क्षेत्र में 10 स्वीकृत परियोजनाओं के जरिये 19 अरब डॉलर से अधिक का निवेश आया है। अगले पांच वर्षों में 50 अरब डॉलर का अतिरिक्त निवेश आने का अनुमान है। 2030 से 2035 के बीच 75-80 अरब डॉलर का और निवेश आएगा, जिससे पूरे तंत्र का विस्तार होगा।

***2035 तक क्षेत्र में 20 लाख नौकरियां पैदा होने का अनुमान है, जिनमें 30 फीसदी विनिर्माण, 30 फीसदी डिजाइन सेवाओं और 40 फीसदी अन्य मूल्य श्रृंखला गतिविधियों में होंगी।***

### घरेलू उत्पादन से पूरी होगी 60 फीसदी मांग

रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान में भारत अपनी 90 फीसदी से अधिक सेमीकंडक्टर जरूरतों को पूरा करने के लिए आयात करता है, लेकिन 2035 तक इसमें बड़ा बदलाव आने की संभावना है। घरेलू उत्पादन तब तक देश की 60 फीसदी से अधिक मांग को पूरा कर सकता है। हालांकि, रिपोर्ट में आगाह भी किया गया है कि प्रगति की इस रफ्तार को बनाए रखने के लिए प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता होगी।

## छोटे उद्यमों पर दबाव से बैंक कर्ज पर बढ़ेगा जोखिम

**नई दिल्ली।** खुदरा और छोटे उद्यमों में उभरते दबाव के कारण निकट भविष्य में बैंकों में कर्ज के मामले में नई चूक बढ़ने की आशंका है। हालांकि, समग्र परिसंपत्ति गुणवत्ता मजबूत बनी है।

रेटिंग एजेंसी इक्रा और एसोचैम की रिपोर्ट के मुताबिक, ऋण वृद्धि के मोर्चे पर वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 25 से 26 लाख करोड़ रुपये यानी 13.7-14.3 फीसदी की वार्षिक वृद्धि हो सकती है। 2026-27 के लिए ऋण विस्तार 23.50 से 25 लाख करोड़ रहने का अनुमान है। छोटे उद्यमों की मदद से कर्ज की मांग मजबूत बनी रहेगी। एजेंसी

## शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 7.1 फीसदी बढ़कर 22.8 लाख करोड़, रिफंड छह फीसदी घटा




**नई दिल्ली।** शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 17 मार्च तक 7.1 फीसदी बढ़कर लगभग 22.8 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। कर रिफंड की धीमी रफ्तार और कॉरपोरेट टैक्स संग्रह में वृद्धि के कारण यह उछाल दर्ज किया गया है।

आयकर विभाग के बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, एक अप्रैल, 2025 से 17 मार्च, 2026 के बीच शुद्ध कॉरपोरेट टैक्स संग्रह 13 फीसदी बढ़कर 9.68 लाख करोड़ पहुंच गया। वहीं, व्यक्तियों और हिंदू अविभाजित परिवारों सहित गैर-कॉरपोरेट इकाइयों से प्राप्त कर तीन फीसदी बढ़कर करीब 11.32 लाख करोड़ रुपये रहा। प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) संग्रह पांच फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 55,717 करोड़ रुपये पहुंच गया। 2024-25 की समान अवधि में यह 53,095 करोड़ था।

इस अवधि में कुल 4.34 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया, जो एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 6 फीसदी कम है। आयकर विभाग ने अग्रिम कर संग्रह के बारे में बताया कि चार किस्तों में यह 6.4 फीसदी बढ़कर 11.13 लाख करोड़ रुपये रहा। अग्रिम कर संग्रह की अंतिम किस्त 15 मार्च को समाप्त हुई। एजेंसी

## प्रेरणा

प्रेम का न मिलना दुर्भाग्य है लेकिन प्रेम मिलना बंद हो जाना अपमान है। - बैरन डी मॉन्टेस्क्यू

## संपादकीय

# तेल पर हमारी निर्भरता मुश्किलें पैदा करेगी

भले ही प्रति-व्यक्ति तेल (पेट्रोलियम) उपभोग में अमेरिका और चीन भारत के मुकाबले क्रमशः 16 और 3 गुना ज्यादा हैं, लेकिन इस उत्पाद पर इन दोनों देशों के मुकाबले बढ़ती निर्भरता भारत की बड़ी कमजोरी है। आज विश्व-बाजार में कुल खपत वृद्धि का एक-चौथाई हिस्सा भारत का है। ऐसे में तेल का संकट या मूल्य-वृद्धि देश की अर्थव्यवस्था पर बहुआयामी असर डालेगी। दरअसल पिछले कुछ वर्षों में चीन ने परिवहन के लिए ईवी ट्रकों और गाड़ियों का इस्तेमाल व्यापक स्तर पर शुरू किया है। भारत ने भी एथेनोल ब्लेंडिंग 20% तक की, लेकिन आज भी परिवहन की निर्भरता पेट्रोल (52%) और डीजल (19%) पर कुल 71% है। चीन का अपना पेट्रोलियम उत्पादन भी भारत के मुकाबले कई गुना ज्यादा है, जबकि अमेरिका तो दुनिया को भी तेल बेचता है। यह सच है कि भारत को रूस से तेल कम कीमतों में मिलता रहा है, लेकिन पिछले एक वर्ष में अमेरिकी दबाव के कारण इसका उठान भी कम रहा है। नतीजतन भारत की खाड़ी देशों पर निर्भरता 55% तक हो चुकी है। युद्धरत ईरान का 90% तेल चीन खरीदता है, जबकि भारत खाड़ी के अन्य देशों से भी आयात करता है। पिछले तीन दिनों में चीन की युद्ध रुकवाने में सक्रियता बढ़ी है। चूंकि चीन ईरान की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और उसका सऊदी अरब से लेकर तमाम देशों में भारी निवेश है, इसलिए अमेरिका भी उसी से होर्मुज मार्ग खुलवाने की गुहार कर रहा है। लेकिन भारत पर युद्ध का असर अन्य देशों से अधिक होगा।

## जीने की राह



पं. विजयशंकर मेहता
humarehanuman@gmail.com

# नववर्ष आध्यात्मिक साधना के लिए बहुत सहयोगी है

कुछ बातों को देव कृपा और देव प्रकोप मानना बंद करना चाहिए। बाढ़ आती है, हमारा कुछ नुकसान होता है, शरीर बीमार होता है तो हम कह देते हैं कि भगवान की इच्छा है। या उसने कृपा की है या वो नाराज है। लेकिन ये अधूरा सत्य है। अगर प्रकृति प्रकोप कर रही है तो उसे केवल देव इच्छा न मानें, उसमें हमारा भी योगदान है। कुछ ना कुछ हमने प्रकृति के साथ ऐसी छेड़छाड़ की है कि वो पलटकर आ रही है। ये दुनिया बड़े अच्छे ढंग से ईश्वर ने बनाई है। इसमें किया हुआ व्यर्थ नहीं जाता। हमारे ऊपर जब भी संकट आए, सबसे पहले हम अपनी भूमिका देखें कि इसमें हमारा क्या योगदान है? आज से रौद्र नाम का संवत्सर आरंभ हो रहा है। ज्योतिषियों के अनुसार इस वर्ष गुरु रहेंगे राजा और मंगल होंगे मंत्री। गुरु के कारण धार्मिक गतिविधियां बढ़ेंगी, तो यह वर्ष हमारे लिए आध्यात्मिक साधना के लिए बड़ा सहयोगी है। इस वर्ष संकल्प लें कि थोड़ा अपने भीतर की यात्रा को बढ़ाएंगे। और चूंकि मंगल मंत्री हैं तो अग्नि, हिंसा, यह सब प्रकरण होते रहेंगे, पर यह हिंदू वर्ष अपनी आत्मा से जुड़ने के लिए बहुत अवसर देगा।

•Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

## पाठकों के पत्र

### वांगचुक मामले में अब क्या?

केंद्र सरकार ने सोनम वांगचुक की राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत हिरासत रद्द कर दी। यह फैसला तब आया, जब तीन दिन बाद ही सुप्रीम कोर्ट हिरासत की वैधता को चुनौती देने वाली बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई शुरू करने वाला था। अचानक रिहाई से पता चलता है कि सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के संभावित प्रतिकूल फैसले से बचने की कोशिश की, जो एनएसए के गलत प्रयोग को साबित कर देता। **-जंग बहादुर सिंह, जमशेदपुर, झारखंड**

### हम भी सार्थक योगदान दें

दुनिया में स्वास्थ्य और विज्ञान के क्षेत्र में अमेरिकी प्रभुत्व के पीछे भारतवंशियों का अहम योगदान है। पेटेंट फाइलिंग से लेकर शोध पत्र प्रकाशन तक भारतवंशियों का ग्राफ 1975 से अब तक 5 गुना बढ़ा है। हर साल 18 हजार नए भारतीय डॉक्टर सिस्टम से जुड़ रहे हैं। जब भारतवंशी अमेरिका में परचम लहरा सकते हैं तो क्यों न हम भी हमारी स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत कर भारत को वैश्विक पहचान दें। **-योगेश जोशी, बड़वाह, मध्यप्रदेश**

### गैस किल्लत से परेशान

गैस की कमी ने ऑटो संचालकों को इतना लाचार कर दिया है कि आज 50% ऑटो सड़कों से नदारद हैं। लोगों को तकलीफ हो रही है। बोर्ड परीक्षाओं में तो छात्रों पर सबसे बुरा असर पड़ रहा है। इस बीच, ऑटो किराए में 25% की बढ़ोतरी जले पर नमक छिड़कने जैसी है। लेकिन सरकार का कहना है कि कोई किल्लत ही नहीं है। हम वाकई बड़े दिलचस्प दौर में जी रहे हैं।
**-सुश कोचर, जयपुर, राजस्थान**

### युद्ध नहीं, संवाद से निकले हल

युद्ध केवल सैनिकों या सरकारों के बीच नहीं होता, इसका असर आम जनता, वैश्विक व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा पर पड़ता है। कीमतों में वृद्धि, आपूर्ति श्रृंखलाओं का टूटना और आर्थिक अनिश्चितता दुनिया भर के लिए संकट पैदा कर सकती है। आवश्यकता है कि सैन्य टकराव के बजाय संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता दी जाए। ऐसा नहीं हुआ तो यह संघर्ष केवल क्षेत्रीय नहीं रहेगा, वैश्विक अस्थिरता का भी कारण बन सकता है। **-सुभाष बुड़ावनवाला, रतलाम, मध्यप्रदेश**

**आप अपने पत्र editpage@dbcorp.in पर भेज सकते हैं**

## क्या आप जानते हैं

# दुनिया की पहली वेबसाइट का पेज आज भी है मौजूद

कम्प्यूटर वैज्ञानिक टिम बर्नर्स ली ने 1991 में दुनिया की पहली वेबसाइट https://info.cern.ch/ बनाई थी। इसका वेब पेज आज भी इंटरनेट पर उपलब्ध है। यूरोपीय परमाणु अनुसंधान संगठन (सीईआरएन) में काम करते हुए ली ने 1989 में ऐसी सूचना प्रबंधन प्रणाली का प्रस्ताव दिया, जो हाइपरटेक्स्ट के जरिए शोधकर्ताओं को दुनियाभर के कम्प्यूटरों में दस्तावेजों तक पहुंच प्रदान करती है। 6 अगस्त 1991 को दुनिया की पहली वेबसाइट सीईआरएन में ही लॉन्च की गई। इस साइट पर वर्ल्ड वाइड वेब के बारे में जानकारी दी गई है।

**135 करोड़ के लगभग वेबसाइट्स आज वर्ल्ड वाइड वेब पर बताई जाती हैं। इसमें हर दिन करीब 2.5 लाख नई साइटें जुड़ती हैं।**

**दूरदृष्टि •** यह बहुत हद तक युद्ध शुरू करने वाले यूएस-इजराइल और कुछ हद तक ईरान पर निर्भर है

# ईरान में जारी युद्ध कब और कैसे खत्म होगा?

## भू-राजनीति



आशुतोष वार्ष्णेय
ब्राउन यूनिवर्सिटी, अमेरिका में राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर

ईरान में जारी युद्ध कब और कैसे खत्म होगा, यह उन देशों के उद्देश्यों पर निर्भर करता है जिन्होंने युद्ध शुरू किया है- अमेरिका और इजराइल। यह कुछ हद तक ईरान की प्रतिक्रिया और उसकी सैन्य व राजनीतिक क्षमता पर भी निर्भर करता है। जहां इजराइल के युद्ध के उद्देश्य साफ और लगातार एक जैसे रहे हैं, वहीं अमेरिका की स्थिति कई अलग-अलग कारणों में उलझी हुई है।

ईरान की धार्मिक सरकार अपने नागरिकों के प्रति बहुत दमनकारी रही है और बाहरी तौर पर भी आक्रामक रही है, खासकर इजराइल के खिलाफ। इसमें पहला बिंदु इजराइल की मुख्य चिंता नहीं है; दूसरा है। इजराइल चाहता है कि ईरान की राजनीतिक व्यवस्था खत्म हो जाए, या कम से कम उसकी सैन्य ताकत और उसके सहयोगी समूहों की ताकत बहुत घट जाए- खासकर लेबनान में हिजबुल्ला और गाजा में हमास। 7 अक्टूबर 2023 के बाद इन दोनों समूहों को भारी नुकसान हुआ था और कुछ लोगों को लगा था कि वे फिर से खड़े नहीं हो पाएंगे, लेकिन अब साफ है कि लेबनान में हिजबुल्ला कमजोर होने के बावजूद फिर से सक्रिय हो गया है।

इजराइल का रवैया ईरान के प्रति- जो कि एक अरब देश नहीं है- वैसा नहीं है, जैसा कि वह फिलिस्तीनियों के प्रति रखता है। सिर्फ इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और दक्षिणपंथी नेताओं के लिए ही नहीं, बल्कि इजराइली समाज के एक बड़े हिस्से के लिए भी 7 अक्टूबर 2023 के बाद गाजा के फिलिस्तीनी \'मानव से कम' माने जाने लगे थे और इसलिए उनके हिंसक विनाश को सही समझा गया। इतिहास और सिद्धांत बताते हैं कि ऐसी सोच बड़े पैमाने पर हत्याओं और नरसंहार की स्थिति पैदा कर सकती है। लेकिन ईरान के मामले में इजराइल की चर्चा में अक्सर सरकार और समाज के बीच फर्क किया जाता है। जहां ईरान की सरकार को बुरी बताया जाता है और उसे खत्म करने की बात की जाती है, वहीं ईरानी समाज- जो 1979 की क्रांति से पहले इजराइल का दोस्त माना जाता था- को एक प्राचीन सभ्यता का हिस्सा समझा जाता है। इसलिए गाजा में जो रणनीति अपनाई गई, वैसी ईरान के लिए नहीं सोची जा सकती। ईरान में इजराइल का मुख्य लक्ष्य समाज को नष्ट करना नहीं, बल्कि सरकार को बदलना होगा।

अमेरिका ने ईरान पर हमले के कई कारण बताए हैं : राजनीतिक व्यवस्था बदलना; ईरान की सैन्य क्षमता को खत्म करना खासकर उसकी मिसाइल बनाने और लॉन्च करने की क्षमता को; उसे यूरेनियम संवर्धन करने और परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना; अरब दुनिया में ईरान के सहयोगी समूहों को खत्म करना; दमन झेल रहे नागरिकों को आजाद कराना; और अमेरिका या उसके क्षेत्रीय हितों पर हमले से पहले ईरान को कड़ी चोट पहुंचाना। इतने सारे कारणों के बावजूद कई लोग कहते हैं कि यह असल में इजराइल का युद्ध है और अमेरिका इसमें उसका साझेदार भर ही है।

फिर भी, इतने अलग-अलग कारण होने की समस्या सैद्धांतिक रूप से हल की जा सकती है। यह कहा जा सकता है कि सरकार बदलना अमेरिका का मुख्य उद्देश्य है और बाकी लक्ष्य उससे जुड़े हुए हैं। अगर बड़ा लक्ष्य हासिल हो जाता है तो बाकी उद्देश्य अपने आप पूरे हो जाएंगे। दूसरे शब्दों में, अगर सरकार बदल जाती है तो परमाणु हथियारों की योजना छोड़ दी जाएगी, मिसाइल निर्माण कम हो जाएगा, सहयोगी समूह कमजोर पड़ जाएंगे और नागरिकों पर दमन भी कम होगा।

लेकिन समस्या यह है कि सरकार बदलना शायद संभव न हो, या इसमें बहुत लंबा समय लग सकता है। नेताओं को मार देना राजनीतिक व्यवस्था बदलने के बराबर नहीं होता, खासकर एक ऐसे देश में, जहां व्यवस्था बहुत मजबूत संस्थाओं पर टिकी हो। 1979 की क्रांति के बाद ईरान ने संविधान के जरिए एक धार्मिक-शासन व्यवस्था बनाई, जिसमें धर्मगुरुओं के पास चुनी हुई सरकार से भी ज्यादा शक्ति है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि क्रांति की रक्षा के लिए एक बड़ा संगठन बनाया गया- इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स। अगर मौजूदा नेतृत्व को बाहरी ताकत हटा भी दे, तो स्थापित प्रक्रियाओं के जरिए फिर नया नेतृत्व उभर सकता है। कम से कम निकट भविष्य में बाहरी दबाव से पूरी व्यवस्था का गिरना संभव नहीं लगता। इसके अलावा, ईरान राजनीतिक व्यवस्था बदलने की कोशिश की कीमत आसानी से और काफी बढ़ा भी सकता है।



**ईरान इस युद्ध की कीमत बढ़ाने के लिए तैयार है...**

**यह ईरान के हित में होगा कि वह ड्रोनों के इस्तेमाल और होर्मुज पर अपने नियंत्रण के जरिए युद्ध की कीमत बढ़ाता चला जाए, और उसके पास ऐसा करने की क्षमता भी है। वेनेजुएला जैसी कोई सस्ती जीत ईरान में संभव नहीं है। यहां हवा से हुकूमत नहीं बदली जा सकती।**

मिसाइलों को रोकने वाली एयर डिफेंस प्रणाली बहुत महंगी होती हैं। जितनी ज्यादा मिसाइलें दागी जाएंगी, मिसाइल डिफेंस की लागत उतनी ही बढ़ेगी और यह हमेशा तक नहीं चल सकता। अगर युद्ध लंबा चलता है, तो ये खर्च छोटे नहीं होंगे। कुछ मिसाइलें एयर डिफेंस को पार कर अपने लक्ष्य तक भी पहुंच जाएंगी, जैसे तेल डिपो, पानी को साफ करने वाले प्लांट, बिजली स्टेशन, एआई डेटा सेंटर और यहां तक कि होटल और मॉल भी। ईरान पहले से ही खाड़ी देशों में ऐसा कर रहा है, जिससे उनकी अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान हो रहा है। यह नुकसान और भी बड़ा हो सकता है।

दूसरा, ड्रोन ने युद्धों की प्रकृति बदल दी है। मिसाइलों की तुलना में इन्हें बनाना और लॉन्च करना काफी सस्ता होता है और जैसा यूक्रेन ने दिखाया है, ड्रोन युद्ध को लंबे समय तक जारी रख सकते हैं, भले ही दोनों देशों की सैन्य ताकत में बड़ा फर्क क्यों न हो। अगर मिसाइल लॉन्चर और उत्पादन केंद्रों पर हमला किया जाता है- जैसा कि इजराइल और अमेरिका की सैन्य कार्रवाई में दिख रहा है- तो अमेरिका के सहयोगी देशों जैसे यूएई और कतर पर ड्रोन हमले रक्षा के तौर पर इस्तेमाल किए जा सकते हैं। अभी तक कोई नहीं जानता कि ड्रोन बनाने की क्षमता को पूरी तरह कैसे खत्म किया जाए।

तीसरा, ईरान दुनिया के कुल तेल का सिर्फ 5% ही पैदा करता है, लेकिन दुनिया के 20% तेल और गैस की सप्लाई होर्मुज से होकर गुजरती है। ऊर्जा विशेषज्ञ डेनियल येरगिन के अनुसार, दुनिया तेल उत्पादन में इतिहास के सबसे बड़े व्यवधान और वैश्विक गैस बाजारों में बड़े झटके का सामना कर रही है। यह तो साफ है कि यह ईरान के हित में होगा कि वह ड्रोनों के इस्तेमाल और होर्मुज पर अपने नियंत्रण के जरिए युद्ध की कीमत बढ़ाए, और उसके पास ऐसा करने की क्षमता भी है। वेनेजुएला जैसी कोई सस्ती जीत यहां संभव नहीं है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए **QR कोड** को स्कैन करें।

**विश्लेषण •** पश्चिम बंगाल में चुनावी संघर्ष छिड़ा

# मतदाता सूची विवादों में घिरी हुई है और चुनाव सिर पर हैं

## निर्वाचन



आरती जेरथ
राजनीतिक टिप्पणीकार
aratijerath@gmail.com

बंगाल अपने अब तक के सबसे विवादास्पद चुनाव की ओर बढ़ रहा है। यह न केवल राज्य में टीएमसी बनाम बीजेपी के समीकरण की परीक्षा लेगा, बल्कि चुनाव आयोग की क्षमताओं को भी कसौटी पर रखेगा। ऐसा कम ही होता है कि मतदाता सूची विवाद के घेरे में हो और उसी दौरान चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी जाए- जबकि चिंतित मतदाताओं और राजनीतिक दलों की ओर से चुनाव आयोग के दफ्तरों और अदालतों में आपत्तियों की बाढ़ आई हुई हो। हालांकि इसके अलावा कोई विकल्प भी नहीं था। वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल 6 मई को समाप्त हो रहा है। संविधान के तहत, उससे पहले चुनाव प्रक्रिया पूरी कर नई विधानसभा का गठन करना अनिवार्य है।

चुनाव प्रक्रिया को नियंत्रित करने वाले नियम सरल हैं और चुनाव आयोग ने पिछले सात दशकों में राज्य-दर-राज्य बिना किसी खास विवाद के चुनाव सुचारु और शांतिपूर्ण ढंग से कराए हैं। लेकिन इस बार बंगाल में जो चीज प्रक्रिया को प्रभावित करने का खतरा पैदा कर रही है, वह है आयोग का चुनाव से महज पांच महीने पहले एसआईआर शुरू करने का फैसला। इसका औपचारिक कारण घुसपैठियों और अवैध मतदाताओं को हटाना बताया गया था, लेकिन इसके बाद आयोग खुद इस काम के बोझ तले दबता दिखाई दिया। बड़े पैमाने पर नामों में कटौती को लेकर उसका राज्य सरकार से लगातार टकराव भी होता रहा।

वर्तमान स्थिति यह है कि करीब 63 लाख नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। भ्रम को और बढ़ाते हुए आयोग ने बंगाल के लिए अंडर एडजुडिकेशन नाम से विशेष श्रेणी भी बना दी है। इस सूची में लगभग 60 लाख ऐसे मतदाताओं के नाम शामिल हैं, जिनकी स्थिति संदिग्ध मानी जा रही है। नामों की वर्तनी में अंतर या उम्र से जुड़ी मामूली विसंगतियों जैसे कारणों से उनकी जांच की जा रही है। जब तक आयोग उनको लेकर वास्तविक मतदाता के रूप में संतुष्ट नहीं हो जाता, तब तक वे मतदान के लिए अयोग्य माने जाएंगे।

एसआईआर विवादों में इतना घिर गया है कि सर्वोच्च न्यायालय को भी इसमें हस्तक्षेप करना पड़ा है। कई विशेषज्ञों का मानना है कि शीर्ष अदालत को इस मुद्दे से दूर रहना चाहिए था, क्योंकि एसआईआर मूलतः कार्यपालिका का कार्य है। इसके बावजूद सर्वोच्च न्यायालय ने प्रक्रिया को समय पर पूरा कराने की जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ली है। इसके लिए विशेष न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जो इस प्रक्रिया की निगरानी करेंगे। अदालत ने चुनाव आयोग के अधिकारियों और इन विशेष न्यायिक अधिकारियों को निर्देश दिया है कि नामांकन वापसी की अंतिम तिथि से सात दिन पहले तक सभी विवादों का निपटारा कर लिया जाए। इसका सीधा अर्थ यह है कि 1.23 करोड़ मतदाताओं का भविष्य तय करना और मतदाता सूची को अंतिम रूप देना अप्रैल के पहले सप्ताह तक अनिवार्य हो गया है। लेकिन सबसे बड़ी जंग समय से है, क्योंकि यह काम बहुत ही बड़ा है।

**ऐसा कम ही होता है कि मतदाता सूची विवाद के घेरे में हो और चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी जाए। चिंतित मतदाताओं और दलों की ओर से चुनाव आयोग के दफ्तरों और अदालतों में आपत्तियों की बाढ़ आई हुई है।**

चुनाव तिथियों की घोषणा के कुछ ही घंटों के भीतर आयोग ने पांच शीर्ष अधिकारियों- जिनमें मुख्य सचिव भी शामिल थे- का आधी रात को तबादला कर दिया, जिन्हें एसआईआर प्रक्रिया के दौरान असहयोगी माना गया था। दूसरी तरफ पश्चिम बंगाल प्रशासन की लगभग सभी प्रमुख शाखाओं- पुलिस और गृह विभाग सहित- के प्रमुखों की भी बदली की गई है। चुनाव से ठीक पहले आरएन रवि की पश्चिम बंगाल में राज्यपाल के रूप में नियुक्ति ने माहौल को और धुंधला कर दिया है। रवि की छवि हस्तक्षेप करने वाले संवैधानिक प्राधिकारी की रही है। खासकर तमिलनाडु में तो उनका राज्य सरकार के साथ अकसर टकराव होता रहता था, जिससे मुख्यमंत्री एमके स्टालिन उनसे खासे नाराज रहते थे।

**(ये लेखिका के अपने विचार हैं)**

**मुद्दा •** प्रशासनिक विश्वसनीयता में घटता भरोसा

# धार्मिक व्यवस्थाओं के लिए भी न्यायालय की शरण क्यों?

## वैधानिक





अर्घ्य सेनगुप्ता
स्वप्निल त्रिपाठी
विधि सेंटर फॉर लीगल पॉलिसी में पदाधिकारी

मध्य प्रदेश के भोजशाला परिसर विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट को तीन हफ्ते में सुनवाई पूरी करने के निर्देश दिए हैं और इस मामले में अगली सुनवाई 2 अप्रैल को होगी। भोजशाला 11वीं शताब्दी का एक संरक्षित स्मारक है। इसे हिंदुओं द्वारा देवी सरस्वती के मंदिर के रूप में माना जाता है, जबकि मुस्लिम समुदाय इसे कमाल मौला मस्जिद के रूप में पहचानता है। 2003 में दोनों समुदायों के दावों को संबोधित करने के उद्देश्य से एएसआई ने मुस्लिम समुदाय को शुक्रवार की नमाज के लिए दोपहर 1 से 3 बजे तक परिसर में प्रवेश की अनुमति दी, जबकि हिंदुओं को वसंत पंचमी के अवसर पर समारोह आयोजित करने की अनुमति दी गई। इस वर्ष वसंत पंचमी शुक्रवार को पड़ी। न्यायालय का दरवाजा खटखटाया गया। न्यायालय ने दोनों समुदायों को उसी दिन प्रार्थना करने की अनुमति दी और समय-निर्धारण तथा प्रवेश-व्यवस्था को प्रबंधित किया।

एक स्तर पर यह हस्तक्षेप व्यावहारिक प्रतीत होता है। किंतु यह प्रकरण साझा धार्मिक स्थलों से जुड़े विवादों में न्यायिक भूमिका के विस्तार पर एक संवैधानिक प्रश्न को जन्म देता है। भोजशाला का मामला कोई अलग घटना नहीं है। यह उस व्यापक प्रवृत्ति का हिस्सा है, जिसमें न्यायालय के दरवाजे धार्मिक व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए भी खटखटाए जाने लगे हैं। न्यायालय के समक्ष हुई चर्चाओं से स्पष्ट है कि मुख्य मुद्दे प्रशासनिक थे- समय प्रबंधन, प्रवेश का विनियमन तथा समूहों के बीच समन्वय। ये ऐसे विषय हैं, जिन्हें सामान्यतः त्योहारों, जुलूसों या सार्वजनिक स्थलों के साझा उपयोग के दौरान जिला प्रशासन संभालता है। जब इस प्रकार के तार्किक एवं प्रशासनिक प्रश्न बार-बार न्यायिक निगरानी की आवश्यकता उत्पन्न करते हैं, तो यह एक संरचनात्मक परिवर्तन का संकेत देता है, जिसमें न्यायालय प्रशासनिक दायित्व निभाने लगते हैं।

यह बदलती प्रथा 1991 के प्लेसेस ऑफ वर्शिप अधिनियम की पृष्ठभूमि में और महत्वपूर्ण जाती है। बढ़ते सांप्रदायिक तनावों के बाद पारित इस अधिनियम ने 15 अगस्त 1947 को विद्यमान धार्मिक चरित्र को स्थिर कर दिया और उसके परिवर्तन पर रोक लगा दी। इसका उद्देश्य स्पष्ट था- ऐतिहासिक धार्मिक दावों के न्यायिक पुनःउद्घाटन को रोकना और यह सुनिश्चित करना कि देश अतीत के विवादों में उलझा न रहे।

लेकिन हालिया घटनाक्रमों ने इस विधायी समझौते की दृढ़ता पर प्रश्नचिह्न लगाए हैं। ज्ञानवापी मामले में, वाराणसी की जिला अदालत ने मस्जिद परिसर के सर्वे का निर्धारण करने के लिए एएसआई सर्वेक्षण का आदेश दिया, जिसे उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय ने बरकरार रखा। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया था कि ऐसा सर्वेक्षण 1991 के अधिनियम का उल्लंघन होगा। इस आशंका के प्रत्युत्तर में कि ऐसे सर्वेक्षण निराधार दावों को प्रोत्साहित कर सकते हैं, मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने टिप्पणी की थी कि जो आपको निराधार लगता है, वह दूसरे पक्ष के लिए आस्था हो सकती है।

**भोजशाला का मामला कोई अलग घटना नहीं है। यह उस प्रवृत्ति का हिस्सा है, जिसमें न्यायालय के दरवाजे अधिकारों के निर्धारण के लिए ही नहीं, बल्कि धार्मिक व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए भी खटखटाए जा रहे हैं।**

धार्मिक सह-अस्तित्व के लिए बार-बार न्यायालयों का सहारा लेना एक गहरी संस्थागत चिंता को दर्शाता है। यह न केवल कार्यपालिका पर निष्पक्ष मध्यस्थता के लिए विश्वास में कमी को इंगित करता है, बल्कि समुदायों के बीच स्थानीय स्तर पर संवाद की दुर्बलता को भी प्रकट करता है। भोजशाला मामले में न्यायालय के समक्ष हुई चर्चाएं दर्शाती हैं कि पक्षकार व्यावहारिक समाधान पर विचार करने में सक्षम थे। दोनों पक्षों ने एक साथ प्रार्थना की अनुमति पर सहमति जताई थी। इस प्रकार का आपसी सद्भाव स्वागतयोग्य है। ऐसे प्रशासनिक प्रबंध सामान्यतः जिला स्तर पर त्योहारों आदि पर किए जाते हैं। लेकिन जब इन पर उच्च न्यायालयों की मुहर आवश्यक हो जाती है, तो यह प्रशासनिक विश्वसनीयता में घटते भरोसे का संकेत हो सकता है। **(ये लेखकों के अपने विचार हैं)**

**डिफ्रेंट एंगल •** बुजुर्गों ही नहीं, युवाओं को भी नींद को गंभीरता से लेना चाहिए, यह भोजन जितनी ही जरूरी

# नींद न आना समस्या है, नींद का बार-बार टूटना और बड़ी समस्या

## हेल्थ



डॉ. विकास अग्रवाल
एशिया के अग्रणी ईएनटी सर्जन

आज एक समस्या तेजी से बढ़ती दिखाई दे रही है- नींद टूटना या नींद पूरी न होना। बहुत लोग इसे सामान्य मानकर नजरअंदाज कर देते हैं और सोचते हैं यह केवल तनाव या थकान की वजह से है। लेकिन नींद से जुड़ी समस्याएं अब बड़ी स्वास्थ्य चुनौती बनती जा रही हैं। समय रहते इसके कारणों को समझकर इलाज न किया जाए, तो यह गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती है।

नींद न आना एक समस्या है, लेकिन नींद का बार-बार टूटना उससे भी अधिक गंभीर स्थिति हो सकती है। कई लोग मानते हैं कि उनकी नींद तनाव या चिंता के कारण टूटती है, लेकिन अकसर इसके पीछे शारीरिक कारण भी होते हैं। बड़ी संख्या में लोगों की नाक में किसी न किसी प्रकार का ब्लॉकेज पाया जाता है। यह ब्लॉकेज एलर्जी, साइनस की समस्या या नाक की हड्डी के टेढ़े होने की वजह से हो सकता है। जब नाक पूरी तरह खुली नहीं होती, तो सांस सामान्य रूप से नहीं चलती और इसका असर नींद पर पड़ता है। ऐसे में नींद बार-बार टूटती है।

अकसर लोग इस समस्या को समझ नहीं पाते और बार-बार नोज ड्रॉप या स्प्रे का इस्तेमाल करते रहते हैं। इससे कुछ समय के लिए राहत मिल सकती है, लेकिन असली कारण का इलाज नहीं हो पाता। इसलिए अगर नाक लंबे समय तक बंद रहती है या बार-बार सर्दी-जुकाम होता है, तो इसकी सही जांच कराना जरूरी है।

नींद टूटने की समस्या का एक कारण स्लीप एपनिया भी है। एक अध्ययन के अनुसार लगभग 32.5% लोगों में मॉडरेट से गंभीर स्लीप एपनिया पाया गया है। इस स्थिति में सोते समय व्यक्ति की सांस एक घंटे में 15 से अधिक बार रुक सकती है। यानी लगभग हर चार मिनट में एक बार सांस 10 सेकंड से अधिक समय के लिए रुक जाती है और शरीर में ऑक्सीजन का स्तर कम होने लगता है। लंबे समय तक ऐसा होने से हृदय रोग, हाई बीपी और हार्ट अटैक का खतरा भी बढ़ सकता है।

स्लीप एपनिया और नींद टूटने के कई कारण हो सकते हैं। इनमें बढ़ता हुआ मोटापा, खान-पान की आदतें, देर रात तक जागना, काम का तनाव और लंबा ट्रैवलिंग समय शामिल हैं। कुछ लोगों में अन्य स्वास्थ्य समस्याएं भी नींद में बाधा बनती हैं। कई पुरुषों में प्रोस्टेट की समस्या या एसिडिटी के कारण भी रात में बार-बार उठना पड़ता है, जिससे उनकी नींद बार-बार टूटती है।

नाक और गले की संरचना से जुड़ी समस्याएं भी स्लीप एपनिया का कारण बन सकती हैं। अगर नाक की हड्डी टेढ़ी है या अंदर की संरचना में समस्या है, तो यह केवल दवाइयों से ठीक नहीं होती और कई मामलों में सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है। स्लीप एपनिया बेहद खतरनाक है- दिन में अत्यधिक नींद आने के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से लेकर तलाक और गर्भधारण में दिक्कतों तक, स्लीप एपनिया कई समस्याएं पैदा करता है। इसलिए आवश्यक है कि बीमा में स्लीप एपनिया की सभी प्रकार की सर्जरी शामिल हो। अच्छी बात यह है कि आजकल नाक और साइनस की अधिकांश सर्जरी एंडोस्कोपिक यानी मिनिमली इनवेसिव तकनीक से की जाती हैं। इसमें मरीज को कम तकलीफ होती है।

नींद से जुड़ी समस्याओं को समय रहते पहचानना और उनका इलाज कराना बहुत महत्वपूर्ण है। अकसर देखा जाता है कि लोग वर्षों तक इस समस्या को टालते रहते हैं और इलाज तब करवाते हैं, जब उम्र काफी बढ़ चुकी होती है। 60-70 वर्ष की उम्र के बाद शरीर में अन्य बीमारियां भी जुड़ जाती हैं, जिससे सर्जरी या उपचार अपेक्षाकृत जटिल हो सकते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमें नींद को उतना ही महत्व देना चाहिए, जितना हम भोजन और काम को देते हैं।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

भास्कर एनालिसिस | सेंसेक्स 633% चढ़ा, 3 दिन में 2,140 अंकों की तेजी, हो सकती है मुनाफा वसूली

# आईटी इंडेक्स एक दिन में 3% उछला

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

शेयर बाजार में तेजी का नया दौर शुरू होने के शुरुआती संकेत हैं। सेंसेक्स तीन दिन में करीब 3% यानी 2,140 अंक उछल चुका है। बुधवार को यह 633 अंकों की तेजी साथ 76,704 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 197 अंक चढ़कर 23,778 पर पहुंच गया। विश्लेषकों के मुताबिक, यह तेजी टिक सकती है क्योंकि अब आईटी शेयर भी चढ़ने लगे हैं, जिनमें गिरावट बाजार की सबसे बड़ी चिंता थी।

लगातार तीसरे दिन की तेजी में आईटी शेयरों में उछाल की बड़ी भूमिका रही। बीएसई का आईटी इंडेक्स करीब 3% चढ़ गया। यह एक्सचेंज के किसी भी सेक्टोरल इंडेक्स की सबसे बड़ी उछाल है। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा कि मौजूदा रैली की अगुआई आईटी, रियल्टी और ऑटो सेक्टर कर रहे हैं। अब मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों की भी रिकवरी देखी जा रही है। यानी बाजार सबसे बड़ी चुनौतियों से उबरता नजर आ रहा है।

### तेजी क्यों... बाजार धीमे-धीमे ओवरसोल्ड जोन से उबरता नजर आ रहा

1 **कच्चा तेल काबू में:** ब्रेंट क्रूड के दाम 102 डॉलर के करीब स्थिर हो रहे हैं, 120 डॉलर तक जोन की आशंका कम है।

2 **बाजार ओवरसोल्ड जोन से उबरा:** निफ्टी 26,350 से गिरकर 23,200 तक आया था। ऐसे में तकनीकी पलटाव स्वाभाविक था।

3 **शॉर्ट कवरिंग:** हालिया गिरावट के बाद ट्रेडरों ने शॉर्ट पोजिशन काटीं। इससे शेयरों की खरीदारी बढ़ी, बाजार का रुझान मजबूत हुआ।

4 **सेक्टोरल रोटेशन:** आईटी, रियल्टी, ऑटो जैसे सेक्टरों में म्यूचुअल फंड जैसे संस्थागत निवेशकों की खरीदारी लौटी है।

5 **वैश्विक संकेत बेहतर:** दुनियाभर के प्रमुख शेयर बाजारों में स्थिरता लौटने के चलते विदेशी निवेशकों का सेंटीमेंट सुधारने लगा है। अब भारत में उनकी खरीदारी शुरू हो सकती है।

### टर्निंग पॉइंट: आईटी में उछाल इसलिए.. एआई से नहीं बढ़ा रिस्क: सीएलएसए

निफ्टी आईटी इंडेक्स 4% तक उछला। ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म सीएलएसए की रिपोर्ट इसकी वजह रही। इसने टीसीएस, इन्फोसिस, एचसीएल टेक और विप्रो से बातचीत के बाद कहा कि एंथ्रॉपिक और ओपनएआई के नए एआई टूल्स की वजह से ऑर्डर रिन्युअल के मूल्य में कमी नहीं आ रही। सीएलएसए ने परसिस्टेंट सिस्टम्स और कोफोर्ज को जोरदार मुनाफे की संभावना वाले शेयर बताया। इन्फोसिस, टीसीएस, टेक महिंद्रा के लिए भी 'आउटपरफॉर्म' रेटिंग बरकरार रखी।

### गहराई कम: तीन दिन की तेजी अभी सेंसेक्स और निफ्टी तक ही सीमित

| प्रमुख इंडेक्स | तेजी/गिरावट |
|---|---|
| सेंसेक्स | +2.9% |
| निफ्टी 50 | +2.7% |
| बीएसई लार्जकैप | -0.6% |
| बीएसई मिडकैप | -2.3% |
| बीएसई स्मॉलकैप | -2.5% |

- अच्छी बात ये रही कि मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स बुधवार को करीब 2% चढ़े। मंगलवार को भी तेजी देखी गई थी। पर सोमवार को ये गिरे थे।

### आगे क्या...

**सेंसेक्स 75,700 के बाद मुनाफा वसूली हो सकती है**

कोटक सिक्युरिटीज के इक्विटी रिसर्च हेड श्रीकांत चौहान का कहना है कि 'पुलबैक रैली' ने एक चरण पूरा कर लिया है। अब ऊंचे स्तरों पर प्रॉफिट बुकिंग हो सकती है। उनकी सलाह है:

- इंट्राडे ट्रेडर्स गिरावट पर खरीदें, तेजी पर बेचें, रिटेल निवेशक अपने शेयर होल्ड कर सकते हैं।
- सेंसेक्स 75,700 के लेवल तक चढ़ गया है। इसके बाद मुनाफा वसूली की संभवना बनी हुई है।
- लंबी अवधि के निवेशक हर गिरावट पर क्वालिटी शेयरों में चरणबद्ध तरीके से निवेश जारी रख सकते हैं। बीच-बीच में ऐसे मौके मिलते रहेंगे।
- अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेड और यूरोप के केंद्रीय बैंक ईसीबी की मॉनेटरी पॉलिसी का इंतजार करें।

### एविएशन शेयरों में और गिरावट की आशंका

- ईरान युद्ध से पश्चिम एशिया का हवाई क्षेत्र बाधित है। इस बीच कच्चे तेल के ऊंचे दाम और डीजीसीए का 60% सीटें मुफ्त रखने के निर्देश से एयरलाइंस की कमाई घटेगी।
- 2026 की शुरुआत से इंडिगो के शेयर 15% और स्पाइसजेट के 55% टूट चुके हैं। ईरान युद्ध के बाद से अब तक विमान ईंधन एटीएफ की कीमतें 85% तक बढ़ चुकी हैं।
- इक्विनॉमिक्स के एमडी जी. चोक्कालिंगम ने चेतावनी दी है कि अगर डीजीसीए का सीट निर्देश स्थायी हो गया तो यह पूरी एयरलाइन इंडस्ट्री के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकता है।

भास्कर इंटरव्यू | 7 करोड़ यात्री क्षमता वाला एयरपोर्ट कैसा होगा

# कम दृश्यता वाले मौसम में भी 'जेवर' से उड़ानें बाधित नहीं होंगी: सीईओ, एनआईए



एनआईए यानी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) अब उड़ान के लिए तैयार है। नियामक डीजीसीए से लाइसेंस और क्लीयरेंस मिल चुके हैं। इसके सीईओ **क्रिस्टोफ श्नेलमान** से **कृष्ण मोहन तिवारी** ने इस हवाई अड्डे की स्मार्ट टेक्नोलॉजी, कनेक्टिविटी और एयरलाइन साझेदारी से लेकर यात्री सुविधाओं तक हर पहलू पर बात की। पेश है मुख्य अंश...

**▪ क्या एयरपोर्ट संचालन के लिए पूरी तरह तैयार है?**
हम संचालन की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। हमने इंडिगो के साथ 'वैलिडेशन फ्लाइट' और रनवे के इंस्ट्रूमेंटेशन का सफल परीक्षण पूरा कर लिया है। हमें घरेलू उड़ानों के लिए बीसीएएस से सुरक्षा क्लीयरेंस मिल गई है। डीजीसीए से 'एरोड्रम लाइसेंस' भी मिल गया है।

**▪ यात्रियों के लिए जेवर एयरपोर्ट कितना सुविधाजनक होगा?**
तकनीक के मामले में एनआईए 'फ्यूचर-रेडी' है। ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट होने के कारण यहां पुराने इंफ्रास्ट्रक्चर की सीमाएं नहीं हैं। यात्री अनुभव को बेहतर बनाने के लिए ऑनलाइन चेक-इन, सेल्फ-बैगेज ड्रॉप और 'डिजियात्रा' बायोमेट्रिक बोर्डिंग का फुल-इंटीग्रेशन किया गया है। यह पूरा डिजिटल इकोसिस्टम यात्रियों को रीयल-टाइम अपडेट्स और बिना किसी परेशानी के ट्रैवल करने की सुविधा देगा।

**▪ चेकपॉइंट्स पर समय की कितनी बचत होगी?**
डिजिटल लेयर और ऑटोमेशन के कारण समय कम लगेगा। बायोमेट्रिक पहचान और सेल्फ-सर्विसेज से कतारें छोटी होंगी और नेविगेशन सरल होगा। एयरलाइंस के साथ डिजाइन करते समय 'मिनिमम वॉकिंग डिस्टेंस' को प्राथमिकता दी गई है।

**▪ उद्घाटन के बाद परिवहन के कौन से विकल्प मिलेंगे?**
ऑपरेशन के पहले ही दिन से यात्रियों को इलेक्ट्रिक टैक्सी, एप-आधारित कैब और लंबी दूरी की बस सेवाएं मिलेंगी। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और उत्तराखंड के प्रमुख केंद्रों के लिए समर्पित बस सेवाएं होंगी। मेट्रो और रैपिड रेल कनेक्टिविटी पर राज्य और केंद्र की एजेंसियां काम कर रही हैं।

**▪ जेवर एयरपोर्ट दुबई या हीथ्रो जैसा 'ट्रांजिट हब' बन पाएगा?**
भारत में एविएशन तेजी से बढ़ रहा है। दिल्ली-एनसीआर को अतिरिक्त क्षमता की सख्त जरूरत है। नोएडा एयरपोर्ट न सिर्फ दिल्ली, बल्कि नोएडा, गाजियाबाद, आगरा और फरीदाबाद के करोड़ों लोगों की जरूरतें पूरी करेगा। इसकी रणनीतिक स्थिति इसे आगरा, मथुरा और बौद्ध सर्किट जैसे पर्यटन स्थलों के लिए प्रवेश द्वार बनाती है, जो इसे अंतरराष्ट्रीय ट्रांजिट हब बनाने के लिए पर्याप्त है।

**▪ एयरपोर्ट की क्षमता कितनी है, रनवे की क्या खूबियां हैं?**
पहले चरण में हम सालाना 1.2 करोड़ यात्री संभालेंगे। चौथे चरण तक यह क्षमता 7 करोड़ हो जाएगी। रनवे 3,900 मीटर लंबा है। कोहरे और कम दृश्यता से निपटने के लिए यहां कैट-3 नेविगेशन उपकरण हैं, ताकि सर्दियों में भी उड़ानें बाधित न हों।

**▪ किन एयरलाइंस की रुचि है?**
इंडिगो हमारी लॉन्च पार्टनर है। हमने अकासा एयर और एयर इंडिया एक्सप्रेस से भी साझेदारी की है। मध्य-पूर्व और दक्षिण-पूर्व एशिया की एयरलाइंस ने यहां से उड़ान भरने में गहरी रुचि दिखाई है।

भास्कर Infographic

## एआई अब जरूरी टूल: काम आसान, पर जोखिम दोगुना



**मुंबई** | एआई अब कामकाज का अहम हिस्सा बन चुका है। मार्केटिंग में कंटेंट से लेकर आइडिया जेनरेशन तक इसका इस्तेमाल बढ़ा है। जॉब सर्च में भी युवा तेजी से एआई टूल्स अपना रहे हैं। लेकिन डेटा लीक और साइबर जोखिम की चिंता भी बढ़ रही है।

**मार्केटिंग: एआई का 38 फीसदी इस्तेमाल आइडिया जेनरेशन में**



| इस्तेमाल | काम का प्रकार |
|---|---|
| 52% | टेक्स्ट, इमेज, वीडियो |
| 45% | परफॉर्मेंस एनालिसिस |
| 38% | चैटबॉट्स, नए आइडिया |
| 35% | डॉक्यूमेंटेशन |
| 32% | कंटेंट पर्सनलाइजेशन |

- टेक्स्ट, इमेज और वीडियो बनाने में एआई सबसे ज्यादा काम आ रहा है। हर दो में से एक मार्केटर इसे इस्तेमाल करता है।

**जॉब सर्च: 86 फीसदी लोग एआई टूल्स का इस्तेमाल करने लगे हैं**

| एआई टूल्स/काम | अमेरिका | ब्रिटेन |
|---|---|---|
| जॉब सर्च | 73% | 86% |
| सीवी (कैनवा, अडोबी) | 58% | 43% |
| टेक्स्ट ऑप्टिमाइजर | 55% | 46% |
| इमेज या ग्राफिक जेनरेटर | 47% | 30% |
| ट्रांसलेशन टूल्स | 45% | 38% |
| वीडियो क्रिएशन टूल्स | 31% | 13% |

- ब्रिटेन में जॉब सर्च के लिए एआई का इस्तेमाल एआई हब अमेरिका के मुकाबले भी 13 पर्सेंटेज पॉइंट ज्यादा है।

**रिस्क: डेटा लीक की घटनाएं 3 साल में 34 फीसदी तक पहुंच गई है**

| चुनौतियां | 2024 | 2025 | 2026 |
|---|---|---|---|
| डेटा लीक | 21% | 22% | 34% |
| फिशिंग, डीपफेक | 46% | 47% | 29% |
| तकनीकी सुरक्षा | 9% | 5% | 13% |
| सुरक्षा प्रबंधन | 9% | 13% | 12% |

- डेटा लीक 2024 के 21% से बढ़कर 2026 में 34% हो गया, 3 साल में सबसे तेज उछाल।
- फिशिंग, मैलवेयर और डीपफेक का खतरा 2025 में चरम पर था, हालांकि 2026 में यह घटकर 29% पर आया।
- तकनीकी सुरक्षा पर खर्च 2025 में महज 5% रहा, जो चिंताजनक कमी है।

स्रोत: स्टैटिस्टा

### सबसे तेज 'अंडरवॉटर सुपरकार' तैयार, 53 करोड़ की पनडुब्बी में 3-सीटर केबिन



**काराकस** | इस हाई-टेक प्राइवेट सबमरीन को 'अंडरवॉटर सुपरकार' कहा जा रहा है। ये 9 नॉट्स (17 किमी/घंटा) की रफ्तार से 300 मीटर की गहराई तक जा सकती है। यह सामान्य प्राइवेट पनडुब्बियों से 3 गुना तेज है। डच कंपनी यू-बोट वर्क्स की बनाई इस सबमरीन के भीतर से समुद्र का 360 डिग्री व्यू दिखता है। इसकी कीमत 53 करोड़ से ज्यादा है। ये डिलीवरी के लिए तैयार है। इसमें मल्टी-थ्रस्टर सिस्टम, 5-पॉइंट सेफ्टी बेल्ट जैसे ऑटो सेफ्टी फीचर्स हैं।

### एअर इंडिया ने अपने सभी 30 ग्राउंडेड विमान सुधारे

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

एअर इंडिया ने निजीकरण के समय मिले सभी 30 ग्राउंडेड विमान सेवा में बहाल कर दिए हैं। अब एयरलाइन के एक्टिव बेड़े में 186 विमान हैं। टाटा ग्रुप ने 2022 में कमान संभालते ही बेड़े को दुरुस्त करने को प्राथमिकता दी थी। आखिरी विमान वीटी-एएलएल फरवरी 2020 से स्पेयर पार्ट्स की कमी के कारण खड़ा हुआ था। नागपुर एमआरओ में इसके 4000 मेंटेनेंस टास्क पूरे किए गए। 3,000 से ज्यादा नए पुर्जे और दोनों इंजन बदले गए। निजीकरण के वक्त एयरलाइन के पास 110 विमान थे।

### सोलर पैनल बनाने के लिए 25,000 करोड़ की फंडिंग

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

सरकार सोलर पैनल के कच्चे माल पॉलीसिलिकॉन, वेफर, इनगॉट के उत्पादन में आत्मनिर्भर होने की तैयारी कर रही है। इसके लिए 25 हजार करोड़ रुपए की वायबिलिटी गैप फंडिंग स्कीम लाने पर विचार हो रहा है। यह योजना इसी साल आ सकती है। अभी भारत अपनी जरूरत का 90% वेफर और इनगॉट चीन से आयात करता है। देश में इनका व्यावसायिक उत्पादन फिलहाल न के बराबर है। इस स्कीम का लक्ष्य 50 गीगावाट उत्पादन क्षमता विकसित करना है।

### गोल्ड बॉन्ड से तगड़ा रिटर्न, ₹1 लाख के बने ₹4 लाख

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

रिजर्व बैंक ने सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड 2019-20 सीरीज-IV समय से पहले भुनाने की कीमत 15,814 रुपए प्रति यूनिट घोषित की है। यह बॉन्ड सितंबर 2019 में ऑनलाइन निवेशकों के लिए 3,840 रुपए प्रति ग्राम पर जारी हुआ था। अब 17 मार्च 2026 को समय से पहले भुनाने पर निवेशकों को करीब 312% रिटर्न मिल रहा है। यानी 2019 में लगाए 1 लाख आज 4 लाख से अधिक हो गए। इसके अलावा 2.5% सालाना ब्याज अलग से मिलता है। जिसे जोड़ने पर कुल रिटर्न और बढ़ जाता है।

असमान लाभ • रेट कट का फायदा अमीरों तक

## जरूरी सामान पर जीएसटी घटा, फिर भी रसोई महंगी हुई

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

जीएसटी दरों में कटौती का फायदा आम उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचा। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस ऐंड पॉलिसी (एनआईपीएफपी) के ताजा रिसर्च पेपर में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। सितंबर 2025 में जीएसटी 2.0 लागू होने के बाद के चार महीनों में खाने-पीने की चीजें, घरेलू सामान और पर्सनल केयर उत्पाद- सब महंगे हो गए।

प्रोफेसर सच्चिदानंद मुखर्जी और शिवानी बडोला के इस रिसर्च में मई-अगस्त 2025 और अक्टूबर 2025-जनवरी 2026 के बीच 355 वस्तुओं के सीपीआई मूल्यों की तुलना की गई। नतीजे बताते हैं कि जिन जरूरी चीजों पर जीएसटी घटाई गई, उनकी रिटेल कीमतें उल्टी बढ़ गईं।

**टैक्स स्लैब: जीएसटी 2.0 में 4 से घटकर 3 हुए**

जीएसटी काउंसिल ने पहले के 4 स्लैब 5%, 12%, 18% और 28% को घटाकर 3 स्लैब 5%, 18% और 40% में बदल दिया। विलासिता की वस्तुओं पर 40% टैक्स लगाया गया। खाद्य सामान, ऑटो आदि पर 22 सितंबर 2025 से जीएसटी रेट में कटौती की गई।

### ईरान में हमले तेज, कच्चे तेल की कीमतें 5% बढ़ीं

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमलों के बाद दुनियाभर के तेल बाजार में बुधवार को उछाल आया। इंटरनेशनल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड की कीमत करीब 5 फीसदी बढ़कर 108-109 डॉलर प्रति बैरल हो गई। हमलों से ईरान के साउथ पार्स गैस फील्ड समेत अहम ऊर्जा सुविधाएं प्रभावित हुई हैं। इससे सप्लाई बाधित होने की आशंका बढ़ गई है। इस बीच ईरान ने खाड़ी क्षेत्र के अन्य ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाने की चेतावनी भी दी है। इससे बाजार में अनिश्चितता बढ़ी है और आगे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। ऐसा होने पर भारत दबाव में आएगा, जो जरूरत का करीब 80 फीसदी तेल आयात करता है।

तैयारी • देश के सबसे बड़े आईपीओ की धमक

## जियो: 40 हजार करोड़ के आईपीओ के लिए 17 बैंकर्स

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने जियो प्लेटफॉर्म्स के आईपीओ के लिए 17 इन्वेस्टमेंट बैंक नियुक्त किए हैं। इसके साथ ही देश के सबसे बड़े पब्लिक इश्यू की तैयारियां शुरू हो गई हैं। कंपनी आईपीओ के जरिये करीब 40 हजार करोड़ रुपए जुटा सकती है।

ब्लूमबर्ग के मुताबिक, जियो इसी माह के अंत तक दिसंबर तिमाही के नतीजों के साथ आईपीओ दस्तावेज जमा कर सकती है। इस मेगा इश्यू में नए शेयरों के साथ पुराने निवेशकों की हिस्सेदारी की बिक्री भी शामिल होगी। ब्रोकरेज कंपनियों के मुताबिक जियो का वैल्युएशन करीब 16 लाख करोड़ रुपए आंका जा रहा है। सेबी के नए नियमों के तहत 5 लाख करोड़ से ज्यादा वैल्यू वाली कंपनियां अब केवल 2.5% शेयर बाजार में उतारकर लिस्ट हो सकती हैं। पहले यह सीमा 10% थी। भारत में अब तक ह्युंडई मोटर इंडिया का पब्लिक इश्यू सबसे बड़ा रहा है। इसने 2024 में आईपीओ से 27,870 करोड़ रुपए जुटाए थे।

**ह्युंडई ने 2024 में जुटाए थे रिकॉर्ड 27,870 करोड़**

| साल | कंपनी | करोड़ रुपए |
|---|---|---|
| 2024 | ह्युंडई | 27,870 |
| 2022 | एलआईसी | 21,008 |
| 2021 | पेटीएम | 18,300 |
| 2025 | टाटा | 15,512 |
| 2010 | कोल इंडिया | 15,199 |

**भरोसा: दुनियाभर के बड़े इन्वेस्टमेंट बैंक जियो से जुड़े**

आईपीओ के लिए नियुक्त किए गए 17 इन्वेस्टमेंट बैंकों में गोल्डमैन सैक्स, मॉर्गन स्टेनली, सिटीग्रुप और जेपी मॉर्गन जैसे ग्लोबल बैंक शामिल हैं। कोटक महिंद्रा कैपिटल, एक्सिस कैपिटल, जेएम फाइनेंशियल और एसबीआई कैपिटल भी जुड़े हैं। एचएसबीसी समेत अन्य अंतरराष्ट्रीय बैंक भी शामिल किए गए हैं। यह बड़ा बैंकिंग समूह इश्यू के आकार और वैश्विक निवेशकों की संभावित रुचि दिखाता है।

जॉब मार्केट • 26% फ्रेशर्स 6 महीने तक 'बेंच' पर

## 78% कंपनियां इंटर्नशिप दे रहीं, पर 16% ही पा रहे स्थायी नौकरी

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

भारत में इंटर्नशिप अब नौकरी में एंट्री का सबसे बड़ा जरिया बन गई है। हालांकि, इससे स्थायी रोजगार मिलने की संभावना अभी भी कम है। 'अनस्टॉप टैलेंट रिपोर्ट 2026' के मुताबिक भारत की करीब 78% कंपनियां इंटर्नशिप प्रोग्राम चला रही हैं, लेकिन इनमें से सिर्फ 16% ही इंटर्न्स को फुल-टाइम नौकरी देती हैं। यह रिपोर्ट 37 हजार से ज्यादा छात्रों और 500 एच.आर लीडर्स पर हुए सर्वे पर आधारित है।

रिपोर्ट बताती है कि कंपनियां डिग्री से ज्यादा स्किल और प्रैक्टिकल अनुभव को महत्व दे रही हैं। यही वजह है कि एंट्री रूट के तौर पर इंटर्नशिप कंपनियों की पहली पसंद है। छात्र भी इंटर्नशिप से सिर्फ अनुभव नहीं पाते, बल्कि मेंटरशिप, और प्री-प्लेसमेंट ऑफर की उम्मीद भी रखते हैं, जिसे कई कंपनियां पूरा नहीं कर पा रही हैं।

**जेन-जी को स्किल डेपलपमेंट के लिए कम वेतन भी मंजूर**

जेन-जी प्रोफेशनल्स के नजरिये में बड़ा बदलाव आया है। 60-65% अब स्किल डेवलपमेंट को तरजीह देते हैं। 11-13% ही सैलरी को सबसे अहम मानते हैं। 90% युवा इसके लिए कम सैलरी पर भी काम करने को तैयार हैं। इसके बावजूद, भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी से वे इंटर्नशिप को नौकरी में नहीं बदल पा रहे।

### बिजनेस ब्रीफ

**एक्सेंचर ने लॉन्च किया 2 लाख से कम में एमबीए**

**नई दिल्ली** | आईटी कंपनी एक्सेंचर ने 'उडासिटी' के जरिये किफायती एमबीए प्रोग्राम लॉन्च किया है। इसकी फीस 2 लाख रुपए से कम है, जबकि प्राइवेट कॉलेजों में 25 लाख तक होती है। 18 महीने का यह ऑनलाइन कोर्स एआई प्रोडक्ट मैनेजमेंट पर केंद्रित है। इसे 60 देशों में मान्यता प्राप्त है। इसके जरिये युवा नौकरी के साथ पढ़ाई कर सकेंगे।

**लुलु ग्रुप ने खाड़ी भेजी 8 हजार टन खाद्य सामग्री**

**नई दिल्ली** | लुलु ग्रुप ने दो हफ्तों में भारत से खाड़ी देशों को 8 हजार टन खाद्य सामग्री भेजी है। इसमें फल, सब्जियां, चावल, अंडे शामिल हैं। सप्लाई के लिए 17 चार्टर्ड विमानों और समुद्री जहाजों का इस्तेमाल किया गया। अकेले यूएई में 5,000 टन ताजी वस्तुएं पहुंच चुकी हैं। इससे वहां रहने वाले 90 लाख भारतीयों को बड़ी राहत मिलेगी।

**भारतीय चिप मार्केट 28 लाख करोड़ तक पहुंचेगा**

**मुंबई** | देश का सेमीकंडक्टर मार्केट 2035 तक 28 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगा। 2024-25 में यह 3.7-4.2 लाख करोड़ का था। 3 साल में यह सालाना 20% बढ़ा है। डेलॉय की रिपोर्ट के अनुसार एआई और ऑटोमोटिव क्षेत्र इस ग्रोथ को रफ्तार देंगे। वर्तमान में भारत 90% चिप आयात करता है, लेकिन भविष्य में 60% घरेलू उत्पादन होगा। 20 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा।

**रुपया रिकॉर्ड 92.89 प्रति डॉलर के निचले स्तर पर**

**मुंबई** | रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 49 पैसे टूटकर 92.89 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। यह कमजोरी विदेशी पूंजी की निकासी और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव का नतीजा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 103.4 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचने से करेंसी मार्केट पर दबाव बढ़ा। मंगलवार को रुपया 92.40/डॉलर था।

बिजनेस एंकर | यात्रा अब सिर्फ दूरी तय करने का माध्यम नहीं, बल्कि सुविधा और कम्फर्ट का खेल

# युद्ध का असर, 'रिस्क फ्री ट्रेवल' के लिए दोगुना पैसे दे रहे पर्यटक; प्राइवेट जेट अमीरों की पहली पसंद, मालदीव में लैंडिंग 166% बढ़ी

भास्कर न्यूज़ | माले

मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध ने लग्जरी ट्रैवल के एक नए ट्रेंड को जन्म दिया है। द्वीपीय देश मालदीव, जहां पहुंचने के लिए पर्यटकों को कनेक्टिंग फ्लाइट्स पर निर्भर रहना पड़ता था, वहां अब अमीर सैलानी सीधे प्राइवेट जेट्स से पहुंच रहे हैं।

मालदीव एयरपोर्ट्स कंपनी लिमिटेड की रिपोर्ट के मुताबिक, 28 फरवरी से 14 मार्च के बीच वहां प्राइवेट जेट लैंडिंग्स 166% बढ़ गई। पिछले साल जहां इस अवधि में 70 प्राइवेट जेट्स लैंड हुए थे, वहीं इस साल ये आंकड़ा 128 तक पहुंच गया है। 3 मार्च को तो एक ही दिन में रिकॉर्ड 18 जेट्स लैंड हुए।

मालदीव पहुंचने के लिए पर्यटकों को दुबई, दोहा या अबू धाबी जैसे हब एयरपोर्ट्स पर मिलने वाली कनेक्टिंग फ्लाइट्स का सहारा लेना पड़ता है। लेकिन, इन शहरों के आस-पास भी हमले देखने को मिल रहे हैं। ऐसे में जिन यात्रियों के पास ज्यादा पैसा है, वे प्राइवेट जेट लेकर सीधे मालदीव पहुंच रहे हैं। यह ट्रेंड बताता है कि यात्रा अब सिर्फ दूरी तय करने का माध्यम नहीं रही, बल्कि सुविधा और कम्फर्ट का खेल बन चुकी है। फ्लाइट्स में देरी और वापसी की अनिश्चितताओं से बचने के लिए अमीर यात्री 'रिस्क-फ्री ट्रैवल' को प्राथमिकता दे रहे हैं।

बहरहाल, ब्रिटेन से मालदीव जाने वाली सीधी उड़ानों का किराया हाल के दिनों में काफी बढ़ गया है। लंदन से मालदीव की राजधानी माले के बीच 4-11 अप्रैल के लिए रिटर्न टिकट्स अब 3.7 लाख रुपए में मिल रहे हैं, जो सामान्य से ज्यादा है। प्राइवेट जेट ऑपरेटर्स और लग्जरी टूरिज्म सेक्टर इसका फायदा उठा रहे हैं। आमतौर पर सिर्फ अमीर ग्राहकों पर निर्भर रहने वाली प्राइवेट एविएशन इंडस्ट्री की मांग अचानक बढ़ गई है। साथ ही मालदीव जैसी पर्यटन-आधारित इकोनॉमी के लिए मिडिल-ईस्ट में जारी तनाव अवसर बनकर उभरा है। ज्यादा खर्च करने में सक्षम पर्यटक सीधे वहां पहुंच रहे हैं।

**बदले हुए हालात में एयरलाइंस के लिए भी रणनीति बदलना मजबूरी**



मिडिल-ईस्ट में जारी तनाव ने कमर्शियल एयरलाइंस को रणनीति बदलने पर मजबूर कर दिया है। एयरलाइंस मालदीव के लिए सीधी उड़ानों की संख्या बढ़ा रही हैं। एयर इंडिया ने 10-18 मार्च के बीच मालदीव समेत अन्य नजदीकी देशों के लिए 78 अतिरिक्त उड़ानें जोड़ी हैं। रूस की एयरोफ्लोट ने भी मॉस्को से माले, फुकेत, बैंकॉक और कोलंबो जैसे प्रमुख एशियाई पर्यटन स्थलों के लिए उड़ानें बढ़ाई हैं।

### मणप्पुरम फाइनेंस पर होगा 'बेन' का भी कंट्रोल

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

रिजर्व बैंक ने बुधवार को बेन कैपिटल को मणप्पुरम फाइनेंस का संयुक्त कंट्रोल हासिल करने की मंजूरी दे दी। इसके तहत बेन कैपिटल मणप्पुरम फाइनेंस में 18% हिस्सेदारी से शुरुआत करेगी। ओपन ऑफर के जरिये कुल हिस्सेदारी 41.7% तक जा सकती है। इस सौदे के लिए करीब 4,385 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। डील के बाद बेन कैपिटल प्रमोटर के रूप में शामिल होगी और मौजूदा प्रमोटर्स के साथ कंपनी पर नियंत्रण साझा करेगी। साथ ही बोर्ड में उसके प्रतिनिधि भी शामिल किए जाएंगे। ओपन ऑफर के बाद प्रमोटर्स की हिस्सेदारी घटकर 28.9% रह जाएगी। इसका मतलब है कि बेन कैपिटल सबसे बड़ा प्रमोटर बन जाएगी।

भव्य योजना • 33,660 करोड़ की मंजूरी

## बनेंगे 100 इंडस्ट्रियल पार्क, 15 लाख को मिलेगा रोजगार

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

भव्य योजना के तहत देशभर में 100 'प्लग-एंड-प्ले' इंडस्ट्रियल पार्क बनाए जाएंगे। इनके विकास के लिए 33,660 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने बुधवार को भारत औद्योगिक विकास योजना (भव्य) को मंजूरी दे दी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इसका लक्ष्य देश में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देना और विश्व स्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करना है। इससे लगभग 15 लाख लोगों को सीधे रोजगार मिलने की उम्मीद है। यह योजना वित्त वर्ष 2026-27 से 2031-32 तक छह साल के लिए लागू की जाएगी। पहले चरण में 50 पार्क बनाए जाएंगे।

**कपास किसानों को राहत, खातों में 11,712 करोड़**

कैबिनेट की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) ने कपास सीजन 2023-24 के लिए 1,718.56 करोड़ रुपए की प्रतिपूर्ति राशि को मंजूरी दी है। यह राशि भारतीय कपास निगम (सीसीआई) को एमएसपी ऑपरेशंस के तहत हुए खर्च की भरपाई के लिए दी जाएगी।

**कल्पमेधा**

*चरित्र का विकास आसानी से नहीं किया जा सकता। केवल परीक्षण और पीड़ा के अनुभव से आत्मा को मजबूत, महत्वाकांक्षा को प्रेरित और सफलता को हासिल किया जा सकता है।*

*- हेलेन केलर*

# लापरवाही की आग

दिल्ली में अनियोजित विकास की आपाधापी में जिस तरह से नियमों को धता बताया जाता रहा है, उसका नतीजा बार-बार किसी हृदयविदारक हादसे के रूप में सामने आता है। राजधानी के पालम इलाके की एक रिहाइशी इमारत में आग लगने से एक ही परिवार के नौ लोगों की मौत हो गई। कुछ लोग बच गए, लेकिन बुरी तरह झुलसे हैं। बताया जा रहा है कि घनी आबादी वाले आवासीय क्षेत्र में शार्ट सर्किट के कारण आग लगी थी। उस इमारत में भूतल और पहली मंजिल पर कपड़े और सौंदर्य प्रसाधन की दुकानें थीं, जिससे आग मिनटों में फैली। घर की बनावट ऐसी थी कि फंसे लोगों को बचाने की कोशिश नाकाम रही। साथ ही, मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों के खराब उपकरणों के कारण बचाव कार्य में देरी हुई। अगर विभाग की हाइड्रोलिक प्रणाली समय पर काम करती, तो कुछ लोगों की जान बचाई जा सकती थी। इस अग्निकांड से कई पुराने सवाल उठ रहे हैं, जिन पर अक्सर चर्चा होती है और नतीजा सिफर रहता है।

इस हादसे में सुरक्षा नियमों की अनदेखी और विफलता के सवाल अहम हैं। दिल्ली में ऐसी कई इमारतें हैं, जो मिश्रित आवासीय-व्यावसायिक हैं। अवैध कालोनियों में नियमों के अनुपालन की उम्मीद करना बेमानी है। राजधानी में अधिकांश जगहों की यही तस्वीर है। ऐसी जगहों पर किसी भी तरह का हादसा होने पर बचाव कार्य में प्रायः दिक्कत होती है। संकरी गलियों के कारण आग लगने पर दमकल गाड़ियां पहुंचने में समय लेती हैं। अनियोजित बस्तियों में आपातकालीन सेवाओं के प्रभावी ढंग से काम करने की अक्षमता कई बार उजागर हुई है। पालम में भी यह स्थिति दिखी। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में इस तरह के इलाकों में आग लगने की घटनाओं की कई बार भयावह तस्वीरें सामने आई हैं। दो साल पहले विवेक विहार के एक अस्पताल में आग लगने से आठ शिशुओं की मौत हो गई थी। ऐसी सैकड़ों घटनाएं दर्ज की गई हैं। अक्सर, इमारतों में अग्नि सुरक्षा संबंधी इंतजाम नहीं होते। विद्युत प्रणालियां दोषपूर्ण होती हैं या भवन निर्माण संबंधी नियमों का उल्लंघन होता है। ऐसे हादसों में अक्सर प्रशासनिक उदासीनता, नगर निकायों में भ्रष्टाचार और विकासकर्ताओं तथा अधिकारियों के बीच सांठगांठ के तथ्य सामने आते हैं।

सवाल उठता है कि आगे का रास्ता क्या हो? अधिकारियों को चाहिए कि वे आपदाओं के बाद नोटिस जारी करने से आगे बढ़कर सभी क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। दिल्ली में जनसंख्या घनत्व को देखते हुए, संकरी गलियों में अग्निशमन सेवाओं की पहुंच में सुधार और विद्युत अवसंरचना का उन्नयन आवश्यक है। पालम में जिस तरह की इमारत थी, वैसे भवनों के लिए अग्नि सुरक्षा अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) अनिवार्य किया जाना चाहिए। किसी भी हादसे का सबक यह होना चाहिए कि भविष्य के लिए ठोस इंतजाम किए जाएं। दिल्ली सरकार ने अग्नि सुरक्षा आडिट की बात दोहराई है। जरूरी है कि काम धरातल पर दिखे। विडंबना यह है कि दिल्ली में आए दिन किसी न किसी इलाके में आग लगने और उसमें भारी नुकसान की खबरें आती रहती हैं, हादसे के बाद तमाम एजंसियां खानापूर्ति करती हैं और नतीजा ढाक के तीन पात रहता है।

# सुरक्षा के सवाल

भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसका उद्देश्य यही है कि बढ़ते वायु प्रदूषण का मुकाबला किया जाए और पेट्रोल एवं डीजल पर निर्भरता भी कम हो। इसीलिए सार्वजनिक परिवहन में बड़ी संख्या में इलेक्ट्रिक बसों को शामिल किया जा रहा है। कम खर्च में चलने और एक बेहतर विकल्प होने के कारण भी लोग ऐसे वाहनों को धीरे-धीरे अपनाने लगे हैं। मगर इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि नई तकनीक के जहां फायदे होते हैं, वहीं इसमें कई स्तरों पर जोखिम भी छिपे होते हैं। बिजली से चलने वाले वाहनों में तकनीकी गड़बड़ियों और आग लगने की घटनाओं से अब कई सवाल उठने लगे हैं। इंदौर में बुधवार तड़के एक इलेक्ट्रिक कार को चार्ज किए जाने के दौरान धमाके के बाद इमारत में आग लगने से आठ लोगों की मौत की घटना ने सचेत किया है कि क्या ये वाहन सुरक्षित हैं? गौरतलब है कि मकान के बाहर कार को चार्ज किए जाने के दौरान 'चार्जिंग प्वाइंट' में विस्फोट हुआ। इसके बाद आग की लपटों ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया।

कोई दो मत नहीं कि आग लगने की ऐसी घटनाओं से उन लोगों का विश्वास कमजोर होगा जो पेट्रोल की गाड़ियों को छोड़ कर इलेक्ट्रिक गाड़ियां खरीदने का मन बना रहे हैं। यह उचित ही है कि विशेषज्ञों की एक समिति से इंदौर अग्निकांड की जांच कराई जाएगी। इसका जो भी निष्कर्ष सामने आए, लेकिन इससे स्पष्ट होगा कि इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण और इसके संचालन में कहां कमी रह गई। सवाल है कि ऐसे वाहनों के इस्तेमाल और सुरक्षा के लिए कोई मानक संचालन प्रक्रिया अब तक क्यों नहीं अपनाई गई? इसके बारे में पहले से लोगों को क्यों नहीं बताया जाता। आखिर गलियों में या घरों के सामने अपने इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करने के लिए लोग क्यों मजबूर हैं। यह निराशाजनक ही है कि सड़कों के किनारे और रिहाइशी इलाकों में जगह-जगह पर्याप्त संख्या में चार्जिंग स्टेशन अभी तक नहीं बनाए जा सके हैं। ऐसे में बिजली से चलने वाले वाहनों को सड़कों पर उतार देने भर से उत्सर्जन कम करने या तेल पर निर्भरता घटाने का लक्ष्य पूरा नहीं होगा।

# धरती से धमनियों तक पसरता खतरा

**फसल उत्पादन, हमारे खानपान और रोजमर्रा की जिंदगी में कीटनाशकों के बढ़ते इस्तेमाल की वजह क्या है? आखिर इन पर वैसी रोक क्यों नहीं लग पा रही है, जैसी विकसित देशों में लगाई जाती है। अब तक किसानों को यह जानकारी नहीं दी गई कि किसी फसल पर कितनी मात्रा में कीटनाशकों का छिड़काव किया जाना चाहिए।**

**अभिषेक कुमार सिंह**

भारत में कैंसर के बढ़ते मामलों के पीछे जागरूकता और सख्त नियमन की कमी तथा हर स्तर पर बरती जा रही अनदेखी जिम्मेदार है। सामान्यतः एक भारतीय जो भोजन ग्रहण करता है, उसकी सटीक जांच की न तो कोई फिक्र है और न ही कोई ऐसी व्यवस्था उसके आसपास मौजूद है, जिससे वह आसानी से भोजन में छिपे जहर की पड़ताल कर सके। जांच का जिम्मा जिन एजंसियों पर है, उनकी थोड़ी-बहुत सक्रियता होली और दिवाली जैसे त्योहारों पर दिखती है। इसका नतीजा क्या है, यह हाल में बंगलुरु स्थित 'गट-हेल्थ स्टार्टअप माइक्रोबायोटीएक्स' के कराए गए शोध में सामने आया है। देश के नौ राज्यों और 14 शहरों के 200 शहरी भारतीयों के रक्त नमूनों के विश्लेषण में पाया गया कि 78 फीसद लोग कीटनाशक अवशेषों के संपर्क में हैं।

अध्ययन में शामिल लोगों में से 36 फीसद में तीन या अधिक कीटनाशकों का मिश्रित असर देखा गया, जो गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों की ओर संकेत करता है। विषाक्त पदार्थ भूजल और वायु प्रदूषण के रास्ते शरीर में प्रवेश कर रहे हैं। जांच के बाद आई रपट में कहा गया है कि 54 फीसद नमूनों में एंटीबायोटिक्स और 39 फीसद में स्टेरायड पाए गए। यह हार्मोन के असंतुलन और कैंसर जोखिम बढ़ा सकता है। कुछ रसायन जो 'नानस्टिक' बर्तनों में भी उपयोग होते हैं, वे कैंसर, बांझपन, थायरायड और यकृत में गंभीर बीमारियों के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं। सवाल है कि आखिर फसल उत्पादन, हमारे खानपान और रोजमर्रा की जिंदगी में कीटनाशकों के बढ़ते इस्तेमाल की वजह क्या है? आखिर इन पर वैसी रोक क्यों नहीं लग पा रही है, जैसी विकसित देशों में लगाई जाती है।

आज तक किसानों को इस बारे में जानकारी नहीं दी गई है कि किसी फसल पर कितनी मात्रा में कीटनाशकों का छिड़काव किया जाना चाहिए। सिर्फ किसान ही नहीं, वितरक यानी आढ़तिए भी फलों-सब्जियों को संरक्षित करने के लिए कीटनाशकों का इस्तेमाल करते हैं। सवाल है कि क्या हमारी सरकार आम जनता का हित देखना चाहती है या नहीं? इसका जवाब लोगों की जागरूकता में छिपा है। यदि लोग खुद इन कीटनाशकों के इस्तेमाल के प्रति जागरूक होंगे और वे इस पर सवाल उठाएंगे, तो सरकार इनके इस्तेमाल की नीति बनाने के लिए बाध्य होगी।

बाह्य संक्रमणों और कीटों से निपटना पहले भी चुनौती थी और आज भी यह बड़ी समस्या है। इस तस्वीर में महज इतना फर्क आया है कि आज हमारे पास विकसित किए गए कीटनाशक व रसायन हैं जो इन कीटों और संक्रमणों से हमें काफी हद तक निजात दिलाते हैं। आम धारणा यह है कि ये हमें कई दिक्कतों से बचाते हैं, लेकिन शोध साबित करते रहे हैं कि मक्खी-मच्छर, फफूंद या बैक्टीरिया से बचने की यह कोशिश हमें रसायन जनित कैंसर और दूसरी गंभीर बीमारियों की जद में ले जा रही है।

मामला सिर्फ खाद्य पदार्थों में मिलाए जाने वाले खतरनाक रासायनिक तत्त्वों का नहीं है, बल्कि उन चीजों का भी है जो संक्रमण रोकने और कीटरोधी के तौर पर इस्तेमाल की जा रही हैं। खेतों में कीटनाशकों से फसलें सुरक्षित रहती हैं। घरों में रासायनिक दवाएं दीमक, तिलचट्टों, मक्खी-मच्छरों



से हमें सुरक्षा प्रदान करती हैं। घरेलू कीटनाशकों का तो यह कह कर जोर-शोर से प्रचार किया जाता है कि कम या ज्यादा मच्छर होने पर इनका असर भी मनचाहे ढंग से घटाया या बढ़ाया जा सकता है। मगर कीटनाशकों का अंधाधुंध प्रचलन हमारी सेहत की बलि ले रहा है। खेत-खलिहान हों या घर, हमें हर जगह कीटनाशकों के इस्तेमाल की सलाह दी जा रही है, पर यह कोई नहीं बता रहा कि कितनी मात्रा तक इनका इस्तेमाल सुरक्षित है।

> **जिस हरित क्रांति ने अनाज के लिए विदेशों पर हमारी निर्भरता को खत्म किया और जिसकी बदौलत हमारे खेत लहलहा रहे हैं, उसका विपरीत प्रभाव यह है कि हमारी जमीन कीटनाशकों के जहर में डूब चुकी है। हमारी धमनियों में खून के साथ कीटनाशकों का अवशेष पहुंचने लगा है। ये चेतावनियां लगातार आ रही हैं कि इनके असर से भावी पीढ़ियों में ऐसे आनुवांशिक बदलाव हो सकते हैं जो उन्हें विकलांग बना सकते हैं। वर्ष 2013 में पंजाब से इस बारे में जो रपटें आई थीं, वे जमीन में घुलते जहर की स्थिति और उसके असर को साफ करती हैं।**

खतरनाक रसायन दो तरीकों से हम तक पहुंच रहे हैं। अव्वल तो मक्खी-मच्छर और तिलचट्टों के रोकने के लिए हम खुद इनका इस्तेमाल करते हैं। दूसरे, खेतों में फसलों पर छिड़के जाने वाले कीटनाशकों के अंश फल-सब्जियों और अनाजों के जरिए हम तक पहुंचते हैं। अब चाहे कोई मौसम हो, शहरों-कस्बों में हर तरह के मच्छर प्रतिरोधी रसायनों की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। इससे कस्बों और शहरों से मच्छरदानियां तकरीबन गायब हो गई हैं और बिजली से चलने वाले मच्छर भगाने वाले उपकरण तेजी से प्रचलन में आए हैं। मगर कोई यह देखने की जहमत नहीं उठा रहा कि इनका इस्तेमाल स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव तो नहीं छोड़ रहा है। लोग पूरी रात मच्छरों के प्रकोप से बचते हुए आराम से सोने के बावजूद आंखों में जलन, सुस्ती, चक्कर आदि की शिकायत करते हैं, लेकिन यह बात उनके जेहन में नहीं आती कि कहीं इसके पीछे ज्यादा असर वाला यह रसायन तो नहीं है!

कीटनाशकों की इस घेराबंदी का दूसरा छोर खेतों में फल-सब्जियों और अनाजों को कीटों से बचाने वाले रसायनों के छिड़काव से जुड़ा है। जिस हरित क्रांति ने विदेशों पर हमारी निर्भरता को खत्म किया और जिसकी बदौलत हमारे खेत लहलहा रहे हैं, उसका विपरीत प्रभाव यह है कि हमारी जमीन कीटनाशकों के जहर में डूब चुकी है। हमारी धमनियों में खून के साथ कीटनाशकों का अवशेष पहुंचने लगा है। ये चेतावनियां लगातार आ रही हैं कि इनके असर से भावी पीढ़ियों में ऐसे आनुवांशिक बदलाव हो सकते हैं जो उन्हें विकलांग बना सकते हैं। वर्ष 2013 में पंजाब से इस बारे में जो रपटें आई थीं, वे जमीन में घुलते जहर की स्थिति और उसके असर को साफ करती हैं। चंडीगढ़ स्थित पीजीआइएमईआर दो साल तक पंजाब के 25 गांवों में किए गए सर्वेक्षण के बाद इस नतीजे पर पहुंची थी कि खेती में इस्तेमाल होने वाले कीटनाशकों और खतरनाक औद्योगिक कचरे ने वहां के लोगों की सेहत बर्बाद कर दी है। खून के नमूनों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला गया है कि जिन लोगों के नमूने लिए गए हैं, उनमें से 65 फीसद लोगों के गुणसूत्र में बदलाव की शुरुआत हो चुकी है।

दुनिया भर में कीटनाशकों का जानवरों पर इस्तेमाल कर पाया गया है कि इनसे मस्तिष्क का विकास प्रभावित होता है और दिमागी संरचना में विकार आ सकता है। इसके अलावा कैंसर जैसे रोग उत्पन्न करने, मस्तिष्क कोशिकाओं, बच्चों की सीखने क्षमता और व्यवहार पर ये रसायन सीधा असर डालते हैं। अगर गर्भवती महिलाओं पर इन कीटनाशकों का हल्का-सा भी असर हो जाए, तो इससे गर्भस्थ शिशु गंभीर रूप से प्रभावित हो सकता है। यानी मामला सिर्फ एक पीढ़ी तक नहीं रुकता, बल्कि भावी पीढ़ियों में भी विकृतियां पैदा करता है। कीटनाशकों के बचे अवशेषों की अधिकतम सीमा तय करना इसी समस्या के समाधान का एक रास्ता है। 'एमआरएल' यानी अधिकतम अवशेष सीमा असल में कीटनाशकों की बची हुई वह मात्रा है, जो उपचारित किए जाने के बाद भी दूध, सब्जियों, फलों, अनाजों और मांस में बची रहती है। विशेषज्ञ कहते हैं कि अनाजों और फल-सब्जियों में यह मात्रा इतनी रहनी चाहिए कि मनुष्यों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर न पड़े। इस तरह से 'एमआरएल' कीटनाशकों के अंधाधुंध और गलत प्रयोग पर बंदिश लगाने वाली पहली शर्त है, लेकिन फसलों को बाजार में ले जाने की जल्दी में क्या कोई इसका ध्यान रखता होगा?

# संतुलन के सूत्र

**अविनाश जोशी**

आज के भागदौड़ भरे जीवन में संतुलन की अवधारणा एक ऐसी कुंजी बन गई है, जो हर सफलता का द्वार खोलती है। प्राचीन काल से ही भारतीय दर्शन में 'संतुलन' को जीवन का मूल मंत्र माना गया है। आधुनिक संदर्भ में यह और भी प्रासंगिक हो जाता है, जहां करिअर की दौड़, पारिवारिक जिम्मेदारियां, स्वास्थ्य और आध्यात्मिकता के बीच तालमेल बिठाना चुनौतीपूर्ण हो गया है। अगर जीवन का तराजू एक तरफ झुक जाए, चाहे वह काम की अधिकता हो, सुख-सुविधाओं की लालसा हो या भावनाओं का अतिरेक, तो व्यक्ति निश्चित रूप से गिरावट की ओर बढ़ता है। दरअसल, जीवन को एक साइकिल की तरह समझने की जरूरत है। साइकिल चलाते समय अगर कोई एक तरफ अधिक झुक जाए, तो संतुलन बिगड़ जाता है और गिरना निश्चित है। ठीक वैसे ही मानव जीवन में चार प्रमुख आयाम हैं- शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक। इनमें से किसी एक पर अधिक झुकाव समग्र संतुलन को भंग कर देता है। मसलन, कारपोरेट जगत में कामकाजी पेशेवर अक्सर बारह-चौदह घंटे की ड्यूटी निभाते हैं, जिससे पारिवारिक जीवन उपेक्षित हो जाता है। नतीजतन, तनाव, हृदय रोग और पारिवारिक विघटन होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत में कार्यस्थल पर तनाव से प्रतिवर्ष लाखों लोग प्रभावित होते हैं। संतुलन का अभाव ही इसकी जड़ है।

एक तरफ झुकाव का सबसे बड़ा खतरा आर्थिक लालसा है। आज का उपभोक्तावादी समाज हमें लगातार अधिक कमाने और अधिक खर्च करने के लिए उकसाता है। भारत जैसे देश में, जहां परंपरागत रूप से संयम और संतोष की संस्कृति रही है, आधुनिकता ने इस संतुलन को तोड़ा है। संतुलित अर्थव्यवस्था ही स्थायी समृद्धि लाती है। एक अध्ययन के मुताबिक, जो लोग आय का पचास फीसद खर्च, तीस फीसद बचत और बीस फीसद निवेश पर केंद्रित रखते हैं, वे दीर्घकालिक रूप से सुखी रहते हैं।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी संतुलन का महत्त्व अतुलनीय है। एक तरफ जंक फूड और अव्यवस्थित जीवनशैली, दूसरी तरफ अत्यधिक उपवास या व्यायाम। सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि मधुमेह और रक्तचाप के सत्तर फीसद मामले असंतुलित आहार से जुड़े हैं। दैनिक जीवन में आधा घंटा पैदल चलना, संतुलित भोजन और सात-आठ घंटे की नींद- ये छोटे कदम बड़े नुकसान से बचाते हैं। अगर हम व्यायाम में अधिक झुकते हैं, तो चोट लगती है और उपेक्षा करते हैं तो रोग। संतुलन ही स्वास्थ्य का मूल सूत्र है।

मानसिक संतुलन के बिना जीवन की कल्पना भी कठिन है। शिक्षा और करिअर की दौड़ में विद्यार्थी रात-रात भर जागकर पढ़ते हैं, लेकिन ध्यान और विश्राम भूल जाते हैं। विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों में अवसाद के मामले बढ़ रहे हैं। ध्यान, प्राणायाम और सकारात्मक सोच मानसिक संतुलन बनाए रखते हैं। सोशल मीडिया का अतिरेक भी खतरा है, जहां सिर्फ प्रतिक्रिया की होड़ में वास्तविक संबंध टूट जाते हैं। एक सर्वे बताता है कि भारत में चालीस फीसद युवा सोशल मीडिया की लत से ग्रस्त हैं। संतुलन का मतलब है सोशल मीडिया का दिन में एक घंटे तक सीमित उपयोग और वास्तविक संवाद पर जोर।

भावनात्मक संतुलन पारिवारिक और सामाजिक जीवन का आधार है। प्रेम, क्रोध, लोभ, मोह इनका अतिरेक विनाश लाता है। आधुनिक जोड़ों में तलाक के पचास फीसद मामले भावनात्मक असंतुलन से होते हैं। पति-पत्नी के बीच काम और घर का संतुलन न होने से दरारें पड़ती हैं। बच्चों के साथ गुणवत्ता आधारित समय, माता-पिता का सम्मान और मित्रों का साथ- ये भावनाओं को संतुलित रखते हैं। संतुलन बनाए रखने के व्यावहारिक उपाय सरल हैं। प्रथम, दैनिक समयसारिणी बना लेना चाहिए। मसलन, आठ घंटे काम, आठ घंटे आराम, आठ घंटे परिवार और स्वयं के लिए। दूसरे, आय-व्यय का बजट रखना चाहिए। तीसरे, योग और ध्यान को दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। फिर, संबंधों में संवाद को प्राथमिकता देने की जरूरत है।

## दुनिया मेरे आगे

> **मानसिक संतुलन के बिना जीवन की कल्पना भी कठिन है। शिक्षा और करिअर की दौड़ में विद्यार्थी रात-रात भर जागकर पढ़ते हैं, लेकिन ध्यान और विश्राम भूल जाते हैं। विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों में अवसाद के मामले बढ़ रहे हैं। ध्यान, प्राणायाम और सकारात्मक सोच मानसिक संतुलन बनाए रखते हैं।**

कारपोरेट जगत में संतुलन की कमी ने कई कंपनियों को तबाह किया। भारत में प्रबंधक, जो हर रोज चौबीसों घंटे उपलब्ध रहते हैं, वे अवसाद का शिकार हो जाते हैं। मानव संसाधन नीतियां अब 'कार्य-जीवन संतुलन' पर जोर दे रही हैं। भारत में नवाचार संस्कृति में नाकामी की दर नब्बे फीसद है। कारण, असंतुलित जोखिम। सामाजिक स्तर पर भी संतुलन आवश्यक है। भारत में जल संकट, बेरोजगारी और पर्यावरण असंतुलन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था चरमराई है। एकतरफा औद्योगीकरण ने परंपरागत कृषि को नष्ट किया। संतुलित विकास ही समाधान है। शिक्षा में भी संतुलन की जरूरत है। रटने की आदत रचनात्मकता को मारती है।

महिलाओं के संदर्भ में संतुलन और भी महत्त्वपूर्ण है। कार्यस्थल पर पचास फीसद भागीदारी के बावजूद घरेलू जिम्मेदारियां असंतुलन पैदा करती हैं। राजनीति में संतुलन का अभाव भ्रष्टाचार और विभाजन लाता है। आज के नेताओं को विकास और पर्यावरण के बीच तालमेल बिठाने की जरूरत है। पर्यावरण असंतुलन वैश्विक संकट है। जलवायु परिवर्तन से भारत की धरती सूख रही है। एकतरफा शोषण बंद कर संतुलित उपयोग, वृक्षारोपण, वर्षा जल संचयन आवश्यक है। संतुलन व्यक्तिगत विकास का आधार है। आखिर जीवन संतुलन का नाम है। एक तरफ झुकेंगे तो गिरेंगे- यह सत्य अनादिकाल से चला आ रहा है। भारत की हवाओं में संतुलन की सीख है। न अधिक गर्मी, न अधिक शीतलता। इसे अपनाकर ही हम सुखी, स्वस्थ और समृद्ध जीवन जी सकते हैं।




## जेब पर बोझ

'महंगाई की आंच' (संपादकीय, 14 मार्च) पढ़ा। भारत में महंगाई गंभीर आर्थिक चुनौती बनती जा रही है, जिसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ता है। रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। इससे लोगों की आय और बचत दोनों पर दबाव बढ़ गया है। महंगाई का अर्थ है समय के साथ क्रय शक्ति का कम होना। जो वस्तु पहले कम कीमत पर मिल जाती थी, वही महंगी हो जाती है। महंगाई के कई कारण हैं। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि से परिवहन महंगा होता है और इसका असर लगभग हर वस्तु की लागत पर पड़ता है। भारत की कृषि-निर्भर अर्थव्यवस्था में सूखा, बाढ़ या खराब मौसम से फसलें घटने पर खाद्य पदार्थ महंगे हो जाते हैं। वैश्विक स्तर पर युद्ध या अंतरराष्ट्रीय तनाव भी आयातित वस्तुओं की कीमत बढ़ा देते हैं। ताजा आंकड़ों के अनुसार फरवरी में खुदरा महंगाई बढ़ कर 3.21 फीसद हो गई, जबकि जनवरी में यह 2.74 फीसद थी। हालांकि दिसंबर से फरवरी के बीच सब्जियों की अधिक आपूर्ति के कारण कुछ राहत की उम्मीद रहती है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव से वैश्विक बाजार प्रभावित होने की आशंका है।

*- ऐश यादव, जम्मू*

## संकट और संयम

आज रूस-यूक्रेन और इजराइल-अमेरिका तथा ईरान में युद्ध की वजह से पूरी दुनिया संकट के दौर से गुजर रही है। युद्ध में शामिल कोई भी देश किसी की भी सुनने को तैयार नहीं है। ऐसा लग रहा है जैसे यह धरती तबाह हो जाएगी। इस युद्ध ने तो पूरे विश्व में अफरातफरी मचा दी है। वहीं दूसरी ओर तेल और गैस की आपूर्ति का संकट पैदा हो गया है। लगता है कि एक बार फिर से हमें ईंधन के लिए कोयले और उपलों की तरफ लौटना होगा। सरकार ने आश्वासन दिया है कि हमारे पास तेल और गैस का भरपूर भंडार है। इसके बावजूद लोग घबराए हुए हैं। पेट्रोल और गैस सिलेंडर हासिल करने के लिए लंबी-लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई हैं। विपक्षी दल जगह-जगह प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारे देश में तेल और गैस का एक बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आयात होता है। इसलिए नागरिकों को इस समय संयम रखते हुए स्थिति का सामना करना चाहिए।

*- चरनजीत, नरेला, दिल्ली*

## चुनावी सौगात

चुनाव के ठीक पहले नकद सहायता और मानदेय बढ़ाने जैसी घोषणाएं लोकतंत्र में एक गंभीर बहस को जन्म देती हैं। पहली नजर में इस तरह की घोषणाएं सामाजिक कल्याण की तरह दिखती हैं, लेकिन इनके पीछे चुनावी लाभ की मंशा साफ झलकती है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि इन योजनाओं का वित्तीय स्रोत क्या है, क्योंकि आखिर इसका भार राज्य के खजाने और करदाताओं पर ही पड़ता है। इसके अलावा, रेवड़ी बांटने की यह संस्कृति समाज में कार्य के प्रति उदासीनता को भी बढ़ा सकती है। यदि बिना श्रम के आय मिलने लगे, तो यह उत्पादकता और आत्मनिर्भरता को कमजोर कर सकता है, जिसका दूरगामी असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ना तय है। इसलिए आवश्यक है कि सरकारें लोकलुभावन घोषणाओं के बजाय टिकाऊ और विकासोन्मुख नीतियों पर ध्यान दें। लोकतंत्र में जनकल्याण और चुनावी लाभ के बीच संतुलन बेहद जरूरी है।

*- मो नैयर आजम, सीतामढ़ी*

## युद्ध का दायरा

ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच युद्ध का दायरा बढ़ गया है। इससे लगता है कि जंग अभी थमने वाली नहीं है और लंबे समय तक चलने की आंशका है। इससे दुनिया में हाहाकार मचा हुआ है। कच्चे तेल और गैस के दाम बढ़ने लगे हैं। कई देशों में पेट्रोलियम पदार्थों की किल्लत नजर आने लगी है। हमारे देश में फिलहाल कुछ दिनों का तेल भंडार मौजूद है, पर आगे की स्थिति युद्ध के हालात पर निर्भर है। भारत सहित कई देशों में महंगाई बढ़ रही है। ईरान पर इजराइल और अमेरिका के हमले के बाद अब तक सैकड़ों लोग मारे जा चुके हैं। दोनों ओर से घातक मिसाइलों और ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। युद्ध जारी रहा, तो विध्वंसकारी हथियारों का उपयोग भी हो सकता है जो पूरी मानवजाति के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए ।

*- संजय डागा, हातोद, इंदौर*

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

# मंत्रालयों को सामग्री हटाने का अधिकार देने पर सरकार का विचार

नई दिल्ली, 18 मार्च (भाषा)।

सरकार रक्षा, विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय सहित अन्य मंत्रालयों को सोशल मीडिया मंचों को सामग्री हटाने के आदेश जारी करने का अधिकार देने पर विचार कर रही है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सरकारी सूत्रों ने बताया कि अंतर-मंत्रालयी स्तर पर इसे लेकर चर्चा जारी है। उन्होंने यह नहीं बताया कि इसे कब तक लागू किया जा सकता है।

इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय सामग्री हटाने और अवरुद्ध करने के आदेशों के लिए नोडल मंत्रालय है। नामित मंत्रालयों के दायरे को बढ़ाने के इस कदम से भ्रामक, अवैध सामग्री और कृत्रिम मेधा से तैयार 'डीपफेक' पर तेजी से हटाने के आदेश जारी किए जा सकेंगे।

सूत्रों ने कहा कि रक्षा मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के साथ चर्चा चल रही है और एक बार निर्णय हो जाने के बाद, सूचना प्रौद्योगिकी नियमों में संशोधन के माध्यम से ये बदलाव किए जा सकते हैं। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 69ए केंद्र सरकार को राष्ट्रीय सुरक्षा, संप्रभुता और सार्वजनिक व्यवस्था के हित में

*उपयोगकर्ता* शिकायत निवारण की समयसीमा को भी कम किया गया। सोशल मीडिया मंचों के लिए प्रतिबंधित सामग्री को हटाने की समयसीमा को घटाकर दो घंटे कर दिया गया।

आनलाइन सामग्री, वेबसाइट, ऐप या सोशल मीडिया पोस्ट तक सार्वजनिक पहुंच को अवरुद्ध करने का अधिकार देती है। केंद्र सरकार ने इस साल फरवरी में यूट्यूब और ह्यएक्सह्ल जैसे सोशल मीडिया मंचों के लिए नियमों को सख्त किया। इसके तहत गैरकानूनी सामग्री को तीन घंटे के भीतर हटाना अनिवार्य कर दिया गया और सभी कृत्रिम मेधा आधारित सामग्री पर स्पष्ट लेबल लगाना आवश्यक किया गया है।

ये नए नियम सोशल मीडिया मंचों पर भ्रामक, अश्लील और फर्जी सामग्री बनाने और प्रसारित करने के लिए कृत्रिम मेधा के बढ़ते दुरुपयोग और वास्तविक घटनाओं को गढ़ने के जवाब में आए थे। इसमें कृत्रिम मेधा सामग्री के साथ स्थायी 'मेटाडेटा' या पहचानकर्ता को संबद्ध करना अनिवार्य किया गया और कानून की नजर में गैरकानूनी मानी जाने वाली सामग्री पर प्रतिबंध लगाया गया।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 59 राज्यसभा सांसदों को विदाई दी, कहा

# भविष्य आपका भी इंतजार कर रहा है

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 18 मार्च।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अप्रैल से जुलाई के बीच राज्यसभा से सेवानिवृत्त हो रहे 59 सांसदों को विदाई देते हुए बुधवार को संसद को 'एक खुला विश्वविद्यालय' करार दिया। प्रधानमंत्री ने सेवानिवृत्त हो रहे सांसदों से राष्ट्रीय जीवन में योगदान जारी रखने का आह्वान करते हुए कहा, राजनीति में 'फुल स्टाप' नहीं होता।

उच्च सदन में मोदी ने कहा कि ऐसे क्षण स्वाभाविक रूप से पार्टीगत मतभेदों को भुला देते हैं। उन्होंने कहा, हम सभी में एक साझा भावना उत्पन्न होती है। यह एहसास कि हमारे सहयोगी अब अन्य प्रयासों को आगे बढ़ाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद कुछ सदस्य पुनः सदन में आएंगे और कुछ नहीं आएंगे। ऐसे सदस्यों को प्रधानमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा राजनीति में 'फुल स्टाप' जैसी कोई चीज नहीं होती। भविष्य आपका भी इंतजार कर रहा है, और आपका अनुभव हमेशा हमारे राष्ट्रीय जीवन का स्थायी हिस्सा रहेगा। मोदी ने तीन वरिष्ठ नेताओं झ्र पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा, नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शप) प्रमुख शरद पवार की खास तौर पर सराहना की और उन्हें ऐसे स्तंभ बताया जिन्होंने अपने जीवन का आधे से अधिक समय संसदीय कार्यवीर में बिताया। उन्होंने कहा, जिस तरह वे नियमित रूप से सदन आते हैं, कार्रवाई में इतनी निष्ठा के साथ भाग लेते हैं, वह वास्तव में अनुकरणीय है।यह एक ऐसी भावना है जिससे सभी नए सांसदों को सीख लेनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने सेवानिवृत्त हो रहे उपसभापति हरिवंश की भी सराहना की। मोदी ने उन्हें 'मृदुभाषी और विनम्र' लेकिन कठोर कार्रवाई करने वाला व्यक्ति बताया। उन्होंने उल्लेख किया कि हरिवंश ने अवकाश के दौरान देशभर की यात्राएं कीं और युवाओं से राष्ट्रीय महत्त्व के मुद्दों पर संवाद किया। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, हमारे आठवले जी वास्तव में सदाबहार हैं। वह जा रहे हैं, फिर भी मुझे विश्वास है कि कोई खालीपन महसूस नहीं करेगा, वह लगातार सेवाएं देते रहेंगे। प्रधानमंत्री ने दो सदनों वाली संसदीय संरचना में विधेयक पारित करने की प्रक्रिया की तुलना दूसरी राय लेने (सेकेंड ओपीनियन) से की और कहा कि यह लोकतांत्रिक निर्णय को मजबूत बनाता है। उन्होंने रोजमर्रा के उदाहरण देते हुए कहा, जब जीवन में महत्त्वपूर्ण निर्णय लेना होता है, तब परिवार के सदस्य मिलकर सहमति बनाते हैं, तब भी वे सुझाव देते हैं। ह्यक्यों न आप उससे राय लें? वरिष्ठ सदस्य से दूसरी राय लें।

उन्होंने कहा, एक सदन में लिए गए निर्णय को दूसरे सदन में दूसरी राय के लिए भेजा जाता है। यह पूरे बहस और निर्णय लेने की प्रक्रिया को नई दिशा देता है। मोदी ने यह भी उल्लेख किया कि सेवानिवृत्त हो रहे कुछ सदस्यों ने पुराने और नए संसद भवन दोनों में सेवा की। उन्होंने छह साल के राज्यसभा कार्यकाल को जीवन को आकार देने का अमूल्य अवसर बताया और कहा कि इससे सांसदों को राष्ट्रीय मामलों की गहन समझ प्राप्त होती है। छह साल के राज्यसभा कार्यकाल को उन्होंने परिवर्तनकारी अनुभव बताया। प्रधानमंत्री ने कहा, यह सदन एक खुला विश्वविद्यालय है। यह राष्ट्रीय जीवन की जटिलताओं की गहन समझ हासिल करने का अवसर देता है। एक तरह से, यहां औपचारिक शिक्षा और प्रारंभिक प्रशिक्षण दोनों मिलता है।



*प्रधानमंत्री* ने कहा, हम सभी में एक साझा भावना उत्पन्न होती है। यह एहसास कि हमारे सहयोगी अब अन्य प्रयासों को आगे बढ़ाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद कुछ सदस्य पुनः सदन में आएंगे और कुछ नहीं आएंगे। ऐसे सदस्यों को प्रधानमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा राजनीति में 'फुल स्टाप' जैसी कोई चीज नहीं होती। भविष्य आपका भी इंतजार कर रहा है, और आपका अनुभव हमेशा हमारे राष्ट्रीय जीवन का स्थायी हिस्सा रहेगा।

# पांच साल में एक करोड़ से अधिक लोक शिकायतें प्राप्त हुईं : केंद्र सरकार

नई दिल्ली, 18 मार्च (भाषा)।

सरकार ने बुधवार को लोकसभा को बताया कि पिछले पांच साल में एक करोड़ से अधिक लोक शिकायतें प्राप्त हुई हैं। ये शिकायतें केंद्रीयकृत सार्वजनिक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीग्राम्स) पर प्राप्त की गईं। इस मंच के जरिए आम लोग आनलाइन माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

*उन्होंने* बताया कि 2025 में केंद्र सरकार के मंत्रालयों और विभागों से संबंधित लोक शिकायतों के निस्तारण का औसत समय 15 दिन था और 82.1 फीसद शिकायतों का निस्तारण 21 दिन की निर्दिष्ट समयसीमा के अंदर किया गया।

कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि 2021 से फरवरी 2026 के बीच 1,11,89,384 लोक शिकायतें प्राप्त हुईं। उन्होंने कहा कि इनमें से 20,00,590 शिकायतें 2021 में, 19,18,238 शिकायतें 2022 में और 19,53,057 शिकायतें 2023 में प्राप्त हुईं। मंत्री के जवाब के अनुसार, अगले दो वर्षों में 26,15,321 और 22,78,256 शिकायतें प्राप्त हुईं। उन्होंने कहा कि इस साल जनवरी से फरवरी के बीच 4,23,922 शिकायतें प्राप्त हुईं। उन्होंने बताया कि 2025 में केंद्र सरकार के मंत्रालयों और विभागों से संबंधित लोक शिकायतों के निस्तारण का औसत समय 15 दिन था और 82.1 फीसद शिकायतों का निस्तारण 21 दिन की निर्दिष्ट समयसीमा के अंदर किया गया।




**सम्मान** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को नैशनल ट्राइबल एडवाजरी काउंसिल की ओर से इंदिरा भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में आल इंडिया आदिवासी कांग्रेस ने सम्मानित किया।

## संसदीय समिति की रपट

# बीएसएफ में ड्रोन अधिग्रहण की सिफारिश

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 18 मार्च।

संसद की एक स्थायी समिति ने सीमा सुरक्षा बलों में ड्रोन और ड्रोन-रोधी प्रणाली के अधिग्रहण और तैनाती को प्राथमिकता देने और इस कार्य में तेजी लाने की सिफारिश की है। समिति ने 'देसी तकनीक को प्राथमिकता' और कमान-एवं-नियंत्रण प्रणाली पर जोर दिया।

समिति ने अपनी रपट में कहा कि निगरानी, तस्करी और शत्रुतापूर्ण गतिविधियों में ड्रोन के बढ़ते उपयोग को देखते हुए इनके अधिग्रहण और तैनाती को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इस कार्य को तेज किया जाना चाहिए, विशेष रूप से सीमा सुरक्षा बलों में। भाजपा सांसद राधा मोहन दास अग्रवाल की अध्यक्षता वाली गृह मंत्रालय की स्थायी संसदीय समिति ने यह सिफारिश मंगलवार को दोनों सदनों में पेश की गई अपनी अनुदान मांगों की रपट में की। समिति ने कहा कि देसी तकनीकी समाधान को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।



*समिति* ने कहा कि देसी तकनीकी समाधान को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

इसके साथ ही वास्तविक समय निगरानी, खुफिया जानकारी साझा करने और संचालन प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए एकीकृत कमान एवं नियंत्रण तंत्र विकसित किया जाना चाहिए। समिति ने यह भी कहा कि ड्रोन के परिचालन और 'काउंटर-ड्रोन' उपकरणों के रखरखाव से संबंधित प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। रपट में समिति ने कहा कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के आधुनिकीकरण की चतुर्थ योजना का उद्देश्य मौजूदा तकनीकी संसाधनों और समकालीन परिचालन आवश्यकताओं के बीच अंतर को पाटना है, लेकिन तकनीकी जटिलताओं और टेंडर से संबंधित मुद्दों के कारण अधिग्रहण में देरी चिंताजनक है। समिति ने सिफारिश की कि बेहतर तकनीकी जांच, पूर्व नियोजन और आपूर्ति समय-सारणी की निगरानी के साथ एक सुव्यवस्थित अधिग्रहण ढांचा अपनाया जाए, ताकि अंतिम समय की भागदौड़ और संलग्न देनदारियों के बोझ को रोका जा सके।

# कुल्लू व लाहौल स्पीति में बारिश-बर्फबारी

## दोनों जिलों में जनजीवन फिर अस्त-व्यस्त, तापमान में गिरावट

कुल्लू, 18 मार्च (जनसत्ता)।

कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिला में एक बार फिर बारिश- बर्फबारी का सिलसिला शुरू हो गया है। दोनों जिलों के सभी ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी बर्फबारी हो रही है जबकि लाहौल-स्पीति के निचले क्षेत्रों में बर्फबारी जारी है।

कुल्लू जिला निचले क्षेत्रों में बुधवार दिनभर धूप खिली रही। शाम के समय से बारिश का दौर शुरू हो गया है। वहींदोनों जिलों में एक बार फिर से ठंड बढ़ गई है। मनाली में बर्फबारी के बाद से पर्यटकों की संख्या बढ़ी है।

बुधवार को फोर बाई फोर वाहनों के लिए सोलंगनाला बहाल रहा और सामान्य वाहनों को नाग मंदिर तक जाने की अनुमति दी गई थी। पर्यटकों ने बुधवार को सोलंगनाला में बर्फ के बीच खूब मस्ती की। होटलियर संघ के अध्यक्ष रोशन ठाकुर ने बताया कि ताजा बर्फबारी के बाद मनाली में पर्यटकों की चहलकदमी बढ़ गई है। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि आने वाले दिनों में पर्यटकों की आमद और बढ़ेगी।

कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिला में लगातार हो रही बारिश-बर्फबारी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कई सड़कें बाधित हैं जबकि बिजली परियोजनाएं प्रभावित होने से कई गांव भी अंधेरे में डूब गए हैं। उपायुक्त कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा व उपायुक्त लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने पर्यटकों व स्थानीय लोगों से जिला प्रशासन की ओर से जारी सूचना की पालना करने की अपील की है।

*कुल्लू* जिला निचले क्षेत्रों में बुधवार दिनभर धूप खिली रही। शाम के समय से बारिश का दौर शुरू हो गया है। वहींदोनों जिलों में एक बार फिर से ठंड बढ़ गई है। मनाली में बर्फबारी के बाद से पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। बुधवार को फोर बाई फोर वाहनों के लिए सोलंगनाला बहाल रहा और सामान्य वाहनों को नाग मंदिर तक जाने की अनुमति दी गई थी। पर्यटकों ने बुधवार को सोलंगनाला में बर्फ के बीच खूब मस्ती की। होटलियर संघ के अध्यक्ष रोशन ठाकुर ने बताया कि ताजा बर्फबारी के बाद मनाली में पर्यटकों की चहलकदमी बढ़ गई है।

# बैठक नहीं, प्रश्नकाल महत्त्वपूर्ण है : बिरला

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 18 मार्च।

लोकसभा में बुधवार को प्रश्नकाल के दौरान ग्रामीण डाक सेवकों से संबंधित प्रश्न पूछे जाने के दौरान संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के उपस्थित नहीं रहने पर अध्यक्ष ओम बिरला ने नाराजगी जताई।



जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य विनोद चावडा के प्रश्न का उत्तर देने के लिए संचार राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मानसानी खड़े हुए तो अध्यक्ष ओम बिरला ने उनसे पूछा, 'मंत्रीजी (सिंधिया) कहां चले गए?' इस पर पेम्मासानी ने बताया कि वह एक महत्त्वपूर्ण बैठक के लिए गए हैं। इस पर नाराजगी भरे स्वर में बिरला ने कहा, 'बैठक नहीं, प्रश्नकाल महत्त्वपूर्ण है।' हालांकि, इससे कुछ देर पहले कैबिनेट मंत्री सिंधिया ने प्रश्नकाल में बीएसएनएल से संबंधित पूरक प्रश्नों के उत्तर दिए थे।

अगले सप्ताह शनिवार और रविवार को भी आयोजित होगी संसद की बैठक संसद में इस सप्ताह गुरुवार और शुक्रवार को अवकाश होने के कारण अगले सप्ताहांत में शनिवार और रविवार को भी दोनों सदनों की बैठक आयोजित होगी। लोकसभा में पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने सदस्यों को सूचित किया कि 19 और 20 मार्च के लिए निर्धारित सदन की बैठकें रद्द कर दी गई हैं। उनके स्थान पर शनिवार (28 मार्च) और रविवार (29 मार्च) को बैठकें होंगी जिनमें प्रश्नकाल नहीं होगा। गुरुवार को उगादी उत्सव मनाया जाएगा।

पेज 1 का बाकी

# चार मंजिला इमारत में आग लगने से एक ही परिवार के नौ लोगों की मौत

मशक्कत कर दोपहर करीब 2:20 बजे आग पर काबू पाया गया। देर शाम तक शीतलन अभियान चलता रहा। एहतियातन दिल्ली पुलिस ने आसपास के मार्ग को बंद कर दिया था, ताकि बचाव अभियान पर कोई असर नहीं पड़े। वहीं, प्रत्यक्षदर्शी गुरपाल सिंह ने बताया कि इमारत में एक ब्यूटी पार्लर भी था, जिसमें बड़ी मात्रा में सौंदर्य प्रसाधन उत्पाद रखे थे। माना जा रहा है कि इस कारण आग तेजी से फैल गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आग की लपटों की चपेट में आ गए। पुलिस ने सभी के शव को पोस्टमार्टम करवाने के लिए शवगृह में रखवा दिया है और आग लगने के सटीक कारणों के बारे में जानकारी जुटा रही है। मुख्यमंत्री ने मुआवजे का ऐलान कियादिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आग की घटना पर गहरा दुख जताया और एलान किया कि दिल्ली सरकार मृतकों को दस लाख रुपए, मृत बच्चों को पांच लाख रुपए और गंभीर रूप से घायलों को दो लाख रुपए का मुआवजा देगी। घटना को लेकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने भी गहरा शोक व्यक्त किया।

# इजराइल ने ईरान के खुफिया मंत्री को मारने का दावा किया

खुफिया मामलों के इस्माइल खतीब रात भर चले हमले में मारे गए और उन्होंने आगे भी 'चौंकाने वाली खबरें' आने का दावा किया। ईरान ने फारस की खाड़ी के अपने पड़ोसी देशों और इजराइल पर हमले करके जवाबी कार्रवाई की, जिसमें तेल अवीव के पास दो लोग मारे गए। इजराइल ने मंगलवार को ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी अली लारीजानी और अर्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड के बासिज बल के प्रमुख को मार गिराया था। इजराइल ने लेबनान पर दबाव बनाए रखा है और ईरान समर्थित हिजबुल्ला चरमपंथियों को निशाना बनाकर हमले कर रहा है जिनमें बेरूत में कई अपार्टमेंट भवनों को निशाना बनाया गया और कम से कम 12 लोग मारे गए।ईरान ने हवाई सुरक्षा को भेदते हुए अपनी कुछ नवीनतम मिसाइलों का इस्तेमाल फारस की खाड़ी के अपने पड़ोसी देशों व इजराइल पर हमले करने के लिए किया। साथ ही तेल अवीव के पास दो लोगों को मार डाला। इस बीच, ईरान ने अपने 'गैस फील्ड' पर हमले के बाद धमकी दी है कि वह कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में तेल और गैस के बुनियादी ढांचे पर हमला करेगा। इजराइल के खिलाफ जारी युद्ध के दौरान ईरान पहले भी इस तरह की धमकियां दे चुका है। ईरान ने विशेष रूप से सऊदी अरब की 'समरेफ रिफाइनरी' और उसके 'जुबैल पेट्रोकेमिकल काम्प्लेक्स' को निशाना बनाने की धमकी दी है। उसने संयुक्त अरब अमीरात के 'अल हसन गैस फील्ड' और कतर में स्थित पेट्रोकेमिकल संयंत्रों तथा एक रिफाइनरी पर भी हमले की धमकी दी है। ईरान में बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र परिसर पर एक रात पहले एक प्रक्षेपास्त्र से हमला हुआ, लेकिन किसी के घायल होने की खबर नहीं है और संयंत्र को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। यह जानकारी अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजंसी (आइएईए) ने तेहरान से मिली एक रिपोर्ट के आधार पर दी। आइएईए प्रमुख राफेल ग्रोसी ने संघर्ष के दौरान अधिकतम संयम बरतने की अपील दोहराई, ताकि किसी परमाणु दुर्घटना का खतरा टाला जा सके। उधर, ईरान की न्यायपालिका ने बुधवार को कहा कि इजराइल की खुफिया एजंसी मोसाद के लिए जासूसी करने के आरोप में देश में एक व्यक्ति को फांसी दी गई है। न्यायपालिका की समाचार एजंसी 'मिजान' ने मृतक की पहचान कुरुश कीवानी के रूप में की है। ईरान ने बुधवार को सऊदी अरब के विशाल पूर्वी प्रांत पर हमला किया, जहां उसके कई तेल क्षेत्र स्थित हैं। साथ ही कुवैत, बहरीन, कतर और संयुक्त अरब अमीरात पर भी हमला किया। ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव और देश के सबसे शक्तिशाली व्यक्तियों में से एक लारीजानी की इजराइल द्वारा की गई हत्या के जवाब में अर्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड ने बुधवार को कहा कि उसने कई 'वारहेड' वाली मिसाइलों से मध्य इजराइल को निशाना बनाया है। इनमें मिसाइल रक्षा प्रणालियों से बचने की संभावना अधिक होती है और जो रडार ट्रैकिंग सिस्टम को भी नाकाम कर सकती हैं। इजराइल ने कहा कि तेल अवीव के पूर्व में स्थित रमात गान में दो लोगों की मौत हो गई।

# ईवी चार्जिंग पाइंट में धमाका; मकान में आग, आठ की मौत

कहा कि चार्जिंग पाइंट में धमाका हुआ और इसके बाद कार में लगी आग ने मकान को अपनी जद में ले लिया।उन्होंने बताया कि घर के दरवाजों पर इलेक्ट्रानिक ताले लगे थे और इस कारण पुलिस को दरवाजे तोड़कर अंदर जाने में मुश्किल पेश आई। पुलिस आयुक्त ने बताया कि घर के भीतर रखे रसोई गैस के सिलेंडरों में भी धमाके हुए जिससे आग ने और विकराल रूप धारण कर लिया। उन्होंने कहा कि आग लगने के दौरान घर में फंसे तीन लोगों को बाहर निकालकर बचाया गया। मुख्यमंत्री ने इस घटना पर शोक जताते हुए एक बयान में कहा कि इंदौर में हुई अग्नि दुर्घटना अत्यंत पीड़ादायक है। हादसे में मारे गए नागरिकों को विनम्र श्रद्धांजलि। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं।उन्होंने कहा कि ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। घटना के बाद मौके पर पहुंचे राज्य के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि यह दुःखद घटना सचेत करने वाली है क्योंकि ईवी को चार्ज किए जाने के दौरान मकान में आग लगी। हमने पुलिस और प्रशासन से कहा है कि विशेषज्ञों की समिति से विस्तृत जांच कराई जाए ताकि इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो।विजयवर्गीय ने कहा कि इस घटना की जांच के साथ ही ईवी चार्ज किए जाने को लेकर एसओपी भी तैयार कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि मौजूदा भू-राजनीतिक घटनाक्रम के कारण कच्चे तेल के भाव बढ़ने के मद्देनजर बिजली से चलने वाले वाहनों को लेकर लोगों का रुझान बढ़ रहा है। ऐसे में ईवी चार्ज किए जाने के दौरान सामने आया यह अग्निकांड हमें आगाह करता है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री ने घटनास्थल के आस-पास छोटे भूखंडों पर विशाल इमारतों के निर्माण और मुख्य सड़क के दोनों ओर कारें खड़ी किए जाने से एम्बुलेंस एवं अन्य गाड़ियों की आवाजाही के लिए मार्ग के संकरे होने पर भी चिंता जताई।

# चंडीगढ़ में जिम के बाहर संपत्ति व्यापारी की गोलियां मारकर हत्या

डालकर लिखा- ये हमारी जानकारियां विरोधियों को दे रहा था। घटना के कुछ ही देर बाद पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल से खाली कारतूस बरामद किए। यह हत्या चंडीगढ़ प्रशासन के दफ्तरों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) के दफ्तर जैसे अहम सुरक्षा संस्थानों से बहुत कम दूरी पर हुई।

शुरुआती जांच से पता चलता है कि चरणप्रीत सिंह को पहले भी धमकियां मिली हो सकती हैं, जिससे यह संभावना बनती है कि यह एक सोची-समझी हत्या हो सकती है। जांचकर्ता संपत्ति विवादों और जमीन-जायदाद के कारोबार में आपसी रंजिश से जुड़े पहलुओं की जांच कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, जब चरणप्रीत सिंह जिम से बाहर निकलकर घर जाने लगे तो मोटरसाइकिल पर आए दो बदमाशों में से एक ने परिचालक की तरफ से गोलियां चला दीं। जब चरणप्रीत ने दूसरी ओर से भागने का प्रयास किया तो चालक सीट की तरफ जाकर भी कई गोलियां चलाईं।

इनमें से कई गोलियां चरणप्रीत की बाजू और सीने में लगीं। व्यापारी को घायलावस्था में अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से नमूने एकत्र किए हैं।

मामले की जांच जारी है और हमलावरों का पता लगाने के लिए इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# प्रौद्योगिकी क्षेत्र में निवेश के लिए दीर्घकालिक रणनीति बनाएगा बिहार

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 18 मार्च।

प्रौद्योगिकी क्षेत्र में वैश्विक निवेश के लिए दीर्घकालिक रणनीति बनाएगा बिहार। अगले पांच साल में बिहार को वैश्विक स्तर का केंद्र बनाने की योजना पर काम करने के लिए तीन शीर्ष स्तरीय समितियां गठित की गई हैं। नई दिल्ली स्थित बिहार भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बिहार सरकार के मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने की। बैठक में राज्य के लिए प्रौद्योगिकी आधारित विकास की दीर्घकालिक रणनीति और निवेश आकर्षित करने के उपायों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में बिहार को पूर्वी भारत के टेक हब के रूप में विकसित करने के लिए प्रस्तावित रोडमैप पर चर्चा की गई। इसके अंतर्गत सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग, वैश्विक क्षमता केंद्र, मेगा टेक सिटी तथा फिन-टेक सिटी जैसे प्रमुख प्रोजेक्ट्स की संभावनाओं पर विचार किया गया। बैठक में अगले पांच साल में बिहार को वैश्विक 'बैकएंड हब' और वैश्विक 'वर्कप्लेस' के रूप में स्थापित करने की कार्ययोजना पर भी विचार किया गया। इसके अंतर्गत कार्यान्वयन की रणनीति, विभिन्न विभागों के बीच समन्वय तथा उद्योग जगत के साथ साझेदारी को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की गई।

मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत के मुताबिक, औद्योगिक सम्मेलनों के माध्यम से राज्य में बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित करने की दिशा में ठोस पहल की जा रही है और इस मंच के माध्यम से वैश्विक निवेशकों तथा उद्योग जगत को बिहार में उपलब्ध अवसरों से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

## जंग के बीच भारत की सफल कूटनीति




इसे भारत की सफल कूटनीति की जीत तो कहा ही जायेगा इसके साथ-साथ भारत ने अपनी अदम्य सहास का परिचय भी दे दिया है। यानी देशवासी अब चिंता न करें । एलपीजी की समस्या जल्द सामान्य हो जायेगी। क्योंकि जैसे युद्व के बीच दो जहाज का भारत एलपीजी लेकर आना भारत की सफलता मानी जायेगी। भारत शुरु से ही शांतिप्रिय देश है और हमेश से शांति में ही रहने से अपील करता आया है। ऐसे में मिडिल ईस्ट में जारी जंग के बाद एलपीजी गैस की सप्लाई प्रभावित हुई इसमें कहने से गुरेज नहीं करना चाहिए क्योंकि एलपीजी का अधिक समय तक स्टोरेज नहीं कर सकते? ऐसे समय में जब भारत देश में गैस एजेंसी के बाहर लम्बी लम्बी लाइनें लग रही है जो कि अब स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से भारत में एलपीजी की आपूर्ति होना शुरू होने के बाद इस समस्या के अंत के अच्छे संकेत हैं। यह जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं अपितु यह हमारे भारत देश की सफल राजनीति, कूटनीतिज्ञ, दूरदर्शिता की महाजीत है। मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव और ईरान से जुड़े युद्ध जैसे हालात के बीच भारत ने जिस तरह अपनी ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित रखते हुए एलपीजी की आपूर्ति सुनिश्चित की है, वह उसकी परिपक्वऔर संतुलित कूटनीति का स्पष्ट उदाहरण है। वैश्विक संकट के दौर में ऊर्जा सुरक्षा किसी भी देश की आर्थिक स्थिरता की रीढ़ होती है, और भारत ने इस चुनौती को अवसर में बदलने का काम किया है। भारत लंबे समय से ऊर्जा आयात पर निर्भर रहा है, विशेषकर पश्चिम एशिया के देशों पर। ऐसे में जब ईरान के आसपास भू-राजनीतिक तनाव बढ़ा और सप्लाई चेन बाधित होने की आशंका बनी, तब भारत के सामने दोहरी चुनौती थी–एक ओर ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना और दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय दबावों के बीच संतुलन बनाए रखना। भारत की कूटनीतिक रणनीति यहां बहु-आयामी रही। एक तरफ उसने अमेरिका और पश्चिमी देशों के साथ अपने संबंधों को संतुलित रखा, वहीं दूसरी ओर ईरान जैसे महत्वपूर्ण ऊर्जा साझेदार के साथ संवाद के दरवाजे खुले रखे। परिणामस्वरूप, भारत न केवल वैकल्पिक स्त्रोतों से रुक्कत्र की आपूर्ति सुनिश्चित करने में सफल रहा, बल्कि आवश्यक मात्रा में ईंधन की उपलब्धता भी बनाए रखी। इस पूरी प्रक्रिया में भारत ने रणनीतिक स्वायत्तता की नीति को मजबूती से अपनाया। भारत ने किसी एक धड़े में पूरी तरह झुकने के बजाय अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता दी। यही कारण है कि संकट के बावजूद घरेलू बाजार में कच्चे तेल की उपलब्धता पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ा और कीमतों में भी अपेक्षाकृत स्थिरता बनी रही। इसके अलावा, भारत ने सऊदी अरब, यूएई और अन्य ऊर्जा उत्पादक देशों के साथ अपने रिश्तों को और मजबूत किया, जिससे सप्लाई के वैकल्पिक रास्ते खुले। यह कदम दर्शाता है कि भारत केवल प्रतिक्रियात्मक नहीं, बल्कि दूरदर्शी कूटनीति पर काम कर रहा है। हालांकि, यह भी सच है कि ऐसे संकट भारत के लिए चेतावनी भी हैं। ऊर्जा के लिए बाहरी निर्भरता को कम करने, नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश बढ़ाने और घरेलू उत्पादन को मजबूत करने की जरूरत पहले से अधिक महसूस की जा रही है।ईरान युद्ध के बीच कच्चे तेल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करना केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत की संतुलित, व्यावहारिक और प्रभावी कूटनीति की बड़ी जीत है। यह संदेश भी देता है कि बदलते वैश्विक समीकरणों के बीच भारत अपने हितों की रक्षा करना अच्छी तरह जानता है।

# जेन-जी में जागती सनातन चेतना

|| नीलेश वर्मा ||



भारत की नई पीढ़ी, जिसे आज आमतौर पर जेन-जी कहा जाता है, अपनी आधुनिक जीवनशैली के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक और धार्मिक जड़ों की ओर भी तेजी से आकर्षित होती दिखाई दे रही है। पिछले कुछ वर्षों में देश के विभिन्न शहरों और कस्बों में होने वाले धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में युवाओं की बढ़ती भागीदारी इस बदलाव का स्पष्ट संकेत देती है। आधुनिक तकनीक, सोशल मीडिया और बदलती सामाजिक परिस्थितियों के बीच भी नई पीढ़ी का अपनी परंपराओं के प्रति झुकाव बढ़ना एक महत्वपूर्ण सामाजिक प्रवृत्ति के रूप में सामने आ रहा है। देश के अनेक धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सनातन परंपराओं को आधुनिक तकनीक के साथ प्रस्तुत किया जा रहा है। बड़े-बड़े मंचों पर सनातनी भक्ति संगीत, भजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ एलईडी स्क्रीन के माध्यम से धार्मिक प्रसंगों, मंदिरों और देवी-देवताओं से जुड़े दृश्य दिखाए जाते हैं। कई आयोजनों में रामायण, महाभारत और पुराणों की कथाओं को नृत्य-नाटक और नाट्य रूपांतरण के माध्यम से प्रस्तुत किया जा रहा है। इन प्रस्तुतियों में युवा कलाकारों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिलती है। दर्शकों में भी बड़ी संख्या में युवा शामिल होते हैं, जो इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों को उत्साह के साथ देखते और सराहते हैं। इन आयोजनों में प्रवेश हेतु टिकट एवं पास की व्यवस्था होती है, साउंड, लाइट एवं बैठक सहित अन्य व्यवस्थाओं पर आर्थिक व्यय होता है, जिसके बावजूद युवा आर्थिक सहयोग के साथ ही कार्यक्रम में सहभागिता करते हैं।

धार्मिक त्योहारों के समय यह रुझान और भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। दिवाली, होली, राम नवमी, दशहरा, नवरात्रि, करवा चौथ, शिवरात्रि और जन्माष्टमी जैसे पर्वों पर युवा पीढ़ी पूरे उत्साह और सक्रियता के साथ भाग लेती है। कई स्थानों पर युवा स्वयं झांकियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, भजन संध्या और सामूहिक पूजा-अर्चना का आयोजन करते हैं। इन आयोजनों में पारंपरिक वेशभूषा, धार्मिक गीत-संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी परंपराओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जाता है। इससे युवाओं में अपनी सांस्कृतिक पहचान के प्रति गर्व और जुड़ाव की भावना भी विकसित होती है। सोशल मीडिया ने भी इस बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज की पीढ़ी मोबाइल और इंटरनेट के माध्यम से धार्मिक ग्रंथों, कथाओं और आध्यात्मिक विचारों तक आसानी से पहुंच बना रही है। विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म पर गीता, रामायण, उपनिषद और अन्य धार्मिक साहित्य से जुड़े विचार, प्रेरक प्रसंग और भक्ति संगीत बड़ी संख्या में साझा किए जाते हैं। कई युवा आध्यात्मिक विषयों पर आधारित वीडियो, पॉडकास्ट और लेखों के माध्यम से सनातन परंपराओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। इस प्रकार डिजिटल माध्यमों के जरिए शास्त्रों और आधुनिक जीवन के बीच एक नया संवाद स्थापित होता दिखाई दे रहा है।

आज की युवा पीढ़ी में धार्मिक तीर्थ यात्राओं के प्रति भी उल्लेखनीय उत्साह देखने को मिल रहा है। बड़ी संख्या में युवा देश के प्रमुख तीर्थस्थलों की यात्रा कर आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त करने की इच्छा रखते हैं।

**आज की युवा पीढ़ी में धार्मिक तीर्थ यात्राओं के प्रति भी उल्लेखनीय उत्साह देखने को मिल रहा है। बड़ी संख्या में युवा देश के प्रमुख तीर्थस्थलों की यात्रा कर आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त करने की इच्छा रखते हैं। विशेष रूप से चारधाम यात्रा, बारह ज्योतिर्लिंग के दर्शन, 51 शक्ति पीठों की यात्राएं, दक्षिण भारत के प्रसिद्ध मंदिर तिरुपति बालाजी मंदिर के दर्शन, उत्तराखंड स्थित केदारनाथ मंदिर, जम्मू-कश्मीर के पवित्र धाम माता वैष्णो देवी मंदिर तथा राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम जी का प्रसिद्ध मंदिर की यात्रा व दर्शन युवाओं के लिए प्रमुख आकर्षण बनती जा रही है।**

विशेष रूप से चारधाम यात्रा, बारह ज्योतिर्लिंग के दर्शन, 51 शक्ति पीठों की यात्राएं, दक्षिण भारत के प्रसिद्ध मंदिर तिरुपति बालाजी मंदिर के दर्शन, उत्तराखंड स्थित केदारनाथ मंदिर, जम्मू-कश्मीर के पवित्र धाम माता वैष्णो देवी मंदिर तथा राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम जी का प्रसिद्ध मंदिर की यात्रा व दर्शन युवाओं के लिए प्रमुख आकर्षण बनती जा रही है। कई युवा समूहों में इन तीर्थों की यात्रा करते हैं और अपने अनुभवों को सोशल मीडिया पर भी साझा करते हैं। इससे न केवल आस्था का प्रसार होता है, बल्कि अन्य युवाओं में भी इन पवित्र स्थलों के दर्शन करने की प्रेरणा मिलती है। यह प्रवृत्ति दर्शाती है कि आधुनिक जीवन की व्यस्तता के बीच भी नई पीढ़ी अपनी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने का प्रयास कर रही है।

आज की युवा पीढ़ी में सनातन परंपराओं से जुड़े संतों और आध्यात्मिक वक्ताओं के प्रति भी विशेष आकर्षण दिखाई दे रहा है। देश के विभिन्न स्थानों पर होने वाले सत्संग, कथा और धार्मिक आयोजनों में बड़ी संख्या में युवा भाग लेते हैं। विशेष रूप से प्रेमानंद जी महाराज, धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री (बागेश्वर धाम सरकार), जया किशोरी, देवकीनंदन ठाकुर और मुरारी बापू जैसे सनातनी संतों और कथावाचकों के प्रवचन युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय हो रहे हैं। इनके सत्संगों में धर्म, भक्ति, संस्कार और भारतीय जीवन मूल्यों की सरल व्याख्या की जाती है, जिसे युवा आसानी से समझ पाते हैं। सोशल मीडिया और डिजिटल माध्यमों के जरिए इनके प्रवचन लाखों युवाओं तक पहुंच रहे हैं, जिससे नई पीढ़ी में सनातन संस्कृति, आध्यात्मिकता और पौराणिक परंपराओं के प्रति रुचि और जागरूकता लगातार बढ़ती दिखाई दे रही है।

युवाओं के बीच योग, ध्यान और भारतीय जीवन मूल्यों के प्रति भी रुचि बढ़ती दिखाई दे रही है। कई युवा अपने दैनिक जीवन में योग और ध्यान को शामिल कर रहे हैं तथा भारतीय दर्शन और आध्यात्मिक विचारों को समझने का प्रयास कर रहे हैं। यह प्रवृत्ति केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि एक संतुलित और सकारात्मक जीवनशैली की खोज से भी जुड़ी हुई है। वास्तव में आधुनिक तकनीक और पारंपरिक आस्था का यह संगम एक नई सांस्कृतिक प्रवृत्ति को जन्म दे रहा है। जहां एक ओर युवा आधुनिक शिक्षा, तकनीक और वैश्विक अवसरों के साथ आगे बढ़ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर वेयोग एवं आध्यात्म से जीवन में शांति व अच्छे स्वास्थ्य को भी महत्व दे रहे हैं। इस बदलते परिदृश्य को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि भारत की जेन-जी केवल आधुनिकता की ओर ही नहीं बढ़ रही, बल्कि वह अपनी सांस्कृतिक पहचान को भी नए रूप में समझने और अपनाने का प्रयास कर रही है।

भारत ही नहीं विश्व के लोकप्रिय नेता और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भी सनातन परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं पुनरुत्थान पर विशेष बल दिया है। देश के कई प्रमुख धार्मिक स्थलों के विकास, पुनर्निर्माण और भव्य स्वरूप में पुनर्स्थापन के प्रयासों ने युवाओं का ध्यान अपनी सांस्कृतिक जड़ों की ओर आकर्षित किया है। प्रधानमंत्री जी के सोशल मीडिया और डिजिटल माध्यमों पर ऐसे कार्यक्रमों का व्यापक प्रसार हो रहा है, जिसे नई पीढ़ी उत्साह के साथ देखती और साझा कर रही है। जो युवाओं में सनातन संस्कृति, परंपराओं और आध्यात्मिक मूल्यों के प्रति प्रेम और आकर्षण को प्रकट करती है।वर्तमान समय में सनातन परंपराओं, पौराणिक कथाओं और भारतीय आध्यात्मिक विचारों पर आधारित कई फिल्मों ने युवाओं को विशेष रूप से आकर्षित किया है। ऐसी फिल्मों ने केवल मनोरंजन ही नहीं किया, बल्कि संस्कृति और धार्मिक कथाओं के प्रति नई पीढ़ी की जिज्ञासा को भी बढ़ाया है। हाल ही में कांतारा, कार्तिकेय 2, ब्रह्मास्त्रः पार्ट वन-शिवा, आदिपुरुष, हनुमान और महाअवतार नरसिंह जैसी फिल्मों ने युवाओं के बीच व्यापक चर्चा पैदा की। इन फिल्मों में भारतीय देवी-देवताओं, पुराणों, लोक आस्थाओं और आध्यात्मिक शक्तियों से जुड़े प्रसंगों को आधुनिक तकनीक और भव्य दृश्य प्रभावों के साथ प्रस्तुत किया गया है। परिणामस्वरूप कई फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करते हुए कमाई के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। साथ ही इन फिल्मों को देखने के बाद युवाओं के बीच रामायण, महाभारत और अन्य पौराणिक कथाओं के प्रति रुचि भी बढ़ी है, जिससे उन्हें अपनी सांस्कृतिक जड़ों और सनातन परंपराओं के बारे में अधिक जानने का अवसर मिला। इस प्रकार सिनेमा भी नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत से जोड़ने का एक प्रभावी माध्यम बनता दिखाई दे रहा है।

युवाओं की यह प्रवृत्ति केवल आस्था का विषय ही नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक निरंतरता और परंपरा के संरक्षण का भी एक सकारात्मक संकेत मानी जा सकती है। नई पीढ़ी जिस तरह आधुनिकता और परंपरा के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रही है, जो आने वाले समय में भारतीय सांस्कृतिक जीवन को और अधिक समृद्ध और सशक्त बना बनायेगी। हमारी भारतीय संस्कृति एवं परंपराएं संपूर्ण विश्व में संकटों और अस्थिरता के बीच शांति व प्रेम से जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त करेंगी।

# शक्ति का रहस्य और नवरात्रि पर्व

|| श्रीराम माहेश्वरी ||

नवरात्रि पर्व पर साधना से मिलता है अभीष्ट फल : भारतीय संस्कृति में नवरात्रि पर्व का विशेष महत्व है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नवमी तक यह पर्व मनाया जाता है। एक संवत्सर में चार नवरात्र होते हैं। आश्विन का नवरात्र शारदीय नवरात्र तथा चैत्र का नवरात्र वासंतिक नवरात्र कहा जाता है। दो गुप्त नवरात्रि होती है। इस पर्व में मां दुर्गा की आराधना करने का विधान है।

आध्यात्मिक दृष्टि से शक्ति का स्वरूप विशेष दिव्य और उदात्त है। शक्ति ही सृष्टि का सृजन करती है। मां जगत जननी ही सृष्टि का आदि कारण है। यह शक्ति ही पराशक्ति है। इसके अनेक स्वरूप हैं। मां दुर्गा, काली, गायत्री, तारा, भुवनेश्वरी, बगला, षोडशी, धूमावती, त्रिपुरा, कमला, मातंगी तथा पद्मावती इन्हीं के रूप हैं। नवरात्रि के इन दिनों में श्री महालक्ष्मी, श्री मां सरस्वती, महिषासुरमर्दिनी, मां शैलपुत्री, मां ब्रह्मचारिणी, मां चंद्रघंटा, मां कुष्मांडा, मां स्कंदमाता, मां कात्यायनी, मां कालरात्रि, मां महागौरी तथा मां सिद्धिदात्री की पूजा होती है। साधक को पहले दिन स्नान आदि से पवित्र होकर पूजा का स्थान स्वच्छ कर लेना चाहिए। शुभ मुहूर्त में घट स्थापना करना चाहिए। नवरात्र व्रत स्त्री पुरुष दोनों करते हैं। कई श्रद्धालु श्रद्धा अनुसार एक समय फलाहार करके व्रत रखते हैं। कुछ लोग पहले और अष्टमी के दिन व्रत रखते हैं।

भारत के अलग-अलग राज्यों में स्थानीय मान्यताओं के अनुसार साधक पूजा आराधना कर पर्व मनाते हैं। नवरात्रि पूजा में कुमारी कन्याओं का पूजन प्रत्यक्ष मां दुर्गा का विग्रह माना गया है। अंतिम दिन पूज्य पंडित से हवन कराते हैं। कन्या भोज कराते हैं। इन नौ दिनों में प्रतिदिन मां दुर्गा जी को नैवेद्य अर्पित करते हैं। अंतिम दिन हलवे का प्रसाद माताएं बहने बनाती हैं। माता को अर्पित करती हैं। कन्याओं को वस्त्र दक्षिणा देते हैं। नवरात्रि बीतने पर दसवें दिन विसर्जन करते हैं। श्री रामनवमी के दिन भगवान श्रीराम माता जानकी की पूजा करने का भी विधान है। यह दिन भगवान के प्रकट दिवस के रूप में मनाते हैं। श्री रामायण पाठ घर-घर में होता है। श्रद्धालु यह दिन उत्सव के रूप में मनाते हैं। यह दिन विशेष रूप से भगवान के चरित्र और गुण का स्मरण करने तथा जप करने का है। ऐसा करने से भगवान श्रीराम की कृपा प्राप्त होती है। साधक की मनोकामना पूर्ण होती है।

शक्ति रहस्यः दुर्गा शक्तिस्वरुपा हैं। प्रकृति के तीन लक्षण हैं। प्र, क्र और ति। प्र का अर्थ प्रकृष्ट और कृति का अर्थ सृष्टि है, जो सृष्टि रचने की सामर्थ्य रखती है, वह प्रकृति है। प्र सत्व अक्षर, क्र रज तथा ति तम का प्रतीक है। इन तीन गुणों के कारण त्रिदेव सृष्टि की रचना करते हैं। मां भगवती जगत की उत्पत्ति, पालन तथा लय करती है। उपनिषद में उल्लेख है कि सृष्टि के आरंभ में एक ही देवी थी। उसने ही ब्रहमांड उत्पन्न किया। यही देवी पराशक्ति है। प्राधानिक रहस्य में लिखा है कि ब्रह्मा विष्णु और महेश अपनी तीनों शक्ति सरस्वती, लक्ष्मी और गौरी की सहायता से इस जगत का निर्माण, पालन और लय करते हैं। देवी भागवत में लिखा है कि बिना शक्ति के आत्मदेव सृष्टि की रचना नहीं कर सकते। इस कथन से स्पष्ट है की शक्ति ही विश्व का संचालन करती है। पालन और लय करती है। विष्णु पुराण में कहा गया है कि भगवान की स्वरूपा शक्ति ही पराशक्ति है। क्षरेतज्ञ ( जीव ) नाम की अपराशक्ति है। कर्म नाम की अविद्या - माया तीसरी शक्ति है। गीता में जीव को पराशक्ति और माया को अपराशक्ति बताया गया है। भगवान द्वारा यह जड़ जगत जीव शक्ति की सहायता से ही धारण किया गया है।




विजय के लिए शक्ति उपासनाः भगवान श्री कृष्ण ने महाभारत के समय कुरुक्षेत्र में अर्जुन को उपदेश किया कि विजय के लिए आप शक्ति की उपासना करो। मां दुर्गा की अर्जुन ने उपासना की। उन्हें रण में विजय मिली। महाभारत के भीष्म पर्व में इसका उल्लेख मिलता है। शक्ति की उपासना का महत्वः दुर्गा सप्तशती का पाठ नियमित रूप से करने का विशेष महत्व है। पूर्ण श्रद्धा नियम ब्रह्मचर्य निष्ठा से यदि साधक नियमित पाठ करता है तो उसकी साधना अवश्य फलदाई होती है। किसी योग्य गुरु से दुर्गा सप्तशती की विधि पूर्वक दीक्षा लेना चाहिए। यदि ऐसा न हो सके तो किसी गुरु का मार्गदर्शन लेकर पाठ करना चाहिए। एक निश्चित अवधि में एक सहस्त्र पाठ स्वयं करना चाहिए। पाठ उपरांत दशांश होम, दशांश तर्पण, दशांश मार्जन तथा उसका दशांश ब्राह्मण भोजन करना चाहिए। इसके साथ ही नवार्ण मंत्र की दीक्षा और उपदेश ग्रहण करना चाहिए। इस प्रकार विधिपूर्वक अनुष्ठान किया जाए तो साधक को अभीष्ट फल की प्राप्ति हो सकेगी।

साधना से विचारों में रूपांतरणः देवी साधना नियमित रूप से करने पर साधक के विचारों का रूपांतरण होने लगता है। उसके मन में सत्य, अहिंसा, करुणा, दया तथा सबके प्रति समानता भाव जैसे गुणों का विकास होने लगता है। विनम्रता और सहनशीलता उसका आभूषण बन जाता है। भौतिक सुख सुविधा छोटी और क्षणिक लगते हैं। साधक के मन में संतोष का भाव आ जाता है। उसे एकांत प्रिय लगता है। ऐसा होना साधना की सफलता के लक्षण हैं।

इससे स्पष्ट है कि कोई भी कार्य इच्छा, ज्ञान और क्रिया के बिना संपन्न नहीं हो सकता। व्यक्ति अपने आप में कुछ नहीं है। वह स्वयं को करता मानने लगता है। इसका कारण उसका अहंकार ही है, जबकि वह निमित्त मात्र ही है। श्रीभगवान की शक्ति ही व्यक्ति को क्रिया, इच्छा और ज्ञान देती है। मां भगवती की कृपा से ही मनुष्य को सर्व सामर्थ्य मिलती है। साधक सच्चे मन से विधिपूर्वक माता की उपासना करता है तो उसे अवश्य अभीष्ट फल की प्राप्ति हो सकती है। मां का हृदय बहुत कोमल और उदार है। उनकी ममता निश्छल है। साधक को स्वयं को एक पुत्र की भांति साधना पूर्ण निष्ठा और श्रद्धा से करना चाहिए। नियमित साधना उसे शिखर पर पहुंचा सकती है।

## चिंतन

# कठपुतली कला से लोगों को जागरूक कर रहे हैं सुनील सरला

कभी मनोरंजन का सशक्त माध्यम रहीं कठपुतलियां जागरूकता का काम भी कर रही हैं। कठपुतलियों के जरिए सामाजिक मुद्दों को रोचक तरीके से भी उठाया जा रहा। वहीं, कठपुतलियां सुशिक्षित और स्वस्थ समाज का भी बुलंद संदेश दे रहीं। इतिहास में दर्ज नामों की प्रेरक कहानियों को कठपुतलियों के जरिए जन-जन तक पहुंचाने के भी प्रयास हो रहे हैं।21 मार्च को विश्व कठपुतली दिवस मनाया जाता है। कठपुतलियों के खेल मेलों से लेकर गांव-मोहल्लों में अक्सर देखने को मिलते थे, जो बेहद मनोरंजक हुआ करते थे। लेकिन पहले टीवी और फिर इंटरनेट युग ने समय के साथ इन कठपुतलियों को बच्चों से दूर कर दिया। संस्कृति की डोर से बंधी कठपुतली कला केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि परंपराओं और लोककथाओं की एक जीवंत कहानी है। यह कला हमें अतीत से जोड़ती है और समाज को शिक्षाप्रद संदेश भी देती है।कठपुतली के इतिहास के बारे में कहा जाता है कि ईसा पूर्व चौथी शताब्दी में महाकवि पाणिनी के अष्टाध्यायी ग्रंथ में पुतला नाटक का उल्लेख मिलता है। साथ ही सिंहासन बत्तीसी नामक कथा में भी 32 पुतलियों का उल्लेख है। पुतली कला की प्राचीनता के संबंध में तमिल ग्रंथ 'शिलप्पादिकारम' से भी जानकारी मिलती है। पुतली कला कई कलाओं जैसे लेखन, नाट्य कला, चित्रकला, वेशभूषा, मूर्तिकला, काष्ठकला, वस्त्र-निर्माण कला, रूप-सज्जा, संगीत, नृत्य आदि का मिश्रण है। अब कठपुतली का उपयोग मात्र मनोरंजन के लिए नहीं बल्कि शिक्षा कार्यक्रमों, रिसर्च कार्यक्रमों, विज्ञापनों आदि अनेक क्षेत्रों में किया जा रहा है। साथ ही साथ यह बच्चों के व्यक्तित्व के बहुमुखी विकास में सहायक होता है। बता दें कि, भारत में सभी प्रकार की पुतलियां पाई जाती हैं, जैसे धागा पुतली, छाया पुतली, छड़ पुतली, दस्ताना पुतली आदि।कठपुतली कला को चंद कलाकार अब भी जीवंत बनाए हुए हैं, उनमें से एक हैं बिहार के मुजफ्फरपुर के सुनील सरला।कठपुतली से शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता करते सुनील बच्चों के साथ साथ देश समाज में बो रहे हैं कला का संस्कार।कठपुतली जब जल जीवन हरियाली की बात करें तो शहरी लोगों के साथ साथ ग्रामीण लोग भी पर्यावरण जैसे गंभीर विषय को सरल व सहजतापूर्वक समझ जाते हैं।गीत संगीत कहानियों के माध्यम से कठपुतली सामाजिक विज्ञान,समाज सुधार अभियान को लेकर शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से देश समाज में जागरूक करने वाले सरला श्रीवास सामाजिक सांस्कृतिक शोध संस्थान के संयोजक लोक कलाकार सुनील कुमार मुजफ्फरपुर जिले के मुसहरी प्रखंड मालीघाट निवासी कठपुतली कला का प्रशिक्षण देते है।ह्यूमाना पीपुल टू पीपुल इंडिया (एचपीपीआई) किलकारी,कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय तरियानी(शिवहर) बंजरिया(पूर्वी चंपारण) चनपटिया(पश्चिम चंपारण) थुम्मा (रुन्नी सैदपुर) सीतामढ़ी,जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) रामबाग, मुजफ्फरपुर, विक्रम (पटना)छतौनी (मोतिहारी) पूर्वी चंपारण, पिरोता ,भोजपुर जिला के साथ साथ अन्य राज्यों में कठपुतली कला प्रशिक्षण देने वाले सुनील कुमार की पहचान कठपुतली कलाकार के साथ साथ कठपुतली प्रशिक्षक की भी हैं।कठपुतली को नचाकर का माध्यम बनाने वाले सुनील कुमार कठपुतली के माध्यम से देश समाज में हिंसा समाप्त करने, बाल विवाह, बाल श्रम, नशापान जैसे सामाजिक बुराइयों को के खिलाफ कठपुतली संवाद के माध्यम से जागरूक करते रहते हैं।पीपल,नीम, तुलसी जैसे पौराणिक पौधों को लेकर पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार संवाद करने वाले सुनील कुमार कठपुतली कला का प्रशिक्षण सी जी नेट के सहयोग से सर्वप्रथम सालेकसा (गोंदिया) महाराष्ट्र में प्राप्त की। पपेट जर्नलिज्म के माध्यम से भारत देश के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जाकर लोगों को वैकल्पिक माध्यम के प्रयोग का प्रशिक्षण देने का कार्य किया। कठपुतली कला के माध्यम से बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि जगाने वाले सुनील कुमार सामाजिक जन जागरूकता का कार्य करते रहते हैं। इसमें इनके परिवार का भी सहयोग मिलता है। सुनील कुमार का मानना है पढ़ाई से बचने वाले बच्चों को रचनात्मक तरीके से शिक्षा दी जाए तो वह कक्षा में आने के लिए ललायित रहेंगे। बचत, डिजिटल बैंकिंग, गुड टच बैड टच, जन औषधि परियोजना, जेंडर संवाद के साथ साथ किशोरियों को महावारी शिक्षा जैसे गंभीर मुद्दों पर जागरूक करते रहते हैं।बच्चों के साथ साथ शिक्षकों को भी कठपुतली बनाने से लेकर संचालन का प्रशिक्षण देने वाले सुनील कुमार अब तक विभिन्न कार्यशालाओं में सैकड़ों बच्चों के साथ शिक्षकों को प्रशिक्षित कर चुके हैं।

कुमार कृष्णन



पाठकगण अपने विचार responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भेज सकते हैं।

हिन्दुस्तान
1936
सत्य • सार्थक • सदैव

# विदेशियों की गिरफ्तारी

पर्यटक वीजा पर भारत आए छह यूक्रेनी और एक अमेरिकी नागरिकों की गिरफ्तारी चिंता पैदा करती है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने इन विदेशियों को गिरफ्तार किया है। उन पर यह आरोप संगीन है कि ये नागरिक पर्यटक वीजा पर भारत आए और भारत-विरोधी गतिविधियों में शामिल हो गए। बताया जा रहा है कि एनआईए काफी दिनों से इन विदेशियों पर नजर रखे हुए थी। ये विदेशी पूर्वोत्तर भारत में सक्रिय विद्रोही समूहों के साथ काम कर रहे थे। गिरफ्तार अमेरिकी नागरिक मैथ्यू वैनडाइक तो एक जाना-पहचाना नाम है। वह सैनिक, व्यवसायी, युद्ध संवाददाता और स्तंभकार के रूप में काम कर चुका है। माना जा रहा है कि वह भारत-विरोधी विद्रोहियों के प्रशिक्षण में शामिल था। मैथ्यू वैनडाइक की कंपनी घोषित रूप से गैर-लाभकारी मॉडल पर काम करती है, लेकिन आतंकवाद, विद्रोह और दमनकारी शासनों से लड़ रहे समुदायों को मुफ्त सुरक्षा, सैन्य परामर्श एवं प्रशिक्षण देती है। यहां सवाल खड़ा होता है, क्या यह सही है कि ऐसी सेवा देने वाली कंपनी के मुखिया पर्यटन छोड़कर विद्रोहियों को प्रशिक्षण देने में जुट जाएं?

एनआईए ने उचित ही इस मामले को गंभीरता से लिया है। इनके खिलाफ गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की धारा 18 के तहत मामला दर्ज किया गया है, जो आतंकवादी कृत्य को अंजाम देने के लिए साजिश, समर्थन, उकसाने या प्रेरित करने से संबंधित है। दिल्ली की एक अदालत ने इन विदेशियों को 27 मार्च तक के लिए एनआईए की हिरासत में भेज दिया है। भारत में ऐसे और भी संदिग्ध विदेशी हैं, जिनकी तलाश एनआईए कर रही है। कम-से-कम 15 ऐसे विदेशी पर्यटक वीजा से यहां आकर भारतीय व्यवस्था की उदारता का पूरा आर्थिक लाभ उठा रहे थे या उठा रहे हैं। ऐसा करना भारत देश के खिलाफ साजिश है। एनआईए का मानना है कि इन विदेशियों ने भारत के रास्ते म्यांमार जाकर विद्रोहियों को प्रशिक्षित किया है। हो सकता है, कुछ विदेशियों ने म्यांमार जाकर स्वयं भी सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त किया हो। हालांकि, ये विद्रोही म्यांमार में सैन्य शासन के खिलाफ भी हथियार उठाते रहे हैं। अतः इनकी यह हरकत भारत ही नहीं, म्यांमार के भी कानून के खिलाफ है। एनआईए को जांच और दोष प्रमाणित करने में कतई पीछे नहीं रहना चाहिए। ऐसे विदेशियों के प्रति भारत का इतिहास बहुत उदार रहा है, पर जब हम नक्सलवाद और आतंकवाद का अपनी भूमि से सफाया करने में लगे हैं, तब हमारी सुरक्षा एजेंसियों को ढिलाई की गलती कतई नहीं करनी चाहिए।

**भारत में यूक्रेनी और अमेरिकी नागरिकों की गिरफ्तारी बहुत चिंता पैदा करती है। ये सब पर्यटक वीजा पर भारत आए और संदिग्ध गतिविधियों में शामिल हो गए।**

आशंका है, अनेक विदेशी होंगे, जो बिना मंजूरी पूर्वोत्तर गए होंगे और वहां से म्यांमार में घुसे होंगे। यह पर्यटक वीजा का सरासर अनादर है और यह अपने आप में दंडनीय अपराध है। आशंका यह भी है कि यूरोप से भारी संख्या में लाए गए ड्रोन भारत के रास्ते म्यांमार पहुंचाए गए हैं। अब आगे क्या होगा? जैसा कि होता आया है, अमेरिका और यूक्रेन की ओर से दबाव बढ़ेगा। अमेरिका की टिप्पणी से लगता है, वह अंदरखाने ही अपने नागरिक को बचाने की कोशिश कर रहा है। यूक्रेन ने तो अपने नागरिकों की गिरफ्तारी पर खुलकर नाराजगी जताई है। निस्संदेह, यहां भारत को अपनी सुरक्षा के लिए दृढ़ता का प्रदर्शन करना होगा। यह सोचने की बात है, क्या किसी विदेशी नागरिक या विदेशी पर्यटक की ऐसी ही हरकत या साजिश को यूक्रेन या अमेरिका जैसे देश अपने यहां बर्दाश्त कर सकते हैं? हर देश की सुरक्षा व उसका कानून महत्वपूर्ण है और उसकी पालना सुनिश्चित होनी चाहिए।

हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 19 मार्च, 1951

## सी श्रेणी के राज्य

सी श्रेणी के राज्यों की मौजूदा शासन-व्यवस्था के प्रति वहां के लोगों में असन्तोष पाया जाता है। ए और बी श्रेणी के राज्यों में शासन-सूत्र लोक-प्रतिनिधियों द्वारा संचालित हो रहा है, किन्तु सी श्रेणी के राज्यों में शासन की अन्तिम सत्ता चीफ कमिश्नरों के हाथ में है, जो जनता के प्रति उत्तरदायी न होकर केन्द्रीय सरकार के प्रति उत्तरदायी हैं। कुछ सी श्रेणी के राज्यों के चीफ कमिश्नर को परामर्श देने के लिए जनता के आदमियों की सलाहकार कौंसिल कायम की गयी थीं, किन्तु उनसे किसी को सन्तोष नहीं हुआ; कारण चीफ कमिश्नर उनकी सलाहों पर क्वचित ही ध्यान देते हैं।

सी श्रेणी के कुछ राज्य जैसे दिल्ली, अजमेर-भीलवाड़ा और कुर्ग भारत सरकार के गृह मंत्रालय की देखरेख में शासित होते हैं और कुछ अन्य राज्य, जो पुरानी रियासतों के एकीकरण के सिलसिले में अस्तित्व में आये हैं, रियासती मंत्रालय के अधीन हैं। भारतीय संसद में इन सभी राज्यों के बारे में एक प्रस्ताव पर वाद-विवाद हुआ, जिसमें इन राज्यों के प्रतिनिधियों ने वर्तमान व्यवस्था के प्रति अपना असन्तोष प्रकट किया और उनमें उत्तरदायी लोकतंत्री शासन जारी करने की जोरदार शब्दों में मांग की। इस बहस के सिलसिले में रियासती मंत्री श्री गोपालस्वामी आयंगर ने भारत सरकार की नीति की घोषणा की और उसी से मिलता-जुलता वक्तव्य गृहमंत्री की ओर से श्री गाडगिल ने दिया।

इतना तो निश्चित है कि भारत सरकार ने सी श्रेणी के राज्यों के लोकमत को संतुष्ट करने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाया है। उससे सी श्रेणी के राज्यों के लोगों को पूरा समाधान तो नहीं होगा; कारण उनकी पूर्ण उत्तरदायी और लोकतंत्री शासन की मांग वह पूरी नहीं करता। किन्तु यह स्वीकार करना होगा कि लोकतंत्र की दिशा में एक पग आगे ही बढ़ाया गया है। सी श्रेणी के राज्यों की विशेष स्थिति और उसके कारण भारत सरकार के लिए उन्हें ए अथवा बी श्रेणी के राज्यों के स्तर पर रखना संभव नहीं हो सकता। रियासती मंत्री श्री आयंगर ने यह स्वीकार किया है कि सरकार और उसके आलोचकों में इस बारे में कोई मतभेद नहीं है कि सी श्रेणी के राज्यों में शासन को लोकतंत्री रूप दिया जाना चाहिए। उनमें यदि अन्तर है तो यही कि लोकतंत्र की मात्रा कितनी रहे और परिवर्तन कब और किन परिस्थितियों में किया जाये।

# ईरान युद्ध में हर देश के अपने समीकरण

**एशिया की इस जंग ने अमेरिका और उसके करीबी मित्र देशों के बीच भी तनाव की स्थिति पैदा कर दी है। दूसरी ओर, मुस्लिम देशों के बीच भी गहरी दरारें नजर आ रही हैं।**

यहां स्कैन करें

विवेक काटजू | पूर्व राजनयिक

विश्व के राजनीतिक और कूटनीतिक हलकों में अभी यही सवाल सबकी जुबान पर है कि ईरान युद्ध कब तक चलेगा और इसका अंजाम क्या होगा? ये दोनों सवाल जटिल हैं और इनके जवाब अभी ठीक-ठीक नहीं दिए जा सकते। अब तक न तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कोई संकेत दिए हैं कि वह युद्ध कब और किन शर्तों पर खत्म करेंगे, और न ही युद्ध का आखिरी अंजाम परदे के सामने नजर आ रहा है।

हां, एक निष्कर्ष, जो हमारे क्षेत्र के साथ-साथ पूरी दुनिया को परेशान कर रहा है, वह ऊर्जा से जुड़ा है। ईरान ने होर्मुज जलमार्ग पर इतना नियंत्रण बना लिया है कि उसकी इच्छा के बगैर यहां से कोई समुद्री जहाज पार नहीं कर पा रहा। वहीं, ईरान द्वारा खाड़ी में गैस के उत्पादन-केंद्रों को निशाना बनाए जाने के कारण कतर जैसे देश ने अपनी उत्पादन इकाइयों को बंद कर दिया है। चूंकि भारत जैसे देश कच्चे तेल और गैस के लिए खाड़ी के देशों पर निर्भर हैं, इसलिए उनकी अर्थव्यवस्था पर ईरान युद्ध का विशेष रूप से बुरा असर पड़ रहा है, लेकिन वे मुल्क भी, जो अरब देशों पर इतने निर्भर नहीं हैं (जैसे- यूरोपीय संघ के सदस्य देश) और अमेरिका जैसे बिल्कुल ही निर्भर न रहने वाले देश को भी इस युद्ध से नुकसान हो रहा है, क्योंकि वहां भी तेल के दाम बढ़ गए हैं। गौरतलब है कि ईरान युद्ध से पहले की तुलना में आज कच्चे तेल की कीमत 40 प्रतिशत तक चढ़ चुकी है।



समीकरणों की बात करें, तो इस जंग ने अमेरिका और उसके मित्र देशों के बीच भी तनाव की स्थिति पैदा कर दी है। इसका कोई आसान समाधान दिख भी नहीं रहा। यहां तक कि होर्मुज जलडमरूमध्य में युद्धपोत भेजने की राष्ट्रपति ट्रंप की गुजारिश भी इन देशों ने नहीं मानी, जबकि दावा किया गया था कि अमेरिका ऐसा करके होर्मुज से गैस और तेल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना चाहता था। इनकार करने वाले देशों में फ्रांस, जर्मनी, इटली, यूनान जैसे यूरोपीय संघ के सदस्य शामिल हैं। वैसे, ब्रिटेन, जापान और ऑस्ट्रेलिया ने भी अपने जहाज न भेज पाने की विवशता जताई थी। राष्ट्रपति ट्रंप इससे नाराज हुए और उन्होंने इसका सार्वजनिक इजहार भी किया।

राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि जब मित्र देशों को साथ की जरूरत थी, तब अमेरिका ने पूरी मदद की, लेकिन आज जब वाशिंगटन को उनकी सहायता की दरकार है, तो ये देश उदासीन बन गए हैं। जाहिर है, इससे अमेरिका और उसके मित्र देशों के रिश्तों पर असर पड़ेगा, हालांकि यह भी सच है कि दोनों को एक-दूसरे की जरूरत है, इसलिए इस घटनाक्रम से आपसी संबंधों में शायद ही स्थायी या गहरी दरार आ सकेगी।

इन देशों ने बेशक ईरान युद्ध के लिए कोई गर्मजोशी नहीं दिखाई, लेकिन वे वाशिंगटन के इस तथ्य से सहमत हैं कि ईरान के पास परमाणु हथियार बनाने की क्षमता नहीं होनी चाहिए। इतना ही नहीं, तेहरान की मिसाइल और ड्रोन-निर्माण क्षमता को सीमित या नाममात्र किए जाने, उसकी सैन्य ताकत को कमजोर करने और हमास, हिज्बुल्लाह व हुती जैसे ईरान समर्थित गुटों को बेअसर किए जाने के भी वे हिमायती हैं। यानी, अमेरिका और उसके मित्र देशों का लक्ष्य एक है, लेकिन रास्ते अलग हैं।

उधर, चीन और रूस ने इस युद्ध को जल्द से जल्द खत्म करने की मांग की है। उन्होंने अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर हमला किए जाने पर अफसोस भी जताया। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में जब खाड़ी के देशों को निशाना बनाने को लेकर ईरान की निंदा की गई, तो इन दोनों ने तेहरान से दूरी बरती। यह संकेत है कि दुनिया का कोई देश नहीं चाहता कि युद्ध का दायरा बढ़े, हालांकि यह भी सच है कि ईरान की जिस तरह से घेराबंदी की जा रही है, उसमें उसके पास युद्ध बढ़ाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उसकी यह सोच है कि अगर वह दुनिया में ऊर्जा संकट पैदा कर दे, तो अमेरिका अपने पांव समेटने पर विवश हो जाएगा।

राष्ट्रपति ट्रंप के लिए मानो यही झटका काफी न था, अमेरिका के काउंटरटेररिज्म सेंटर के निदेशक जो केंट ने यह कहते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है कि इजरायल के प्रभाव में आकर राष्ट्रपति ने युद्ध छेड़ा है, जबकि ईरान की तरफ से अमेरिका की सुरक्षा पर कोई खतरा नहीं था। केंट का यह सुझाव भी है कि अमेरिका को जंग तुरंत रोक देनी चाहिए। हालांकि, राष्ट्रपति ट्रंप ने केंट की बातों को नजरंदाज कर दिया है, लेकिन इससे उन हलकों को बल मिलेगा, जो मानते हैं कि इस युद्ध से अमेरिका को कोई लाभ नहीं है।

भारत जैसे देशों को ईरान युद्ध से नुकसान होना स्वाभाविक है। 90 लाख से एक करोड़ भारतवंशी अरब देशों में रहते हैं, जो अपनी आमदनी का एक बड़ा हिस्सा बतौर 'रेमिटेंस' भारत भेजते हैं। इसकी हमारी अर्थव्यवस्था के लिए काफी अहमियत है। खाड़ी के देश हमारे व्यापार के लिए भी अहम हैं और कच्चे तेल व गैस को लेकर हमारी उन पर निर्भरता जगजाहिर है। होर्मुज के बंद होने से अभी कच्चे तेल का अभाव तो नहीं दिख रहा, लेकिन गैस की आपूर्ति बनाए रखने के लिए सरकार को कुछ एहतियाती कदम उठाने पड़े हैं, जिसके कारण कुछ सूक्ष्म व लघु उद्योगों, ढाबों और रेस्तराओं पर असर पड़ा है।

भारतीय प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री ने विभिन्न देशों के अपने-अपने समकक्षों से संपर्क बनाए हैं। उन्होंने अरब देशों को हो रहे नुकसान पर भी उचित सहानुभूति जताई है। इसके साथ ही ईरान के राष्ट्रपति से भी भारतीय प्रधानमंत्री ने बात की है और राजनय व आपसी बातचीत के जरिये समाधान निकालने का सुझाव दिया है, जो बिल्कुल सही है। हालांकि, इस वक्त यह कहना मुश्किल है कि इजरायल, अमेरिका और ईरान कब इस रास्ते पर आगे बढ़ेंगे?

फिलहाल युद्ध जारी है, और विशेषकर इजरायल यही चाहता है कि ईरान को अधिक से अधिक नुकसान हो। हालांकि, तेहरान का यदि पतन हुआ और यहां शून्यता की स्थिति पैदा हुई, तो इससे इस पूरे खित्ते को काफी नुकसान हो सकता है। इस युद्ध से यह भी पता चलता है कि इस्लामी उम्मा के बीच गहरी दरारें हैं, जिनकी जड़ें इस्लाम के इतिहास में फैली हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# पाकिस्तान नहीं समझ पाया इस्लाम का सही मतलब

यहां स्कैन करें

विवेक शुक्ला | वरिष्ठ पत्रकार

पाकिस्तान खुद को दुनिया का सबसे बड़ा इस्लामी देश कहता है। उसका झंडा, उसका नाम, उसकी सारी बातें इस्लाम से जुड़ी दिखाई देती हैं, लेकिन हकीकत कुछ और है। यह देश मुसलमानों को ही मारता रहा है। सबसे ताजा उदाहरण अफगानिस्तान का है।

पाकिस्तान ने 16 मार्च को काबुल के एक अस्पताल पर हवाई हमला किया। तालिबान सरकार का आरोप है कि इस हमले में 400 लोग मारे गए और 250 घायल हुए। हमला रमजान के महीने में हुआ, जब लोग रोजा रखकर नमाज पढ़ रहे थे। अस्पताल में ज्यादातर गरीब अफगान थे, जो नशे की लत से छुटकारा पाने आए थे। पाकिस्तान कहता है कि हमने सिर्फ आतंकी ठिकानों पर हमला किया, लेकिन तालिबान और अफगान मीडिया साफ-साफ कह रहे हैं कि यह नागरिक अस्पताल था। यहां सवाल यह है कि रमजान में अस्पताल पर हमला करना क्या इस्लाम सिखाता है? पाकिस्तान का दावा है कि तालिबान आतंकियों को पनाह देता है, लेकिन मारे गए तो आम मुसलमान मरीज हैं।

1971 में पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में पाकिस्तानी फौज ने लाखों लोगों का कत्ल किया। अय्याश पाकिस्तान सेनाध्यक्ष टिक्का खान को 'बुचर ऑफ बंगाल' कहा गया। एक इस्लामी देश ने अपने ही लोगों पर इतना जुल्म किया- यह पाखंड नहीं, तो और क्या है? पाकिस्तान के भीतर भी मुसलमानों से भेदभाव होता है। अहमदिया मुसलमानों को कानून से 'गैर-मुस्लिम' घोषित कर दिया गया है। 1974 के संविधान संशोधन और अध्यादेश के तहत उन्हें मस्जिद कहने, सलाम कहने, यहां तक कि *कुरान* छूने तक की इजाजत नहीं। अगर कोई अहमदिया कहे कि वह मुसलमान है, तो उस पर ईशनिंदा का केस दर्ज होता है। बीते साल ही कई अहमदिया डॉक्टर और आम लोग गोली से उड़ा दिए गए। पाकिस्तान के शहर खुशाब में 90 अहमदिया कब्रें तोड़ी गईं।

**उसका इस्लाम सिर्फ नाम का है। रमजान में अस्पताल उड़ाना, लोगों को मारना, अहमदिया पर जुल्म- ये सब इस्लाम के खिलाफ हैं।**

अमेरिकी विदेश मंत्रालय की रिपोर्ट और 'एमनेस्टी इंटरनेशनल- 2025' की रिपोर्ट बताती है कि पुलिस खुद अहमदिया घरों पर हमला करती है। वहां शिया भी सुरक्षित नहीं, खासकर हजारा शिया। बलूचिस्तान और कुर्रम में बार-बार हमले किए जाते हैं। 2024 में 40 शिया मारे गए, 2013 में क्वेटा में 90 से ज्यादा। पाकिस्तान का कानून और सेना इन पर कार्रवाई नहीं करती, चुप्पी साध लेती है। एक देश, जो खुद को इस्लाम का गढ़ कहता है, वहां शिया और अहमदिया मुसलमानों को दूसरे दर्जे का नागरिक बना दिया गया। ईरान पर हमला भी यही कहानी दोहराता है। जनवरी 2024 में पाकिस्तान ने ईरान पर मिसाइल हमले किए।

सवाल उठता है, पाकिस्तान मुसलमानों को क्यों मारता है? पहला कारण है, सेना की ताकत। पाकिस्तान में फौज सबसे ऊपर है। वह इस्लाम का नाम लेकर सत्ता चलाती है, पर उसकी नीतियां भेदवादी हैं। सुन्नी बहुल सेना शिया, अहमदिया और दूसरे समुदायों को कमजोर रखना चाहती है। दूसरा कारण है, राजनीति। पाकिस्तान तालिबान, जैश-ए-मोहम्मद जैसे गुटों को पालता है। अफगानिस्तान में तालिबान को उसने समर्थन दिया, लेकिन अब वही तालिबान उस पर हमला कर रहा है। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तानी जमात फौज पर हमले कर रही है। पाकिस्तान अफगानिस्तान पर हमला करता है। मुसलमान ही मुसलमान का शिकार हो रहा है। तीसरा कारण है, इस्लाम का इस्तेमाल। पाकिस्तान का पूरा सत्ता-तंत्र इस्लाम का नाम लेकर चलता है, लेकिन असल में यह सत्ता का खेल है।

बेशक, यह सब देखकर लगता है कि पाकिस्तान का 'इस्लामी' चेहरा झूठा है। *कुरान* में लिखा है- 'एक मुसलमान दूसरे मुसलमान का भाई है'। मगर पाकिस्तान की फौज, कानून और सरकार इसके विपरीत चल रही है। पाकिस्तान अपने ही लोगों का दुश्मन बन चुका है। पाकिस्तान का इस्लाम सिर्फ नाम का है। रमजान में अस्पताल उड़ाना, लाखों लोगों को मारना, शिया-अहमदिया पर जुल्म- ये सब इस्लाम के खिलाफ हैं। दुनिया के मुसलमानों को समझना चाहिए कि पाकिस्तान का चेहरा दोहरा है- एक तरफ मक्का-मदीना का नाम, दूसरी तरफ मुसलमानों का कत्लेआम।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

# मन का अनुशासन सीखिए

मनुष्य के जीवन में सबसे पहली चीज उसका शरीर है, जो रथ के समान है और इसका चालक मन है। इस चालक मन को हम जब तक नियंत्रित नहीं करेंगे, तब तक यह शरीर रूपी रथ ठीक तरह से नहीं चलेगा। हम साल भर कार से सफर करते हैं। हमारा ड्राइवर रात-दिन, चौबीस घंटे गाड़ी चलाता है। हमारी गाड़ी मुंगेर से बम्बई (अब मुंबई) तक निरंतर अबाध गति से चलती है, परंतु उसमें कोई खराबी दृष्टिगोचर नहीं होती, क्यों? गाड़ी की हालत ठीक होनी चाहिए और उसका चालक सतर्क एवं सजग होना चाहिए, तब तो गाड़ी चलेगी।

रथ का सारथी ही सब कुछ होता है। जिस रथ का सारथी इंद्रियों का निग्रह नहीं कर सकता, जिस रथ के सारथी को इस रथ के नियम, धर्म और अनुशासन नहीं मालूम हैं, उसके तन-मन, दोनों बीमार रहेंगे और निश्चित रूप से वह दुर्घटनाग्रस्त होगा। ऐसा शास्त्रों में लिखा है।

योग कोई जादू नहीं है, ध्यान अपने जीवन के रहस्यों को जानने की विद्या नहीं है, आसन कोई व्यायाम नहीं है, और न ही योग-विद्या कोई क्रिया है। यह एक अनुशासन विद्या है। यह विशिष्ट ग्रंथों की परिभाषा है। राजयोग का पहला सूत्र शुरू होता है - *अथ योगानुशासनम्* से, 'अथ योगस्य व्याख्यानम्' से नहीं।

हर काम को करने का एक स्थान होता है, हर अंग का नाम होता है, हर क्रिया की एक सीमा होती है। उसी प्रकार शरीर के नियमों का ज्ञान प्राप्त करके उन नियमों के अनुसार, शरीर को चलाना, मन के नियमों का ज्ञान प्राप्त करके उन नियमों के अनुसार सोचना-विचारना, व्यवहार करना, भावना करना अनुशासन कहलाता है। अनुशासन का मतलब पागलपन नहीं। अनुशासन का मतलब प्रतिभा नहीं। अनुशासन का मतलब जोर-जबर्दस्ती भी नहीं। अनुशासन का मतलब है, जैसा नियम है, वैसे ही उसका पालन करना। जैसे पानी है, पानी को तुम अपने पॉकेट में ले जाना चाहो, तो जाएगा क्या? हां, पागल लोग पानी को अपने पॉकेट में ले जाना चाहेंगे, क्यों? इसलिए कि उनको पानी के नियम का ज्ञान नहीं है। पानी तरल पदार्थ है, तरल पदार्थ का एक ठोस आधार होना चाहिए। इसी प्रकार अनुशासन है, इस एक शब्द से आज दुनिया घबराती है। क्यों घबराती है? क्योंकि लोग अनुशासन का अर्थ बतलाते हैं पाबंदी, पर ऐसा नहीं है। अनुशासन का नाम है योग।

**अनुशासन का मतलब है, जैसा नियम है, वैसे ही उसका पालन करना। पानी को तुम अपने पॉकेट में ले जाना चाहो, तो जाएगा क्या? हां, पागल लोग पानी को अपने पॉकेट में ले जाना चाहेंगे, क्यों?**

क्या आप लोगों के यहां मन को शिक्षा देने वाला कोई स्कूल है? आप लोगों के यहां मनुष्य की भावनाओं को प्रशिक्षित करने वाला कोई विद्यालय है? नहीं। हम लोगों के यहां मनुष्य की अंतरात्मा को प्रशिक्षित करने वाला कोई प्रशिक्षण स्थल नहीं है, इसलिए लोग दुःखी हैं, शोक-संतप्त हैं, अनुशासनहीन हैं और अपराध करते हैं। मन को पहले अनुशासित करना होगा।

**स्वामी सत्यानन्द सरस्वती**

कैलाश सत्यार्थी | नोबेल विजेता



**जब कूटनीति से लेकर व्यापार और आस्था तक, हर चीज को हथियार बना लिया जाता है, तब युद्ध के दौरान नैतिकता की अपेक्षा करना कोरी कल्पना है। बदलाव के लिए जो साहस और करुणा जरूरी है, वह नदारद है। आइए, करुणा की मशाल पूरी दुनिया में जलाएं।**

अनुलोम-विलोम

चैत्र नवरात्र



# नई पीढ़ी धार्मिक जड़ों की ओर लौट रही

भारत की नई पीढ़ी, जिसे आमतौर पर 'जेन जी' कहा जाता है, अपनी आधुनिक जीवनशैली के साथ-साथ सांस्कृतिक और धार्मिक जड़ों की ओर भी लौटती दिख रही है। पिछले कुछ वर्षों में देश के विभिन्न शहरों और कस्बों में होने वाले धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में नौजवानों की बढ़ती भागीदारी इस बदलाव का स्पष्ट संकेत देती है। वे न सिर्फ विधि-विधान में हिस्सेदारी लेते हैं, बल्कि भंडारा कराने, कंजक पूजन जैसी व्यवस्थाओं में भी खुद को झोंक देते हैं। आधुनिक तकनीक, सोशल मीडिया और बदलती सामाजिक परिस्थितियों के बीच नई पीढ़ी का अपनी परंपराओं के प्रति यूं आकर्षित होना एक महत्वपूर्ण सामाजिक प्रवृत्ति के रूप में सामने आ रहा है।

धार्मिक त्योहारों के समय यह रुझान और भी स्पष्ट दिखाई देता है। आज से चैत्र नवरात्र शुरू हो रहा है, तो इसमें आप युवाओं को व्रत करते हुए देखेंगे। वे कंजकों को खाना भी खिलाएंगे। फिर, दीपावली, होली, राम नवमी, शिवरात्रि, जन्माष्टमी जैसे पर्वों पर भी पूरे उत्साह और सक्रियता के साथ भाग लेते हुए दिखेंगे। कई स्थानों पर नौजवान स्वयं झांकियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, भजन संध्या और सामूहिक पूजा-अर्चना का आयोजन करते हैं। इससे उनमें अपनी सांस्कृतिक पहचान के प्रति गर्व का विकास होता है। सोशल मीडिया ने भी इस बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज की पीढ़ी मोबाइल और इंटरनेट के माध्यम से धार्मिक ग्रंथों, कथाओं और आध्यात्मिक विचारों तक आसानी से पहुंच रही है। आध्यात्मिक विषयों पर वीडियो, पॉडकास्ट और लेखों के माध्यम से वह सनातन परंपराओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर रही है। इस प्रकार डिजिटल माध्यमों के जरिये शास्त्रों और आधुनिक जीवन के बीच एक नया संवाद स्थापित होता दिखाई दे रहा है।

आज की युवा पीढ़ी में धार्मिक तीर्थ यात्राओं के प्रति भी उल्लेखनीय उत्साह देखने को मिल रहा है। इससे उनमें न केवल आस्था का प्रसार होता है, बल्कि जीवन के प्रति सकारात्मक नजरिया भी विकसित होता है। इतना ही नहीं, वे योग, ध्यान और भारतीय जीवन मूल्यों के प्रति भी आकर्षित हो रहे हैं। यह प्रवृत्ति केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि एक संतुलित और सकारात्मक जीवनशैली की खोज से भी जुड़ी हुई है। इसलिए, यह कहने में ऐतराज नहीं है कि भारत की 'जेन जी' केवल आधुनिकता की ओर नहीं बढ़ रही, बल्कि वह अपनी सांस्कृतिक पहचान को भी नए रूप में समझने और अपनाने का प्रयास कर रही है।

**नीलेश वर्मा,** टिप्पणीकार

# कंजकों का सम्मान करना अब तक न सीखा

आज से चैत्र नवरात्र शुरू हो रहे हैं। नवरात्र में जगत जननी से मनोवांछित फल पाने के लिए लोग व्रत रखते हैं। हालांकि, नई पीढ़ी अब भी इन सबको कर्मकांड की नजर से ही देखती है। जब भी आप उससे इस पर बात करेंगे, तो वह आमतौर पर इसका उपहास उड़ाते हुए ही दिखेगी। कई नौजवान तो कंजकों को खिलाने की परंपरा भी नहीं मानते और इसमें मीन-मेख निकालते रहते हैं।

हालांकि, असलियत यह है कि दुर्गा माता को प्रसन्न करने के लिए हमें लोभ, लालच, मोह, माया आदि विकारों से दूर रहना चाहिए और अपने स्वार्थ के लिए किसी दूसरे को जरा भी कष्ट नहीं पहुंचाना चाहिए। नवरात्र हमें सादगी, ईमानदारी, परोपकार और सत्मार्ग पर चलने की शिक्षा देता है। मगर यह शिक्षा तब अधूरी लगती है, जब कंजकों का अपमान होते हुए हम देखते हैं। गौरतलब है कि नवरात्र में लोग अष्टमी और नवमी को कंजक पूजा करते हैं। अपनी श्रद्धा के अनुसार वे छोटी-छोटी बच्चियों की पूजा करके मां दुर्गा को प्रसन्न करने की भावना रखते हैं, लेकिन हमें कन्या पूजन के साथ-साथ लड़कियों के प्रति अपनी संकीर्ण मानसिकता को भी त्याग देना चाहिए। अगर हम लड़कियों के प्रति दुर्भावना रखते हैं या फिर मात्र अपनी मनोकामना पूर्ण करने की इच्छा से कंजक पूजन करते हैं, तो यह हमारी सबसे बड़ी नासमझी होगी।

ऐसी भावना रखकर हम कभी भी मां दुर्गा को प्रसन्न नहीं कर सकते, उनकी कृपा नहीं पा सकते, बल्कि ऐसा करके हम पाप के भागी बन जाते हैं। हालांकि, नई पीढ़ी को इन सबसे कतई मतलब नहीं होता। बुजुर्ग महिलाएं तो कंजकों का सम्मान करती हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि कथित 'आधुनिक' सोच के लोग सिर्फ पूजा-पाठ तक ही उनका सम्मान करना जानते हैं, जबकि कंजकों का पूजन मां दुर्गा का पूजन है।

जाहिर है, हमें इस तरफ ध्यान देना चाहिए। हमें कंजक पूजन के साथ यह भी प्रण लेना चाहिए कि हम लड़कियों के प्रति कभी भी अपने मन में दुर्भावना नहीं पनपने देंगे, उन्हें भी लड़कों के समान समझेंगे, उनको बराबर के अधिकार देंगे। ज्वालामुखी मंदिर, जो हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में है, से जुड़ी एक कथा में भी बताया गया है कि राजा अकबर का घमंड महामाया ज्वाला देवी ने तोड़ा था और राजा द्वारा मंदिर में सोने के चढ़ाए छत्र को उन्होंने अस्वीकार कर दिया था, जिस कारण वह छत्र एक अन्य धातु का बन गया था। इसीलिए, नवरात्र में दुर्गा की भक्ति-आराधना के साथ हमें अपने अंदर समाज और देश-सेवा का दीपक भी प्रज्वलित करना चाहिए।

**राजेश कुमार चौहान,** टिप्पणीकार

# डिजाइन से डिजिटल तक बढ़ता वस्त्र उद्योग

**वस्त्र एवं परिधान उद्योग डिजाइन, उत्पादन और रिटेल सेक्टर तक फैला है। यह 4 .5 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार देने वाला क्षेत्र है। पीएम मित्र पार्क और पीएलआई जैसी योजनाएं इसे गति दे रही हैं। इस क्षेत्र में डिजाइन, क्वालिटी कंट्रोल और रिटेल मैनेजमेंट में कई अवसर मिलते हैं। तकनीकी चलन के साथ ही इसमें नए कौशल भी जुड़े हैं। बता रही हैं रूपाली चतुर्वेदी**



वर्तमान में भारतीय वस्त्र एवं परिधान उद्योग का आकार लगभग 16.6 लाख करोड़ रुपये आंका जाता है, जिसे वर्ष 2030 तक लगभग 32 लाख करोड़ रुपयों तक पहुंचाने का लक्ष्य है। कृषि के बाद इसे सबसे अधिक रोजगार देने वाले उद्योग में शामिल किया जाता है। रेडीमेड गारमेंट्स के बढ़ते निर्यात, ई-कॉमर्स के विस्तार, वैश्विक ब्रांड्स की बढ़ती मौजूदगी और 'मेक इन इंडिया' जैसी योजनाएं इसके विकास को गति दे रही हैं।

### विविध कौशलों की मांग का क्षेत्र

अपैरल उद्योग केवल सिलाई तक सीमित नहीं है, बल्कि फैब्रिक से लेकर तैयार परिधान के बाजार तक पहुंचने और बिक्री की पूरी प्रक्रिया को समेटता है। इसीलिए डिजाइनिंग में रचनात्मक कौशल के युवा, प्रोडक्शन व क्वालिटी कंट्रोल में तकनीकी समझ रखने वाले और मर्चेंडाइजिंग व रिटेल में बिजनेस की समझ रखने वाले युवा यहां करिअर के अवसर पा सकते हैं। स्पिनिंग मिल, प्रोसेसिंग हाउस और निर्यात इकाइयों में अवसर मिलते हैं, जहां अनुभव के साथ मैनेजमेंट स्तर तक बढ़ा जा सकता है। एनपीटीईएल व स्वयं जैसे मंच से कौशल को और भी निखारा जा सकता है।

### करिअर के प्रमुख क्षेत्र

- **डिजाइनिंग :** फैशन डिजाइनर, फैशन इलस्ट्रेटर और ग्राफिक डिजाइनर, जो नए कलेक्शन और ट्रेंड तैयार करते हैं।
- **उत्पादन :** गारमेंट टेक्नोलॉजिस्ट, इंडस्ट्रियल इंजीनियर और प्रोडक्शन मैनेजर, जो कटिंग से फिनिशिंग तक पूरी निर्माण प्रक्रिया संभालते हैं।
- **मर्चेंडाइजिंग :** फैशन मर्चेंडाइजर और बायर, जो प्रोडक्ट प्लानिंग, लागत, निर्यात और बाजार रणनीति देखते हैं।
- **क्वालिटी कंट्रोल :** विशेषज्ञ, जो तैयार परिधानों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप जांचते हैं।
- **तकनीकी भूमिकाएं :** पैटर्न मेकर और सीएडी (कंप्यूटर एडेड डिजाइन) विशेषज्ञ, जो डिजाइन को उत्पादन के लिए तैयार करते हैं।
- **रिटेल और ई-कॉमर्स :** विजुअल मर्चेंडाइजर, फैशन स्टाइलिस्ट व ऑनलाइन स्टोर मैनेजर, व और बिक्री को प्रभावी बनाते हैं।

### छोटे शहरों में भी बढ़े अवसर

टेक्सटाइल पार्क, अपैरल क्लस्टर और पीएम मित्र जैसी पहल छोटे शहरों में भी रोजगार बढ़ा रही हैं। वैसे, दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, बेंगलुरु, अहमदाबाद, सूरत, तिरुपुर, लुधियाना और कोलकाता इसके प्रमुख केंद्र हैं। शाही एक्सपोर्ट्स, आदित्य बिरला फैशन एंड रिटेल, अरविंद, रेमंड और रिलायंस रिटेल जैसी कंपनियों में डिजाइन, प्रोडक्शन, मर्चेंडाइजिंग, क्वालिटी और ई-कॉमर्स में अवसर मिलते हैं।

**8.3**
लाख करोड़ रुपये तक टेक्सटाइल और अपैरल निर्यात को पहुंचाने का लक्ष्य है 2030 तक भारत का। इस क्षेत्र में मैन्यूफैक्चरिंग में 12 .6 लाख का कौशल अंतर है।

### ई-कॉमर्स तक विस्तार

डिजिटल मंचों के साथ ई-कॉमर्स मैनेजमेंट, विजुअल मर्चेंडाइजिंग और फैशन स्टाइलिंग जैसे नए विकल्प भी उभर रहे हैं। अपैरल मेड अप्स ऐंड होम फर्निशिंग सेक्टर स्किल काउंसिल की रिपोर्ट के अनुसार आने वाले पांच वर्षों में तकनीक के बढ़ते प्रभाव के कारण एडवांस पैटर्न मेकर और इंडस्ट्रियल इंजीनियर के कौशल की मांग बहुत बढ़ेगी। कंप्यूटर एडेड मैन्यूफैक्चरिंग के जानकार गारमेंट कटर और क्वालिटी कंट्रोलर जैसे लोगों की मांग में तेजी आएगी। अब थ्रीडी वर्चुअल डिजाइनिंग और सैंपलिंग के सॉफ्टवेयर की जानकारी, डेटा एनालिटिक्स का कौशल भी जरूरी हो गया है। ये बदलाव इस उद्योग में डिजिटल क्रांति और कार्यकुशलता के नए युग की ओर इशारा करते हैं।

### शुरुआत कैसे करें

बारहवीं के बाद बी.डिजाइन (फैशन), बी.एफटेक, बीएससी टेक्सटाइल या संबंधित डिप्लोमा इस क्षेत्र में आने के प्रमुख रास्ते हैं। वहीं 'समर्थ' और वीवर सर्विस सेंटर अल्पकालिक प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराते हैं। टेक्सटाइल इंजीनियरिंग और मास्टर ऑफ फैशन मैनेजमेंट जैसे कोर्स रिटेल एक्सपोर्ट हाउसेज के कामकाज के लिए तैयार करते हैं।

**प्रवेश मिलेगा ऐसे :** राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) और राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (एनआईडी) जैसे संस्थानों में प्रवेश राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं के माध्यम से होता है। कुछ आईआईटी, राज्य स्तरीय इंजीनियरिंग कॉलेज, इग्नू और अन्य विश्वविद्यालय भी टेक्सटाइल और फैशन से जुड़े पाठ्यक्रम संचालित करते हैं।

**कौशल से रोजगार :** अपैरल ट्रेनिंग एंड डिजाइन सेंटर (एटीडीसी) देशभर में सिलाई मशीन ऑपरेटर, फैशन डिजाइन असिस्टेंट, पैटर्न मेकर और मर्चेंडाइजिंग जैसे जॉब-रोल आधारित कोर्स कराता है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत गारमेंट निर्माण, एम्ब्रॉयडरी, हैंडलूम और टेक्सटाइल से जुड़े शॉर्ट-टर्म सर्टिफिकेट कोर्स भी मुफ्त या नाममात्र शुल्क पर उपलब्ध हैं। नजदीकी सेंटर की जानकारी **skillindia.gov.in** या **nsdcindia.org** पर जाकर ले सकते हैं।

**कमाई कितनी :** शुरुआती स्तर पर औसतन 3-6 लाख रुपये वार्षिक वेतन मिलता है, जो अनुभव और बड़े ब्रांड्स के साथ जुड़ने पर 7-15 लाख रुपये या उससे अधिक हो सकता है। खासकर प्रोडक्शन, मर्चेंडाइजिंग और ब्रांड मैनेजमेंट में विशेषज्ञता से तरक्की और आय तेजी से बढ़ती है।

### कुछ मान्यता प्राप्त संस्थान

- अपैरल ट्रेनिंग एंड डिजाइन सेंटर (ATDC), **atdcindia.co.in/govt-dsfdc**
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट), **nift.ac.in/delhi**
- नार्दर्न इंडिया टेक्स्टाइल रिसर्च एसोसिएशन, **nitratextile.org**
- आईएमएस-डिजाइन, **imsdia.in**
- पर्ल अकादमी, **pearlacademy.com**
- इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइन, **nifd.net.in**

ये संस्थान फैशन स्टाइलिंग, विजुअल मर्चेंडाइजिंग, फैशन कम्युनिकेशन और डिजिटल डिजाइन जैसे प्रोग्राम कराते हैं। इंडस्ट्री प्रोजेक्ट, पोर्टफोलियो और फैशन शो के अनुभव से रोजगार के अवसर मजबूत होते हैं।

**अपस्किलिंग व इंटर्नशिप :** स्वयं, एनपीटीईएल, कोर्सेरा व उडेमी जैसे मंच पर जॉब-रेडी कोर्स से फैशन इलस्ट्रेशन, ब्रांडिंग, सस्टेनेबल फैशन और ई-कॉमर्स जैसे कौशल सीखे जा सकते हैं, साथ ही डिजिटल पोर्टफोलियो तैयार होता है। गारमेंट यूनिट, एक्सपोर्ट हाउसेज या फैशन हाउस में इंटर्नशिप से उद्योग की समझ मिलती है, जो शुरुआती दौर में फायदेमंद है।

### विशेषज्ञ की राय



अपैरल उद्योग तेजी से टेक्नोलॉजी-आधारित और वैश्विक हो रहा है, जहां कंपनियां अब ऐसे पेशेवर चाहती हैं जो डिजाइन के साथ मैटीरियल, उपभोक्ता व्यवहार, डिजिटल टूल्स और सस्टेनेबिलिटी को समझते हों। केवल डिग्री नहीं, बल्कि इंटर्नशिप, मजबूत पोर्टफोलियो और इंडस्ट्री प्रोजेक्ट ही असली पहचान बनाते हैं। भारत के वैश्विक सोर्सिंग हब के रूप में उभरने के साथ मर्चेंडाइजिंग, सप्लाई चेन, डिजिटल फैशन और सस्टेनेबल प्रोडक्शन में प्रशिक्षित युवाओं की मांग बढ़ रही है। सही कौशल के साथ यह क्षेत्र युवाओं को रोजगार के साथ अंतरराष्ट्रीय पहचान भी दिला सकता है।

**– प्रो. डॉ. एमकेवी नायर**, डीन, आईएमएस डीआईए, नोएडा

## जॉब/करिअर

- संघ लोक सेवा आयोग ने कंबाइंड मेडिकल सर्विसेज एग्जामिनेशन 2026 के लिए अधिसूचना जारी की है।

**कुल पद :** 1358
**अंतिम तिथि :** 31 मार्च 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** यूपीएससी की वेबसाइट **upsc.gov.in** पर लॉगइन करें।

- महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड, ओडिशा में जूनियर ओवरमैन, टेक्नीशियन, अनुवादक समेत अन्य पदों पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

**कुल पद :** 667
**अंतिम तिथि :** 06 अप्रैल 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** एमसीएल की वेबसाइट **mahanadicoal.in** पर जाएं।

- दिल्ली सबऑर्डिनेट सर्विसेज सिलेक्शन बोर्ड में जूनियर इंजीनियर, असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर समेत अन्य रिक्त पदों के लिए आवेदन किए जा रहे हैं।

**कुल पद :** 911
**अंतिम तिथि :** 25 मार्च 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** ऑनलाइन करें। वेबसाइट है- **dsssb.delhi.gov.in**

- जनपद रामपुर (उत्तर प्रदेश) के शहरी एवं ग्रामीण परिक्षेत्रों में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की भर्तियां की जाएंगी। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता इंटरमीडिएट या समकक्ष होगी।

**कुल पद :** 227
**अंतिम तिथि :** 01 अप्रैल 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** ऑनलाइन। वेबसाइट है- **upanganwadibharti.in**



- बैंक ऑफ बड़ौदा की सहायक कंपनी बॉब कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड में बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर के पद रिक्त हैं। कंपनी की ईमेल आईडी पर आवेदन भेजना होगा।

**कुल पद :** 103
**अंतिम तिथि :** 31 मार्च 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट देखें- **cbobcaps.in**

- सेंट्रल सिलेक्शन बोर्ड ऑफ कॉन्स्टेबल, बिहार में कॉन्स्टेबल (ऑपरेटर) की भर्ती की जाएगी। योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**कुल पद :** 993
**अंतिम तिथि :** 31 मार्च 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** सीएसबीसी की वेबसाइट **csbc.bihar.gov.in** पर लॉगइन करें।

- इलाहाबाद हाई कोर्ट में प्राइवेट सेक्रेटरी ग्रेड-I के पदों पर ऑनलाइन आवेदन करने का अवसर है। मान्यता प्राप्त संस्थान से लॉ की डिग्री होना अनिवार्य होगा।

**कुल पद :** 195
**अंतिम तिथि :** 01 अप्रैल 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** कोर्ट की वेबसाइट है- **allahabadhighcourt.in**

(नोट :आवेदन करने से पहले आधिकारिक वेबसाइट से अपने स्तर पर जांच कर लें।)

### भेजें अपना सवाल

करिअर या शैक्षिक कोर्स संबंधी आपके मन में कोई उलझन है या कोई जानकारी चाहते हैं, तो आप हमें अपने सवाल नीचे दी गई ईमेल पर भेज सकते हैं। हमारे विशेषज्ञ उसके जवाब देंगे। इस ईमेल आईडी का उपयोग करें
**nayiraheincareer@gmail.com**

# बीफार्मा के बाद मिलेंगे कई मौके

**एक्सपर्ट टिप्स**



डॉ. संजीव कुमार आचार्य
सीनियर करिअर काउंसलर

**■ मैं ग्यारहवीं का छात्र हूं। नीट परीक्षा पास कर मेडिकल लाइन में जाना चाहता हूं। इसकी तैयारी के लिए आपका मार्गदर्शन चाहता हूं। साथ ही यह भी बताएं क्या एमबीबीएस नहीं होने पर बी फार्मा या डी फार्मा भी अच्छे विकल्प हो सकते हैं?**
**-वैभव गुप्ता**

आप ग्यारहवीं के छात्र हैं और नीट के माध्यम से मेडिकल लाइन में जाना चाहते हैं। तैयारी के लिए फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी पर ध्यान दें। बायोलॉजी सबसे महत्वपूर्ण है, इसलिए एनसीईआरटी किताबें अच्छी तरह पढ़ें। केमिस्ट्री में नियमित रिवीजन से अच्छा स्कोर किया जा सकता है, जबकि फिजिक्स के लिए कॉन्सेप्चुअल समझ और लगातार प्रैक्टिस जरूरी है। रोजाना 5 से 6 घंटे पढ़ाई करें, एमसीक्यू हल करें और साप्ताहिक टेस्ट दें। अपनी गलतियों का विश्लेषण और नियमित रिवीजन बहुत मदद करेगा।

यदि संभव हो तो किसी प्रतिष्ठित संस्थान से 2 साल के लिए नीट की कोचिंग लें, साथ में स्कूल की पढ़ाई भी जारी रखें। सफलता ईमानदारी, फोकस, मेहनत और समय प्रबंधन से मिलेगी। वैकल्पिक करिअर विकल्प भी ध्यान में रखें। बी फार्मा 4 साल का कोर्स है, जिसके बाद आप फार्मास्यूटिकल कंपनियों, रिसर्च, रेगुलेटरी और हेल्थकेयर इंडस्ट्री में काम कर सकते हैं और लंबी अवधि में अच्छा करिअर ग्रोथ पा सकते हैं। डी फार्मा 2 साल का कोर्स है, इसके बाद आप फार्मासिस्ट बन सकते हैं या मेडिकल स्टोर खोल सकते हैं, लेकिन करिअर ग्रोथ सीमित होती है। मुख्य ध्यान नीट पर रखें और बी फार्मा को मजबूत बैकअप विकल्प बनाएं। सही रणनीति और मेहनत से आप हेल्थकेयर क्षेत्र में सफल करिअर बना सकते हैं।

**■ मैंने मार्केटिंग एंड फाइनेंस में एमबीए किया है। सेल्स मैनेजर के तौर पर काम का अनुभव भी है मेरे पास, लेकिन मैं फाइनेंस सेक्टर में करिअर बनाना चाहता हूं। क्या मेरे लिए SAP का कोर्स करना सही रहेगा?**
**- रंजीव कुमार**



आपका एमबीए और सेल्स मैनेजर का अनुभव आपको फाइनेंस सेक्टर में कदम रखने के लिए अच्छी नींव देता है। सेल्स में काम करते हुए आपने क्लाइंट हैंडलिंग, कम्यूनिकेशन, नेगोसिएशन और बिजनेस की समझ जैसे कौशल विकसित किए हैं, जो अब आपको बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज और कॉरपोरेट फाइनेंस में काम आ सकते हैं। **SAP** (सिस्टम्स, एप्लीकेशंस एंड प्रोडक्ट्स इन डाटा प्रोसेसिंग) सीखना मददगार हो सकता है, लेकिन फाइनेंस में जाने के लिए **SAP FICO** मॉड्यूल पर ध्यान दें। यह वित्तीय अकाउंटिंग, कॉस्ट कंट्रोल और रिपोर्टिंग में उपयोगी है। ध्यान रहे अकाउंटिंग की अच्छी समझ और व्यावहारिक अनुभव भी जरूरी हैं। एमबीए के फाइनेंस ज्ञान के साथ एडवांस्ड एक्सेल और फाइनेंशियल एनालिसिस सीखें। **SAP FICO** कोर्स और प्रैक्टिकल एक्सपोजर से आप फाइनेंस एग्जीक्यूटिव, **SAP FICO** कंसल्टेंट, या फाइनेंशियल एनालिस्ट जैसी भूमिकाओं में जा सकते हैं।

**(sanjibacharya.com)**

## करिअर टिप्स

# गिग वर्क : छोटा प्रोजेक्ट, बड़ा लाभ

**छोटे प्रोजेक्ट या ऑन-डिमांड काम के जरिए गिग वर्क का चलन बढ़ रहा है, जिससे पढ़ाई के साथ कमाई और पेशेवर अनुभव मिल रहे हैं। ये अस्थायी प्रोजेक्ट टिकाऊ कौशल सिखाकर करिअर की नींव मजबूत करते हैं।**

**डिजिटल** दुनिया में गिग इकोनॉमी तेजी से लोकप्रिय हो रही है, क्योंकि यह छोटे प्रोजेक्ट और मांग-आधारित काम में समय और विकल्प खुद चुनने की आजादी देती है। राइडशेयर ड्राइवर से लेकर 'अपवर्क' के फ्रीलांसर तक, गिग वर्कर अपनी क्षमताओं को लगातार विकसित कर रहे हैं, जिससे करिअर में आगे बढ़ने के मौके मिले, जैसे -

- **पेशेवर अनुभव पाना :** गिग वर्क छोटे प्रोजेक्ट या फ्रीलांसिंग के माध्यम से वास्तविक पेशेवर अनुभव देता है। रचनात्मक क्षेत्रों जैसे लेखन, ग्राफिक डिजाइन या कला में यह उन्हें कौशल निखारने और जिम्मेदारियों को संभालने का मौका भी देता है।
- **काम पर नियंत्रण :** यहां अपने समय और कार्यकौशल के आधार पर काम चुनने का अवसर मिलता है। इससे अनुभव बढ़ता है, काम की गुणवत्ता और प्रदर्शन बेहतर होता है और भविष्य में करिअर की दिशा तय करने में मदद मिलती है।
- **कमाई का अवसर :** गिग वर्क से युवा अतिरिक्त आय कमा सकते हैं। साथ ही अपने प्रोजेक्ट या शौक जारी रखकर आर्थिक स्वतंत्रता और करिअर के विकल्प बढ़ा सकते हैं।
- **पोर्टफोलियो को मजबूती :** हर प्रोजेक्ट नया अनुभव और नया कौशल देता है, जैसे समय प्रबंधन, ग्राहक सेवा, तकनीक और लॉजिस्टिक की समझ। इनका संक्षिप्त विवरण और सीखे गए अनुभव जोड़कर पोर्टफोलियो मजबूत बनाया जा सकता है।
- **संपर्क और नए अवसर :** इस दौरान युवा क्लाइंट्स, सहकर्मियों और उद्योग के जानकारों एवं पेशेवरों से जुड़ते हैं। यह संपर्कों का दायरा बढ़ाता है, जिससे नए प्रोजेक्ट के मौके बढ़ते हैं।

**श्वेता राकेश**

### कैसे करें शुरुआत

कौशल व रुचि के अनुसार सही मंच चुनें-ऑनलाइन फ्रीलांसिंग के लिए Fiverr, Upwork, लोकल सर्विसेज के लिए ट्यूटरिंग, डिलीवरी या होम सर्विस। कंटेंट राइटिंग, ब्लॉगिंग या ग्राफिक डिजाइन से शुरुआत करें, अनुभव और रिव्यू बनाएं। धीरे-धीरे बड़े प्रोजेक्ट और बेहतर अवसर मिलते हैं।

## रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**मेष :** मन परेशान रहेगा। आत्म संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं विवाद से बचें। बातचीत में भी संतुलित रहें। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। परिवार की सेहत का ध्यान रखें।

**वृष :** आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि हो सकती है। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुन :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कार आदि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग भी मिलेगा।

**कर्क :** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। मन भी प्रसन्न रहेगा, परंतु शैक्षिक कार्यों के प्रति सचेत रहें। व्यवधान आ सकते हैं। कारोबार में बदलाव के योग बन रहे हैं।

**सिंह :** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में भी कमी रहेगी। संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें। नौकरी में बदलाव के साथ तरक्की मिलेगी।

**कन्या :** मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। आय में भी बढ़ोतरी होगी। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**तुला :** आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं, परंतु परिवार से दूर किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक :** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। मन परेशान रहेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**धनु :** आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। नौकरी में बदलाव के योग बन रहे हैं। तरक्की के अवसर भी मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। वाहन सुख में भी वृद्धि होगी।

**मकर :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परंतु आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें और बातचीत में भी संतुलित रहें। किसी संपत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**कुंभ :** आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। शासन-सत्ता का सहयोग प्राप्त होगा।

**मीन :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन में उतार- चढ़ाव रहेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परंतु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की संभावना भी हो सकती है।

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

19 मार्च, गुरुवार, **शक संवत्:** 28, फाल्गुन, (सौर) 1947, **पंजाब पंचांग:** 06, चैत्र मास प्रविष्टे 2082 **इस्लाम:** 29, रमजान, 1447 **विक्रमी संवत्:** चैत्र कृष्ण अमावस्या प्रातः 06 .53 मिनट तक पश्चात प्रतिपदा रात्रि 04 .53 मिनट तक, शुक्ल योग रात्रि 01 .17 मिनट तक, चंद्रमा मीन राशि में (दिन रात) **सूर्य उत्तरायण।** दोपहर 01 .30 मिनट से अपराह्न 03 बजे तक राहुकालम्। रौद्र नाम नव विक्रमी संवत् 2083 प्रारंभ। चैत्र नवरात्र प्रारंभ। घट स्थापन (अभिजित मुहूर्त में) गुड़ी पड़वा। पंचक। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि का क्षय।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

मेरे बेटे की शादी करीब 5 साल पहले हुई है। तब से ही मेरी बहू बीमार रहती है। कृपया इसके कारण और निवारण के उपाय बताएं। – स्मिता सहाय, लोहरदगा

- आपने बेटे की शादी के लिए ऊपर छत पर कमरा बनवाया है, जो कि अग्नि कोण में बन गया है और उसका शौचालय आपकी रसोई के बिल्कुल ऊपर आ रहा है। ये दोनों ही बनावट वास्तु के अनुसार गलत हैं और स्त्रियों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। यदि संभव हो तो बेटे का बेडरूम बदलवा दें, नहीं तो फिर बेडरूम में दक्षिण दीवार पर पीतल का एक चौकोर टुकड़ा लगा दें, लेकिन रसोई के ऊपर से शौचालय अवश्य हटा दें।
- बेडरूम में बेड के ऊपर कोई बीम आदि न हो, एसी या घड़ी भी सिर के ऊपर न हो।

### वर्ग पहेली : 8272



**बाएं से दाएं**
1. इच्छा होना; प्रवृत्ति होना; सोचते रहना (2,3)
6. उलट जाना; बदल जाना; मुकरना (3,2)
7. अस्थिरता; चंचलता; चपलता; द्रवत्व (4)
8. भयंकर; कठिन; दुर्गम; टेढ़ा (3)
10. फूलों के मकरंद से संग्रह किया हुआ बहुत मीठा, गाढ़ा और परम स्वादिष्ट तरल पदार्थ; मधु (3)
12. कृत्रिम; बनावटी; झूठा (3)
14. कामिनी; जिह्वा; प्यारा बेटा (3)
16. साधारण व्यक्ति; आम व्यक्ति (2,2)
17. उपद्रवी; झगड़ालू; विवादप्रिय (5)
19. परिपक्व होना; बड़ा होना; समझदार होना (3,2)

**ऊपर से नीचे**
1. दूसरा मत; भिन्न मत; मतभेद (4)
2. आनंदोत्सव होना; रौनक होना; लोगों का एकत्र होना (3,3,3)
3. परिमाण; पैमाना; मानदंड; माप (2)
4. पानी या हवा न मिलने से असह्य कष्ट भोगते हुए मरना (2,2,2,3)
5. ज्ञात; प्रचलित; देखा- भाला; प्रसिद्ध (2,2)
9. कण; कतरा; छोटा टुकड़ा; जर्रा; दाना (2)
11. गुट; समूह (2)
13. पथभ्रष्ट होना; भटकना; आपे में न रहना; चूकना (4)
15. अन्यमनस्क; अस्वस्थ; उदास; खिन्न; सुस्त (4)
18. सुख; स्वाद; निचोड़; निर्यास; द्रव; शोरबा; सार; तत्व (2)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली : 8271



### सुडोकू : 8254

*कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 2 | 6 | | | | | |
| | | 5 | 8 | | 9 | 2 | | 6 |
| | | | | | | | 7 | |
| 8 | | 9 | | 2 | | | | |
| 1 | | | | | | | | 4 |
| | | | | 1 | | 7 | | 9 |
| | 5 | | | | | | | |
| 2 | | 3 | 1 | | 7 | 6 | | |
| | | | | | 5 | 1 | 4 | |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### सुडोकू : 8253

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 6 | 7 | 5 | 8 | 9 | 3 | 1 |
| 8 | 5 | 9 | 4 | 3 | 1 | 6 | 2 | 7 |
| 3 | 7 | 1 | 6 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 |
| 1 | 9 | 4 | 2 | 6 | 7 | 5 | 8 | 3 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 1 | 9 |
| 7 | 8 | 5 | 3 | 1 | 9 | 4 | 6 | 2 |
| 5 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 | 9 | 4 |
| 2 | 1 | 8 | 9 | 7 | 4 | 3 | 5 | 6 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 2 | 6 | 1 | 7 | 8 |

संपादकीय जागरण

गुरुवार, 19 मार्च, 2026 : चैत्र शुक्ल प्रतिपदा वि. 2083

उपवास अंत :करण को शुद्ध करने का उपकरण है

# ऊर्जा सुरक्षा

**पेट्रोलियम मंत्रालय** से जुड़ी संसदीय समिति ने ऊर्जा सुरक्षा की तैयारियों पर सवाल उठाते हुए यह सही कहा कि आपातकालीन स्थिति के लिए देश में कच्चे तेल की पर्याप्त भंडारण क्षमता नहीं है। समिति ने रणनीतिक भंडार बनाने के लिए कम बजट आवंटन की जो चर्चा की, उसे सरकार को गंभीरता से लेना होगा। तेल का रणनीतिक भंडार बनाने का काम किस तरह प्राथमिकता से बाहर है, इसका उदाहरण है बजटीय आवंटन के मुकाबले मामूली राशि का खर्च। ऊर्जा सुरक्षा पर इसलिए तत्काल प्रभाव से ध्यान देना होगा, क्योंकि हाल में पश्चिम एशिया में जो स्थिति बनी, वह भविष्य में भी बन सकती है। भारत फिलहाल भले ही रूस से भरपूर तेल खरीदने में सक्षम हो, पर कुछ समय पहले तक अमेरिका इसके लिए दबाव बना रहा था कि वह रूसी तेल का आयात बंद करे। उसने ईरान से भी तेल खरीद पर प्रतिबंध लगा रखा है। इसके पहले उसने वेनेजुएला की तेल बिक्री को प्रतिबंधित कर रखा था। भारत की समस्या केवल यह नहीं कि उसे अपनी आवश्यकता का 85 प्रतिशत से अधिक तेल एवं करीब 60 प्रतिशत गैस आयात करनी पड़ती है और इनमें से एक बड़ा हिस्सा उस पश्चिम एशिया से आता है, जहां रह-रहकर संघर्ष छिड़ जाता है। भारत की समस्या यह भी है कि उसकी तेल एवं गैस भंडारण क्षमता इतनी नहीं कि तीन-चार माह आयात किए बिना गुजारा हो सके।

कच्चे तेल के साथ गैस पर दूसरे देशों पर निर्भरता को कम करने के जतन युद्ध स्तर पर किए जाने चाहिए और इसके लिए वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों पर ध्यान दिया जाना चाहिए। घरों और उद्योगों में इस्तेमाल होने वाली गैस की कमी कैसे संकट खड़े कर सकती है, इसे वर्तमान परिदृश्य अच्छी तरह बता रहा है। जरूरत केवल इसकी नहीं कि रसोई गैस सिलिंडर का इस्तेमाल कम से कम हो और घरों एवं कारखानों में पाइपलाइन से गैस की आपूर्ति हो। जरूरत इसकी भी है कि हर क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा के विकल्पों का चलन बढ़े। यही समय है कि देश में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा आदि के उत्पादन और उपयोग पर जोर दिया जाए। उन उपायों पर भी बल दिया जाना चाहिए, जिनसे इलेक्ट्रानिक वाहनों का चलन तेजी से बढ़े। अभी ऐसा इसलिए नहीं हो पा रहा है, क्योंकि पर्याप्त चार्जिंग प्वाइंट ही नहीं हैं। निःसंदेह यह भी समय की मांग है कि खाना पकाने में बिजली का इस्तेमाल बढ़े। भारत को ऊर्जा सुरक्षा को इसलिए सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी, क्योंकि उसके लिए दूसरे देशों पर आश्रित रहना कभी भी गंभीर संकट खड़े कर सकता है। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि ऊर्जा सुरक्षा संबंधी कई योजनाएं प्रस्तावित हैं, क्योंकि अपने यहां सौर ऊर्जा से लेकर परमाणु ऊर्जा संयंत्र लगाने की योजनाएं तो बन जाती हैं, लेकिन उन पर अमल बहुत धीरे होता है।

# सिस्टम पर सवाल

**पश्चिमी दिल्ली** के पालम क्षेत्र में तीन मंजिला मकान में आग लगने से तीन बच्चों समेत नौ लोगों की मौत की घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। मामला तब और भी गंभीर हो जाता है, जब ये सामने आता है कि मात्र ढाई किमी दूर से दमकल गाड़ी को मौके पर पहुंचने में 40 मिनट लग गए। यही नहीं, इस गाड़ी की हाइड्रोलिक लिफ्ट भी नहीं खुली, जिसके बाद दूसरी गाड़ी बुलाई गई और उसे आने में फिर 40-50 मिनट लगे। इस तरह करीब डेढ़ घंटे बर्बाद होने से मकान में फंसे एक भी व्यक्ति को बचाया नहीं जा सका। यह घटना पूरे सिस्टम पर बड़ा सवाल है। घटना में अग्निशमन विभाग की लचर कार्यप्रणाली सामने आई है, जिसे किसी स्वीकार नहीं किया जा सकता।

> दिल्ली में अग्निशमन विभाग को ये सुनिश्चित करना चाहिए कि दमकल की गाड़ियां कम से कम समय में घटनास्थल पर पहुंचें

आग लगने की घटना एक आकस्मिक घटना होती है, जिसमें रिस्पांस टाइम बेहद महत्वपूर्ण होता है। दमकल की गाड़ी को आने में देरी क्यों हुई और उसकी हाइड्रोलिक लिफ्ट क्यों नहीं खुली, ये जांच का विषय है। इससे दमकल गाड़ियों के रखरखाव पर भी सवाल खड़े होते हैं। जांच में दोषी पाए जाने वालों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। इस घटना को उदाहरण के रूप में लेते हुए अग्निशमन विभाग को तत्काल ये सुनिश्चित करना चाहिए कि दमकल गाड़ियां कम से कम समय में घटनास्थल पर पहुंचें और वाहनों का रखरखाव उचित ढंग से किया जाए।

# मामूली मसले पर कठोर आदेश



शंकर शरण

**एनसीईआरटी की पुस्तक का जो अंश ध्यान देने योग्य नहीं था, वह न्यायालय के सख्त फैसले से लाखों लोगों का ध्यान आकृष्ट कर रहा है**

एनसीईआरटी की एक स्कूली पाठ्य-पुस्तक में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' पर छोटे से सूचनात्मक अंश पर सुप्रीम कोर्ट के अत्यंत कड़े आदेश से एक कठिन स्थिति बन गई है। सारी उपलब्ध सामग्री ध्यान से देखें तो मुद्दई, मुद्दालेह और हाकिम की स्थितियां गड्ड-मड्ड हो रही लगती हैं। जानबूझकर न्यायालय की 'आपराधिक अवमानना' करने की बात कुछ अटपटी लगती है। इस पूरे प्रसंग में कई विडंबनाएं दिख रही हैं। सबसे पहले सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी। मामले पर अपनी ओर से ही संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश की यह बात बिलकुल सही है, 'क्या केवल न्यायपालिका में ही भ्रष्टाचार है?' निश्चित ही यह गंभीर प्रश्न है। कार्यपालिका और विधायिका में भ्रष्टाचार के आरोप और भी बड़े एवं व्यापक रहे हैं। भारत में उच्च पदों पर भ्रष्टाचार से संबंधित चर्चा 1948 से ही, समय-समय पर होती रही है। कार्यपालिका और विधायिका में भ्रष्टाचार की बात पर चुप्पी रखकर बच्चों को केवल न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पर चिंता कराना एकांगी बताया जा सकता था। यह आरोप अधिक सही होता, पर विडंबना यह कि न्यायाधीश की यह बात कि सरकार के केवल एक अंग के भ्रष्टाचार पर शिक्षा का विषय क्यों बनाया गया, उनके सात पन्ने के लंबे आदेश में नहीं है। इसके बदले वह अत्यंत कठोर और एकतरफा है। मामले पर सुनवाई करने और कोर्ट में एनसीईआरटी को अपना पक्ष रखने का मौका देने से पहले ही एक कठोर आदेश जारी कर दिया गया। यह दूसरी विडंबना लगती है कि बिना उस पाठ के लेखक, पाठ को स्वीकृति देने वाली उच्चस्तरीय समिति तथा प्रकाशक को उत्तर देने का अवसर दिए अत्यंत कठोर निष्कर्ष न्यायालय के आदेश में दिए गए। आदेश में पुस्तक की सामग्री के 'गैर-जिम्मेदार, घृणास्पद, निरादरपूर्ण और सोचे-समझे' तरीके से लिखे गए होने का निष्कर्ष भी है। इससे एनसीईआरटी की छवि को धक्का लगा, जिसका पक्ष तो किसी के सामने नहीं आया, जबकि उसके विरुद्ध इतने गंभीर आरोप लगा दिए गए, क्योंकि मुद्दई खुद सुप्रीम कोर्ट है!

तीसरी विडंबना यह है कि पूरे आदेश में उस पाठ अंश का एक वाक्य या शब्द भी उद्धृत नहीं किया गया, जो आपत्तिजनक होने का उदाहरण हो। इसके बदले एक अखबार की 'स्वतः स्पष्ट' खबर का हवाला दिया गया, जो न्यायालय की नाराजगी का आधार है। खबर का कोई अनुचित शब्द भी उद्धृत नहीं किया गया। यह कुछ अजीब लगता है, क्योंकि पाठ्य-पुस्तक में प्रकाशित अंश के बारे में आदेश में यह है कि 'हम उसका कथ्य नहीं देना चाहते, जो न्यायपालिका के विरुद्ध सैकड़ों शिकायतें आने का उल्लेख करता है' तथा 'एक पूर्व चीफ जस्टिस के बयान से कुछ शब्दों को चुन लिया गया, जिससे लगता है कि न्यायपालिका ने पारदर्शिता और जवाबदेही का अभाव तथा संस्था में भ्रष्टाचार को स्वयं स्वीकार किया है।'

यह विडंबनापूर्ण लगता है कि किसी विचारणीय बिंदु पर दिया गया उद्धरण यदि सही, प्रामाणिक और प्रासंगिक हो तो उसे देना अनुचित कैसे कहा जाएगा? सुप्रीम कोर्ट का उक्त आदेश भी पाठ के उन उद्धरणों को गलत नहीं कहता, न उसके स्रोतों को अविश्वसनीय बताता है। आखिर सुप्रीम कोर्ट के ही अनेक न्यायाधीशों ने ही वे बातें और भी कठोर शब्दों में सार्वजनिक रूप से कही हैं। जस्टिस बीआर गवई ने जून 2025 में कहा था, 'दुखद रूप से न्यायपालिका में भ्रष्टाचार और अनुपयुक्त व्यवहार के मामले आए हैं। वैसी घटनाएं जनता के विश्वास पर नकारात्मक प्रभाव डालती हैं और व्यवस्था में विश्वसनीयता को कमजोर करने की संभावना रखती हैं।'

इसी तरह एक सार्वजनिक व्याख्यान में सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश रूमा पाल ने कहा था कि 'जज लोग न्यायपालिका की 'स्वतंत्रता' वाले शब्द का उपयोग आलोचकों के विरुद्ध अवमानना की कार्रवाई करने में तलवार की तरह करते हैं, किंतु इसका उपयोग अनेक पापों को छिपाने के लिए भी होता है।' आज के व्यापक मीडिया युग में हर बात कोने-कोने में पहुंचती रहती है। यद्यपि सरकार के तीनों अंगों में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार कम है।



अवधेश राजपूत

यह भी विडंबना है कि एनसीईआरटी की पाठ्य-पुस्तक के उस अंश में वास्तव में कोई भी निरादरपूर्ण बात नहीं झलकती। उस अंश का शीर्षक ही भ्रामक-सा था। उसके विवरण में केवल उन प्रक्रियाओं का उल्लेख है, जो जजों के विरुद्ध शिकायतें मिलने के संबंध में उपाय के रूप में चल रही है। उन तथ्यों की प्रस्तुति, भाषा, शैली आदि में किसी अवमानना या दुर्भावना का उद्देश्य नहीं झलकता, जो मान लिया गया लगता है। यह बड़ी विडंबना ही हुई कि पाठ्य-पुस्तक का जो अंश अपने-आप में किसी को आपत्तिजनक या ध्यान देने योग्य भी नहीं लगता, वह न्यायालय के ही इतने कठोर आदेश से लाखों-लाख लोगों का ध्यान आकृष्ट कर रहा है। चूंकि वह अंश और पुस्तक ही न्यायालय के आदेश से तत्काल प्रभाव से हर कहीं से हटाई जा चुकी है, इसलिए केवल 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' विषय चारों तरफ चर्चित हो रहा है। इस न्यायिक आदेश ने उलटा उस विषय को प्रचारित कर दिया, जो अपने-आप में एक औपचारिक विवरण था।

यह जगजाहिर है कि सरकारी उच्चाधिकारी न्यायपालिका की अवमानना जानबूझकर तो क्या, अनजाने भी करने से बचते हैं। इस न्यायिक आदेश में भी एनसीईआरटी के निदेशक या पाठ्य-पुस्तक का एक भी वाक्य नहीं, जिससे लगे कि किसी दुर्भावना से वह पाठ-अंश शामिल किया गया था। वह अनजानी भूल होने की संभावना अधिक लगती है। वह भी उस समिति की जिसमें एनसीईआरटी से बाहर के लोग वरीय निर्णयकर्ता थे। ध्यान रहे कि अनेकानेक पूर्व न्यायाधीशों ने ही न्यायपालिका की साख की मुख्य जिम्मेदारी स्वयं न्यायपालकों की ही बताई है। पूर्व चीफ जस्टिस एसपी भरूचा ने दिसंबर 2002 में कहा था, 'यह दिखाने के लिए कि न्यायपालिका अपने बीच भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करती, यह आवश्यक है कि भ्रष्ट जजों की जांच करके उन्हें सेवा से हटा दिया जाना चाहिए।' यह अधिक उपयुक्त होता कि सर्वोच्च न्यायपाल अपने ही प्रतिष्ठित पूर्व-न्यायाधीशों की अपेक्षाओं को पूरा कर न्यायपालिका में लोगों के भरोसे को मजबूत करते।

(लेखक राजनीतिशास्त्र के प्रोफेसर एवं वरिष्ठ स्तंभकार हैं)

response@jagran.com

# भारतीय सिनेमा का नया अध्याय



ललित मोहन जोशी

**धुरंधर भारत का पहला ऐसा फिल्मी कथानक है, जो भारत-पाक के द्वंद्व को उसकी व्यापक भयावहता में उकेरता है**

धुरंधर का दूसरा भाग रिलीज होने के साथ ही यह फिल्म फिर से चर्चा में आ गई है। यह फिल्म भारतीय सिनेमा का एक नया अध्याय है। हाल के वर्षों में यह पहली ऐसी भारतीय फिल्म है, जो लगातार चर्चा में बनी हुई है। इस फिल्म की मूल कथा भारत के विरुद्ध पाकिस्तानी षड्यंत्रों के इर्दगिर्द बुनी गई है। पाकिस्तान के पूर्व सेनाध्यक्ष जिया उल हक ने पारंपरिक युद्ध के बजाय भारत को हजारों छोटे-छोटे घाव देने की जो रणनीति अपनाई थी, उसे पाकिस्तान ने कालांतर में भी कायम ही रखा। धुरंधर पाकिस्तान के ऐसे ही दुस्साहस की काट में लगे भारतीय जासूस की कहानी है। कथानक, संवाद और घटनाओं की राजनीतिक प्रामाणिकता, अंतर्निहित हिंसा और पार्श्व संगीत की संपूर्ण सिनेमाई संरचना में धुरंधर एक अति-यथार्थवादी उत्कृष्ट प्रस्तुति है। हमजा अली मजारी के रूप में मुख्य पात्र महाभारत के अभिमन्यु की तरह है, जिसे उसके राष्ट्र ने प्रतिशोध के लिए वहां भेजा है। अपराध के लिए कुख्यात दक्षिण कराची का ल्यारी क्षेत्र हमजा के लिए एक चक्रव्यूह है, जिसे तोड़कर उसे भारत लौटना है। क्या वह इस 'कुत्सित चक्रव्यूह' को भेदकर लौट पाएगा?

धुरंधर भारत का पहला ऐसा फिल्मी कथानक है, जो भारत-पाकिस्तान के मौजूदा द्वंद्व को उसकी व्यापक भयावहता में उकेरता है। भारत के प्रति पाकिस्तान की कुंठा और उसके छद्म आतंकवाद को दर्शाने के लिए आदित्य धर ने जिस बारीकी और गहराई से शोध किया है, वह सत्यजित रे अथवा श्याम बेनेगल के सिनेमा के अपवाद को छोड़कर मुंबई के व्यावसायिक सिनेमा में पहले कभी नहीं दिखा। फिल्म में मेजर इकबाल, बाबू डकैत, रहमान डकैत, उजैर बलोच, एसपी असलम और जावेद खनानी जैसे प्रमुख पात्र, उनकी सूरतें और भाव भंगिमाएं इन कुख्यात अपराधियों और आतंकियों से हूबहू मिलती-जुलती हैं, जिन्होंने कंधार विमान अपहरण, संसद हमला और 26/11 जैसे हमलों को अंजाम दिया।

पिछले वर्ष के अंत में बिना किसी नियोजित प्रचार के रिलीज हुई धुरंधर की असाधारण सफलता ने बालीवुड के स्टार सिस्टम और प्रोडक्शन घरानों को स्तब्ध कर दिया।



धुरंधर ने बदले सिनेमा के समीकरण ● फाइल

व्यावसायिक ईर्ष्या ने उनके मुंह पर ताले जड़ दिए थे, पर दर्शकों द्वारा फिल्म पर उमड़ रहे दुलार से उनके सुर बदल गए। धुरंधर ने यह भी दर्शाया कि नकारात्मक समीक्षाएं किसी भी रचना की उत्कृष्टता को सुर्खियों में आने से रोक नहीं सकतीं। भारतीय सिनेमा को कई यादगार फिल्में देने वाले रामगोपाल वर्मा तो इससे इतने प्रभावित हो गए कि उन्होंने कहा, 'मुझे यह अतिशयोक्ति नहीं लगती कि अब भारतीय सिनेमा को 'धुरंधर के पहले' और 'धुरंधर के बाद' के रूप में देखा जाएगा।' धुरंधर में आखिर ऐसा क्या है जिसकी वजह से लोगों ने इसे पसंद किया? दरअसल धुरंधर का घटनाचक्र इतनी तेजी से आगे बढ़ता है और उसका उप-कथ्य उसे इतना प्रभावित करता है कि दर्शक कहानी के विकास के तारतम्य को पूरी तरह जोड़ नहीं पाते। इसलिए फिल्म के कथ्य और उप कथ्य को आत्मसात करने के लिए भी फिल्म को कई बार देखा गया।

सिनेमा बचपन से ही आदित्य धर का जुनून रहा है। उनके इस जुनून में डिस्लेक्सिया जैसी बीमारी भी आड़े नहीं आ पाई, जिससे पढ़ने-लिखने और शब्द-विन्यास में कठिनाई आती है। मुंबई शहर का एक कड़वा सच यह भी है कि काम मिलने के बाद भी कई बार उसके सही दाम नहीं मिलते। फिर भी लोग जुटे रहते हैं कि अनुभव तो मिलेगा। 2006 में मुंबई आए आदित्य ने कबीर खान की काबुल एक्सप्रेस के लिए गीत लिखे और सहायक निर्देशक के रूप में भी कार्य किया। हाल-ए-दिल और डैडी कूल, प्रियदर्शन की आक्रोश और तेज में काम के दौरान आदित्य अपनी फिल्म बनाने के ख्वाब भी देखते रहे। कई बार उनकी कहानियां चोरी हुईं और बात बनते-बनते बिगड़ गई। 2016 में आदित्य की किस्मत ने पलटी खाई, जब करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के लिए वे फवाद खान के साथ अपनी पहली फिल्म 'रात बाकी' बनाने वाले थे। उसी दौर में उड़ी में आतंकी हमला हो गया। भारत में पाकिस्तानी कलाकारों पर पाबंदी लगा दी गई और आदित्य वह फिल्म बनाने से वंचित रह गए।

उड़ी हमले के कुछ ही दिन बाद भारतीय सेना ने सीमा पार करके सर्जिकल स्ट्राइक कर भारी संख्या में पाकिस्तानी आतंकवादियों का सफाया कर दिया। इस सर्जिकल स्ट्राइक ने सहसा आदित्य धर को अपने अवसाद से निकलकर अपनी पहली फिल्म बनाने की प्रेरणा दी। अपने निजी खर्च से छह महीनों के शोध के बाद उन्होंने 12 दिन में उड़ी की पटकथा लिख डाली और बाकी जो हुआ, वह इतिहास का हिस्सा है। उनकी फिल्म की एक पंक्ति 'हाउ इज द जोश' उस समय एक तरह से राष्ट्रीय-संवाद बन गया था। इसमें कोई संदेह नहीं कि आदित्य अपने सिनेमा से मुख्यधारा वाले सिनेमा से जुड़े यथास्थितिवाद को तोड़ते हैं। उड़ी और धुरंधर मात्र दो फिल्मों से आदित्य धर ने फिल्मकार होने के मायने बदल दिए हैं। फिल्मकार अब नियंता न होकर एक संश्लेषक (सिंथेसाइजर) है जो फिल्म के हर कलाकार को सामर्थ्यवान बनाता है। उसकी उपस्थिति में रचना होती है। एक सिनेकार निर्देशक कम मार्गदर्शक ज्यादा है। वह स्थितप्रज्ञ है। रचना को साकार होते हुए देखता है। एक अच्छी फिल्म नियंत्रण के बजाय विश्वास से बनती है और धुरंधर उसकी सबसे बड़ी बानगी है।

(लेखक फिल्मकार और बीबीसी के पूर्व प्रसारक हैं)

response@jagran.com

## ऊर्जा

### शक्ति- साधना का उत्सव

भारतीय कालगणना के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नववर्ष का प्रथम प्रहर है। शास्त्रों के अनुसार इसी दिन त्रेतायुग में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक हुआ था। महर्षि वाल्मीकि ने इसी दिन रामायण लिखने का संकल्प लिया। चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ भी इसी पुण्य दिवस से होता है। मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना इन नौ दिनों में की जाती है, जो शक्ति, साधना और संयम का सम्मिलित उत्सव है। गुड़ी पड़वा, उगादि, नवरेह और चेटीचंड जैसे विभिन्न नामों से यह पर्व देश के कोने-कोने में मनाया जाता है। इस विविधता में एकता का जो सूत्र है, वही भारत की असली शक्ति है। यह पर्व इस राष्ट्र की समरस सांस्कृतिक चेतना का उत्सव है।

भारतीय ऋषियों ने ऋतु परिवर्तन, नक्षत्र गति और सौर मंडल की स्थिति के गहन अध्ययन के बाद इस दिन को नववर्ष के रूप में निर्धारित किया था। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर नवसंवत्सर का उद्घोष पूर्णतः वैज्ञानिक आधार पर टिका है। इस समय वसंत ऋतु चरम पर होती है। दिन और रात लगभग बराबर होते हैं और सूर्य उत्तरायण की यात्रा पर होते हैं। रबी की फसल तैयार होती है और किसान की झोली भर जाती है।

लोग 1 जनवरी को नए साल के रूप में मनाते हैं तो प्रायः अपने विक्रम संवत को भूल जाते हैं। यह एक तरह की सांस्कृतिक विस्मृति की वह निशानी है, जिसकी जड़ें औपनिवेशिक शासन से जुड़ी हैं, किंतु अब परिस्थितियां बदल रही हैं। देश में एक नई सांस्कृतिक जागृति का स्वर उठ रहा है और युवा पीढ़ी अपनी परंपराओं के प्रति गर्व का अनुभव करने लगी है। नवचेतना का यह उदय शुभ संकेत है। हमारे पूर्वजों ने एक समृद्ध जीवनदृष्टि विकसित की थी। उस दृष्टि में समाज, परिवार, प्रकृति और परमात्मा के बीच का संतुलन था। आज जब विश्व तमाम समस्याओं से जूझ रहा है, तब भारतीय जीवनदर्शन की प्रासंगिकता और बढ़ गई है।

देवेंद्रराज सुथार

## पाठकनामा

pathaknama@nda .jagran.com

### राजनीतिक मूल्यों का क्षरण

'राजनीति का दूसरा नाम अवसरवाद' शीर्षक से लिखे आलेख में राजीव सचान ने विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं की दरकती दलीय निष्ठा पर जो प्रश्नचिह्न लगाया है, वह कांग्रेस जैसे राष्ट्रीय दलों के लिए विचारणीय होना चाहिए। हालांकि कोई भी राजनीतिक दल इस पर गंभीरता से विचार करेगा, इसकी संभावना इसलिए नहीं दिखती, क्योंकि अब राजनीतिक अवसरवादिता को नियंत्रित कर पाना किसी भी राजनीतिक दल के बस की बात नहीं रही। अब विपक्षी दलों के चुने हुए अधिकांश सांसद और विधायक येन-केन-प्रकारेण सत्ता पक्ष के साथ गठजोड़ कर अपना उल्लू सीधा करने के पक्ष में रहते हैं। इसके मूल में मलाईदार पदों पर प्रतिष्ठित होकर अपने हितों की पूर्ति ही प्राथमिकता होती है। अपवादस्वरूप कुछ ही ईमानदार राजनेता विचारधारा से बंधे रहकर अपनी दलीय निष्ठा को सर्वोपरि रख पाते हैं। ऐसे नेता अपनी पार्टी और सर्वसमाज के लिए आदर के पात्र बन जाते हैं। अभी हाल में हुए तीन राज्यों बिहार, हरियाणा और ओडिशा के राज्यसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस सहित अन्य दलों के विधायकों ने जिस तरह से क्रास वोटिंग करके अपने विरोधी दलों को लाभ पहुंचाने की कोशिश की, वह राजनीतिक मूल्यों के क्षरण का ताजा उदाहरण है। भारतीय राजनीति की यह विद्रूपता दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को शर्मसार करने के साथ राजनीतिक भ्रष्टाचार की जड़ों को मजबूत कर रही है, पर इसकी परवाह न तो चुनाव के वक्त 'राजनीतिक खेला' करने वाले सत्ता पक्ष को है और न ही विपक्षी दलों के अवसरवादी नेताओं को। भारतीय राजनीति के साथ होने वाले इस भद्दे मजाक पर लगाम लगाने के लिए कठोर आचार संहिता की जरूरत है, जिसका उल्लंघन दंडनीय अपराध माना जाए।

डा. वीपी पाण्डेय, अलीगढ़

### बढ़ा मोदी का कद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के ऐसे पहले प्रधानमंत्री हैं, जिनके परिवार का एक भी सदस्य राजनीति में नहीं है। घपले-घोटालों जैसे घृणित शब्द उनके दामन पर थाम नहीं सके हैं। 28 देशों का सर्वोच्च सम्मान प्राप्त करना किसी भी देश के लिए सम्मान का विषय हो सकता है। भारत को विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना देना और 2029 तक तीसरी अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर होना निश्चित ही राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत को परिभाषित करता है। विदेशी निवेश को आकर्षित करना, विशाल स्तर पर सड़कों का निर्माण, कर प्रणाली को सरल बनाना, अकूत विदेशी मुद्रा भंडार का होना, द्रुतगति से बढ़ती अर्थव्यवस्था के बावजूद विपक्षी दलों द्वारा कहा जाता है कि चौकीदार चोर है। विदेश नीति विफल है। मोदी तेरी कब्र खुदेगी। न जाने विपक्षी दलों द्वारा समय-समय पर कितनी भद्दी गालियां दी जा चुकी हैं। आज मोदी की स्वतंत्र विदेश नीति और कुशल कार्यशैली की वजह से ही जलडमरूमध्य मार्ग से एलपीजी और तेल का आगमन हो पाया है। जिससे पूरा विपक्षी दल व विश्व स्तब्ध है। निस्संदेह आज मोदी राजनीति के ब्रांड एंबेसडर बन चुके हैं। विपक्षी दलों को सकारात्मक राजनीति सबक सिखना चाहिए।

दीपक गौतम, सोनीपत

### इंसानियत हुई शर्मसार

काबुल की उस रात को शायद ही कोई भूल पाएगा, जब आसमान से बरसती आग ने इंसानियत को झकझोर कर रख दिया। रमजान का पवित्र महीना चल रहा है, जब लोग इबादत और सब्र के साथ अपने दिन गुजार रहे थे। उसी समय अचानक लड़ाकू विमानों की गूंज ने पूरे शहर को दहशत में डाल दिया। कुछ ही पलों में जोरदार धमाकों ने एक बड़े नशा मुक्ति अस्पताल को मलबे में बदल दिया। जहां जिंदगी को बचाने की कोशिशें होती थीं, वहीं अब मौत का सन्नाटा पसरा हुआ था। यह घटना केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं बल्कि मानवता के खिलाफ एक गहरी चोट बनकर सामने आई है। बताया जा रहा है कि इस हमले में सैकड़ों बेगुनाह लोगों की जान चली गई और बड़ी संख्या में लोग घायल हो गए। अस्पताल में उस समय हजारों मरीज मौजूद थे, जो अपने जीवन को सुधारने की उम्मीद लेकर वहां आए थे। लेकिन किसे पता था कि वही जगह उनकी आखिरी मंजिल बन जाएगी। घायलों की चीखें मलबे में दबे लोगों की मदद की पुकार और चारों तरफ फैली तबाही ने इस घटना को और भी भयावह बना दिया। यह दृश्य किसी युद्ध क्षेत्र से कम नहीं था। तालिबान सरकार ने पाकिस्तान के इस हमले को नरसंहार करार दिया है और कहा है कि यह सीधा हमला अफगानिस्तान की संप्रभुता पर है। उनके अनुसार यह हमला किसी भी मानवीय सिद्धांत के खिलाफ है और इसका जवाब दिया जाएगा।

कांतिलाल मांडोत, नई दिल्ली

## पोस्ट

नाटो सहयोगियों ने ट्रंप को यही संकेत दिए हैं कि यह आपकी छेड़ी हुई लड़ाई है, आपका निर्णय और आपकी समस्या है। नजम अली@NajamAli2020

विश्व में अमेरिका के पास सबसे शक्तिशाली नौसेना है। इसके बावजूद होर्मुज जलमार्ग को खुलवाने के लिए ट्रंप पता नहीं क्यों दूसरों से मदद मांग रहे हैं?

माइकल मैकफाल@McFaul

खाड़ी संकट सबक है कि भारत को तेल और गैस पर निर्भरता घटाने के क्रम में तूफानी तेजी लानी है। बिजली परियोजना-चाहे वह कोयले से हो, बांध से हो, सोलर हो, न्यूक्लियर हो, उसमें अड़चन डालने वाले वामपंथियों, विदेशी एनजीओ और उनके वकीलों का देश बहिष्कार करे। दिलीप मंडल@Profdilipmandal



भूपेन बोरा के बाद प्रद्युत बोरदोलोई ने भी चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस छोड़ दी। इससे कई सवाल उठे हैं। क्या यह आलाकमान के स्तर पर नेतृत्व का संकट है या प्रियंका गांधी वाड्रा असम के प्रभार को ढंग से संभाल नहीं पा रही हैं? कुल मिलाकर राज्य में कांग्रेस के लिए संकेत अच्छे नहीं दिख रहे। अमन शर्मा@AmanKayamHai_

## जनपथ

जासूसी का है रचा कितना तगड़ा जाल,
कर रक्खा मोसाद ने बुरा बहुत ही हाल।
बुरा बहुत ही हाल मरें नेता ईरानी,
जो लेता है चार्ज उसी की खत्म कहानी!
रखिए बंद जुबान न करिए कानाफूसी,
दीवारें भी आज कर रही हैं जासूसी।

- ओमप्रकाश तिवारी

## कह के रहेंगे

माधव जोशी




## जागरण जनमत

कल का परिणाम

**क्या काबुल में अस्पताल पर हमले के लिए इस्लामिक देशों के संगठन को पाकिस्तान की निंदा करनी चाहिए?**




### आज का सवाल

क्या असम में कांग्रेस नेताओं के पार्टी छोड़ने से उसकी चुनावी संभावनाएं कमजोर हो रही हैं?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है। सभी आंकड़े प्रतिशत में।

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन. नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा जागरण प्रकाशन लि. के लिए डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित एवं 501, आई.एन.एस.बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित
संपादक (दिल्ली एनसीआर) -विष्णु प्रकाश त्रिपाठी दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No 50755/90 समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई शुल्क अतिरिक्त। वर्ष 36 अंक 243




**2021** में बंकर बस्टर बम का पहला परीक्षण अमेरिका ने 35,000 फीट की ऊंचाई से किया था।



# होर्मुज की 'चाबी' है केशम द्वीप, जहां से ईरान साध रहा निशाना

- केशम द्वीप बना ईरान का सामरिक किला, जमीन के नीचे 'मिसाइल सिटी' से समुद्र तक नियंत्रण
- सस्ते ड्रोन और मिसाइलों से महंगी नौसैनिक ताकत को चुनौती, होर्मुज मार्ग पर बढ़ा खतरा

**नई दिल्ली, जेएनएन :** पश्चिम एशिया में जारी टकराव के बीच ईरान का केशम द्वीप अचानक वैश्विक रणनीति के केंद्र में आ गया है। होर्मुज स्ट्रेट के ठीक मुहाने पर स्थित यह द्वीप न केवल भौगोलिक रूप से अहम है, बल्कि सैन्य दृष्टि से भी ईरान के लिए एक मजबूत किले की तरह काम कर रहा है। अमेरिका द्वारा सात मार्च को केशम द्वीप पर स्थित एक मीठे पानी के डिसेलिनेशन प्लांट पर हमले के बाद इसकी अहमियत और भी बढ़ गई। इस प्लांट से आसपास के करीब 30 गांवों को पानी की आपूर्ति होती थी। इस हमले को कई विशेषज्ञों ने रेड लाइन पार करना बताया।

**होर्मुज पर पकड़ का केंद्र:** केशम फारस की खाड़ी का सबसे बड़ा द्वीप है, जिसकी आबादी करीब 1.5 लाख है और क्षेत्रफल लगभग 1,500 वर्ग किलोमीटर। इसकी सबसे बड़ी ताकत इसकी लोकेशन है यह ठीक उस जगह स्थित है, जहां फारस की खाड़ी होर्मुज स्ट्रेट से मिलती है। होर्मुज स्ट्रेट अपने सबसे संकरे हिस्से में सिर्फ 33 किलोमीटर चौड़ा है, लेकिन जहाजों के लिए इस्तेमाल होने वाले रास्ते इससे भी कहीं संकरे हैं करीब 3.2 किलोमीटर का एक चैनल अंदर जाने के लिए और उतना ही बाहर आने के लिए। ऐसे में केशम की स्थिति ईरान को यह क्षमता देती है कि वह यहां से गुजरने वाले हर जहाज पर नजर रख सके और जरूरत पड़ने पर बहुत कम समय में हमला भी कर सके।

**अमेरिका के सामने चुनौती:** अमेरिका ने होर्मुज को फिर से खोलने की बात कही है और यहां तक कि नौसैनिक काफिलों के जरिए जहाजों को सुरक्षित ले जाने की योजना भी सामने आई। लेकिन केशम द्वीप की भौगोलिक स्थिति और वहां मौजूद मिसाइल, ड्रोन और माइंस का जाल इस योजना को बेहद चुनौतीपूर्ण बना देता है।


ईरान का केशम द्वीप ● फाइल फोटो/रायटर

### 'मिसाइल सिटी' : जमीन के नीचे बना खतरनाक जाल

विशेषज्ञों के अनुसार केशम द्वीप ईरान की असिमेट्रिक वारफेयर रणनीति का अहम हिस्सा है। हाल ही में जारी एक वीडियो में यहां जमीन के नीचे बने एक विशाल नेटवर्क को दिखाया गया, जिसे मिसाइल सिटी कहा जा रहा है। इस भूमिगत ठिकाने में बड़ी संख्या में एंटी-शिप मिसाइलें, नौसैनिक ड्रोन और समुद्री बारूदी सुरंगें (माइंस) रखी गई हैं। 'सुसाइड स्पीडबोट' और समुद्री ड्रोन का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। हाल के हमलों में ऐसे ही ड्रोन ने तेल टैंकरों को निशाना बनाया, जिससे यह साफ संकेत गया कि ईरान होर्मुज के समुद्री रास्तों को नियंत्रित करने की क्षमता रखता है।

# 5,000 पाउंड के बंकर बस्टर से ईरान के गढ़ पर हमला

- जमीन के भीतर बने ठिकानों को अमेरिका ने बनाया निशाना
- एंटी-शिप क्रूज मिसाइलें जहाजों के लिए बनी थीं गंभीर खतरा



**नई दिल्ली, जागरण न्यूज नेटवर्क :** पश्चिम एशिया में तेजी से बिगड़ते हालात के बीच अमेरिका ने ईरान के खिलाफ ऐसा सैन्य हमला किया है, जिसने आधुनिक युद्ध की दिशा साफ कर दी है। होर्मुज स्ट्रेट के पास स्थित ईरान के गहरे भूमिगत मिसाइल ठिकानों को निशाना बनाते हुए अमेरिकी सेना ने 5,000 पाउंड (करीब 2,267 किलोग्राम) वजनी 'डीप पेनिट्रेटर' यानी बंकर बस्टर बमों का इस्तेमाल किया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकाम) के मुताबिक, इन हमलों में ईरान के तटीय इलाकों में मौजूद हार्डन्ड यानी बेहद मजबूत मिसाइल साइट्स को निशाना बनाया गया। इन ठिकानों पर तैनात एंटी-शिप क्रूज मिसाइलें होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले अंतरराष्ट्रीय जहाजों के लिए गंभीर खतरा बन चुकी थीं।

**क्या है बंकर बस्टर जो जमीन के नीचे भी नहीं छोड़ता सुरक्षित:** अमेरिका ने इस हमले में जिस हथियार का इस्तेमाल किया, वह है जीबीयू-72 एडवांस 5 के पेनिट्रेटर एक ऐसा बम, जो दुश्मन के सबसे सुरक्षित और गहराई में छिपे ठिकानों को भी निशाना बना सकता है। करीब पांच हजार पाउंड वजनी यह बम पुराने जीबीयू-28 का उन्नत संस्करण है। यह सतह पर विस्फोट नहीं करता, बल्कि पहले कंक्रीट और जमीन की परतों को चीरते हुए अंदर तक पहुंचता है और फिर भीतर ही विस्फोट करता है। इसकी वजह से बंकर, सुरंग और भूमिगत ठिकाने भी इससे नहीं बच पाते।

**कैसे करता है काम:** इसे फाइटर जेट या बाम्बर विमान से ऊंचाई से गिराया जाता है। भारी वजन और तेज रफ्तार के कारण यह मोटी कंक्रीट को भेद देता है। जैसे ही यह पर्याप्त गहराई तक पहुंचता है, इसका वारहेड फटता है और अंदर छिपी संरचना को पूरी तरह तबाह कर देता है।

**तकनीक में आगे, मार में और भी घातक:** जीबीयू-72 को आधुनिक माडलिंग और सिमुलेशन तकनीक से तैयार किया गया है। यानी इसके निर्माण से पहले ही कंप्यूटर पर इसकी पूरी क्षमता का परीक्षण किया गया। इसमें संशोधित टेल किट लगी है, जो इसे सटीक दिशा में ले जाती है। यह तकनीक पहले दो हजार पाउंड के बमों में इस्तेमाल होती थी, जिसे अब पांच हजार पाउंड के इस भारी हथियार के लिए विकसित किया गया है।

**टेस्टिंग में भी साबित हुआ दम:** इस बम का पहला परीक्षण 2021 में 35,000 फीट की ऊंचाई से किया गया था। फ्लोरिडा के एग्लिन एयर फोर्स बेस पर इसके हर पहलू रिलीज, उड़ान और विस्फोट को परखा गया। जमीनी परीक्षणों में इसका बड़ा विस्फोट किया गया, जिसे उस क्षेत्र का सबसे बड़ा ओपन-एयर ब्लास्ट माना गया।

जीबीयू-72 को एफ-15ई स्ट्राइक ईगल जैसे फाइटर जेट और बी-1बी जैसे बाम्बर विमानों से गिराया जा सकता है। इसकी कीमत करीब 2.4 करोड़ रुपये (लगभग 2.88 लाख डालर) है।

# लारीजानी के मारे जाने की पुष्टि, ईरान ने बलिदानी बताया

## हमले के दौरान बेटी के घर पर मौजूद थे


ईरान के सुरक्षा प्रमुख अली लारीजानी की अंतिम यात्रा के दौरान बुधवार को एंघेलाब स्क्वायर पर इकट्ठा हुए लोग ● रायटर

**जागरण न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली:** इजरायल-अमेरिका के साथ युद्ध में ईरान को सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने के बाद एक और बड़ा झटका लगा है। उसके सुरक्षा प्रमुख अली लारीजानी को मार गिराया गया है। उन्हें खामेनेई के बाद दूसरा सबसे ताकतवर नेता माना जाता था। हालांकि लारीजानी को हवाई हमले में निशाना बनाना इजरायल के लिए आसान नहीं था, क्योंकि वह खामेनेई के मारे जाने के बाद लगातार लोकेशन बदल रहे थे। इजरायल उनका पता लगाने में उस समय सफल हो गया, जब वह अपनी बेटी के घर पहुंचे थे।

**ईरानी मीडिया के अनुसार,** 67 वर्षीय लारीजानी देश की आंतरिक सुरक्षा और रक्षा रणनीति की जिम्मेदारी संभालते थे। ईरान ने उनके मारे जाने की पुष्टि की है और बलिदानी बताया है। मध्य तेहरान में 16-17 मार्च की दरमियानी रात के दौरान किए गए हमले में अर्धसैनिक बसीज फोर्स के कमांडर जनरल गुलामरेजा सुलेमानी भी मारे गए।

**इस तरह लोकेशन का पता चला:** ईरान इंटरनेशनल ने एक इजरायली अधिकारी के हवाले से बताया कि इजरायली खुफिया सेवाओं को लारीजानी के ठिकाने के बारे में तेहरान के निवासियों से इनपुट मिला था। स्थानीय निवासियों से जानकारी मिलने से मारना मुमकिन हुआ। हमले में उनका बेटा, एक डिप्टी और कई सुरक्षाकर्मी भी मारे गए।

### लारीजानी के अंतिम संस्कार में उमड़े लोग

तेहरान में लारीजानी और अन्य मारे गए लोगों के अंतिम संस्कार के लिए हजारों लोग सड़कों पर उतरे। ईरान ने लारीजानी की हत्या का बदला इजरायल पर मिसाइलें दागकर लिया। तेहरान ने कहा कि उसने रातभर इजरायल के तेल अवीव, हाइफा व बीरशेबा पर और बहरीन, इराक, जार्डन, कुवैत, सऊदी अरब और यूएई में अमेरिकी ठिकानों पर हमले किए।

## दुनिया के सबसे बड़े पार्स गैस क्षेत्र पर हमले से बौखलाया ईरान

- वैश्विक तेल बाजार में हाहाकार, कीमतें छह प्रतिशत से ज्यादा बढ़ीं
- एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाने नए चरण में पहुंची जंग

**जागरण न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली:** अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमले जारी हैं। बुधवार को ईरान के विशाल पार्स गैस क्षेत्र पर हमला हुआ। यह इस युद्ध के दौरान ईरान के खाड़ी में स्थित एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर हुआ पहला हमला है। इसके जवाब में ईरान ने चेतावनी दी है कि वह सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और कतर में तेल और गैस के प्रतिष्ठानों पर हमले करेगा। बुधवार को उसने सऊदी अरब के उस प्रांत पर हमले किए जिसमें कई तेल क्षेत्र मौजूद हैं। सऊदी अरब की राजधानी रियाद में भी बुधवार रात दो तेज धमाकों की आवाजें सुनी गईं। हालांकि सऊदी अरब ने रियाद की तरफ आ रहीं चार बैलिस्टिक मिसाइलों को नष्ट भी कर दिया। इन हमलों के बाद वैश्विक तेल बाजार में हाहाकार मच गया है। तेल की कीमतें छह प्रतिशत से अधिक बढ़कर 110 डालर प्रति बैरल हो गईं और शेयर बाजारों में गिरावट देखी गई। ईरान के मिसाइल हमले में इजरायल की राजधानी तेल अवीव में बेन गुरियन हवाई अड्डे पर तीन निजी विमान भी क्षतिग्रस्त हो गए।

**रायटर के अनुसार,** पार्स दुनिया के सबसे बड़े प्राकृतिक गैस भंडार का ईरानी हिस्सा है। ईरान इसे कतर के साथ साझा करता है। ईरानी समाचार एजेंसी फार्स ने बताया कि गैस टैंकों और रिफाइनरी के कुछ हिस्सों पर हमला हुआ। इजरायली मीडिया ने बताया कि इस हमले को इजरायल ने अमेरिका की सहमति से अंजाम दिया। अमेरिका के करीबी सहयोगी कतर ने भी इस हमले के लिए इजरायल को दोषी ठहराया और अमेरिका की किसी भी भूमिका का जिक्र नहीं किया। इस क्षेत्र में अमेरिका का सबसे बड़ा एयरबेस कतर में ही है। कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इसे एक खतरनाक और गैर-जिम्मेदाराना कृत्य बताया, जिससे वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने भी इस हमले की निंदा की है। जवाब में ईरान ने सऊदी अरब, यूएई और कतर के कई प्रमुख क्षेत्रीय तेल और गैस प्रतिष्ठानों की एक सूची जारी की। उसने कहा कि ये ठिकाने अब सीधे एवं वाजिब लक्ष्य हैं।

उपभोक्ता देशों को उम्मीद थी कि यह रुकावट थोड़े समय के लिए ही रहेगी, बशर्ते उत्पादन इकाइयों को कोई नुकसान न पहुंचे। अमेरिका में डीजल की कीमतें 2022 के बाद पहली बार पांच डालर प्रति गैलन से ऊपर पहुंच गई हैं।

**एएनआइ के अनुसार,** लारीजानी की मौत के बाद ईरान के विदेश मंत्री अराघची ने कहा कि देश की राजनीतिक संरचना मजबूत है। नेतृत्व का कोई अभाव नहीं है।

**प्रेट्र के अनुसार,** विदेश मंत्रालय ने बुधवार को विदेशी मामलों पर संसद की स्थायी समिति को बताया कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच लगभग एक हजार भारतीय अब भी ईरान में हैं।


इजरायल के तटीय शहर नेतान्या के ऊपर ईरानी मिसाइल हमलों के बीच आसमान में राकेटों की लकीरें दिखाई दे रही ● एएफपी

### मोसाद एजेंट को सजा-ए-मौत

ईरान की **समाचार एजेंसी 'मीजान' ने बताया** कि ईरान ने इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद के लिए जासूसी करने के आरोप में एक व्यक्ति को मौत की सजा दी है। उसकी पहचान कुरुश कीवानी के रूप में की गई है। उसने इजरायल को संवेदनशील जगहों की तस्वीरें व जानकारी दी थी।

### लेबनान में इजरायली हमले तेज

इजरायल ने लेबनान पर भी हमले तेज कर दिए हैं। इन हमलों का मकसद ईरान समर्थित हिजबुल्लाह को निशाना बनाना है। मध्य बेरूत के बाचौरा जिले में इजरायल ने एक इमारत को ढहा दिया। इजरायल का कहना था कि इस इमारत का इस्तेमाल हिजबुल्लाह करता था।

### इजरायल के हमले में ईरान के खुफिया मंत्री इस्माइल खतीब की हुई मौत


इस्माइल खतीब

**एपी के अनुसार,** इजरायल ने ईरानी नेताओं को निशाना बनाने का अपना अभियान जारी रखा है और उसने ईरान के खुफिया विभाग के मंत्री इस्माइल खतीब को भी मार गिराया है। ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई ने कहा कि लारीजानी की हत्या के दोषियों को इसकी कीमत चुकानी होगी। इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज के अलावा ईरान ने भी इस्माइल खतीब के मारे जाने की पुष्टि की। काट्ज ने कहा कि ईरान को आगे भी 'बड़े आश्चर्यों' का सामना करना पड़ेगा। ईरान में किसी को भी छूट नहीं है और हर कोई निशाने पर है। उन्होंने बताया कि उन्होंने और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इजरायली सेना को किसी भी वरिष्ठ ईरानी अधिकारी को निशाना बनाने का अधिकार दिया है और इसके लिए अतिरिक्त मंजूरी की आवश्यकता नहीं होगी।

# मोदी और कुवैत के क्राउन प्रिंस ने पश्चिम एशिया पर की चर्चा

**नई दिल्ली, आइएएनएस :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कुवैत के क्राउन प्रिंस शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। इस वार्ता में पश्चिम एशिया की बदलती स्थिति और हालिया घटनाक्रमों पर दोनों नेताओं ने चिंता जताई। मोदी ने फिर दोहराया कि भारत कुवैत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हमलों की निंदा करता है। उन्होंने कुवैत में भारतीय समुदाय की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए क्राउन प्रिंस का धन्यवाद किया। मोदी ने एक्स पर लिखा- ''कुवैत के क्राउन प्रिंस से बात की और उन्हें आगामी ईद के त्योहार की शुभकामनाएं दीं। हमने पश्चिम एशिया की बदलती स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया और हालिया घटनाक्रमों को लेकर चिंताओं को साझा किया। होर्मुज स्ट्रेट में सुरक्षित और स्वतंत्र समुद्री परिवहन सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। हमने सहमति व्यक्त की कि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए निरंतर कूटनीतिक संवाद आवश्यक है। मैंने कुवैत में भारतीय समुदाय की सुरक्षा और कल्याण के लिए उनके निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।'' पिछले दिनों मोदी ने यूएई, इजरायल, ईरान, सऊदी अरब, जार्डन, बहरीन, ओमान और कतर के नेताओं से भी बात की है।


पीएम मोदी और कुवैत के क्राउन प्रिंस

# डोनाल्ड ट्रंप का दावा, परमाणु हथियार बनाने के करीब था ईरान

न्यूयार्क टाइम्स से

**वाशिंगटन:** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर हमले के अपने फैसले को सही ठहराने के लिए फिर दावा किया है कि ईरान परमाणु हथियार बनाने के बेहद करीब पहुंच गया था। वह सबसे पहले इजरायल पर इसका इस्तेमाल करता है और फिर अमेरिका पर। वह हाल के दिनों में अपने इस दावे को कई बार दोहरा चुके हैं। ट्रंप ने कहा, 'वे इसका इस्तेमाल एक घंटे या एक दिन के अंदर कर लेते।' जबकि ईरान में जमीनी सैन्य अभियान के बारे में ट्रंप ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा, 'जमीनी अभियान को लेकर मुझे कोई चिंता नहीं है।' अमेरिकी राष्ट्रपति इस अभियान के बारे में विचार कर रहे हैं।

### नष्ट हुई चीजों को फिर से बनाने में लगेंगे 10 वर्ष : ट्रंप

**एएनआइ के अनुसार,** राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान बहुत अच्छा चल रहा है। इस क्षेत्र में बमबारी के दौरान जो कुछ भी नष्ट हुआ है, उसे फिर से बनाने में कम से कम एक दशक लगेगा।

# पीएनजी को बढ़ावा देने वाले राज्यों को 10% ज्यादा एलपीजी मिलेगी

- राज्यों के लिए वाणिज्यिक एलपीजी की हिस्सेदारी 20 से बढ़ाकर 30% कर दिया जाएगा
- लेकिन, इसके लिए नगर गैस आवंटन को बढ़ावा देने की दिशा में चार बड़े सुधार करने होंगे

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** पश्चिम एशिया संकट के कारण कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति घटकर 20% रह गई है। ऐसे में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने राज्यों को एक अनोखा प्रस्ताव दिया है। यदि राज्य, नगर गैस आवंटन (सीजीडी) को बढ़ावा देने के लिए चार बड़े सुधार करेंगे, तो कमर्शियल सेक्टर को एलपीजी आवंटन मौजूदा 20 से बढ़ाकर 30% कर दिया जाएगा। यह प्रस्ताव मंत्रालय के सचिव डा. नीरज मित्तल के 18 मार्च को जारी पत्र के जरिये दिया है। राज्यों को ये चार सुधार करने होंगे- एक प्रतिशत अतिरिक्त आवंटन के लिए राज्य और जिला स्तर पर सशक्त कमिटी बनाना होगा, जो सीजीडी आवेदनों और शिकायतों का त्वरित निपटारा करेगा। आवंटन दो प्रतिशत बढ़ जाएगा अगर पुराने और नए आवेदनों को 24 घंटे में सिंगल विंडो स्कीम के जरिये तत्काल मंजूरी दी जाएगी। तीन प्रतिशत अतिरिक्त एलपीजी तब मिलेगी जब ''डिग एंड रिस्टोर स्कीम'' शुरू होगी। कोई राज्य सीजीडी नेटवर्क के लिए वार्षिक किराया शून्य कर देता है, तो चार प्रतिशत का आवंटन होगा।

# रूस से चीन जा रहे सात टैंकरों ने किया भारत का रुख

- ऊर्जा संकट के बीच भारत के लिए आई अच्छी खबर
- जहाजों पर नजर रखने वाली कंपनी वोर्टेक्सा से मिली जानकारी

**जागरण न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली:** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध से उत्पन्न ऊर्जा संकट के बीच भारत के लिए एक अच्छी खबर आई है। चीन जा रहे कम से कम सात रूसी तेल टैंकरों ने बीच में ही रास्ता बदल लिया है और अब वे भारत की ओर बढ़ रहे हैं। भारत अपनी ऊर्जा आपूर्ति सुरक्षित करने के लिए नए सिरे से प्रयास रहा है और अमेरिका ने भारत को समुद्र में फंसे रूसी तेल को खरीदने की 30 दिनों की छूट दी है। जहाजों की आवाजाही पर नजर रखने वाली कंपनी वोर्टेक्सा लिमिटेड ने जहाजों के परिवर्तित मार्गों को देखा है।

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इन सात रूसी टैंकरों में मध्यम आकार वाला क्रूड आयल टैंकर 'एक्वा टाइटन' भी है जो 21 मार्च को न्यू मैंगलोर पोर्ट पर पहुंचने वाला है। इस टैंकर में जनवरी के आखिर में बाल्टिक सागर के एक बंदरगाह से तेल भरा गया था और यह मूल रूप से चीन के राइझाओ बंदरगाह जा रहा था। लेकिन इसने मार्च के मध्य में यू-टर्न ले लिया। एक अन्य आयल टैंकर 'स्वेजमैक्स जोऊ जोऊ एन' गुजरात में जामनगर स्थित सिक्का बंदरगाह की ओर बढ़ रहा है और इसके 25 मार्च तक वहां पहुंचने की संभावना है। भारत ने इस वर्ष की शुरुआत में रूसी तेल खरीद में कटौती के बाद एक सप्ताह के भीतर ही तीन करोड़ बैरल कच्चा तेल खरीद लिया है।



भारतीय झंडे वाला जहाज 'जग लाड़की' बुधवार को होर्मुज से मुंद्रा के अदाणी पोर्ट पर पहुंचा ● एएनआइ

### होर्मुज स्ट्रेट पार कर एक और टैंकर पहुंचा भारत

